
ॐ देवी महागौरी नमः
श्वेते वृषे समारूढा श्वेताम्बरधरा शुचिः।
महागौरी शुभं दद्यान्महादेव-प्रमोद-दा॥

दैनिक
# सांध्य प्रकाश
भोपाल की धड़कन

वर्ष 54/ अंक 240/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10
संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल
■आर. एन. आई. 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, शनिवार 05 अप्रैल 2025 भोपाल से प्रकाशित
dainiksandhyaprakash.in

नवरात्रि के आठवें दिन की
शुभकामनाएं
श्वेते वृषे समरूढा
श्वेताम्बराधरा शुचिः।
महागौरी शुभं
दद्यान्महादेवप्रमोददा।।

**सांध्यप्रकाश विशेष**

## अयोध्या में 2 लाख दीप जलेंगे, सरयू के जल से फुहार कराएगी सरकार, मेला लगाया जाएगा





**अयोध्या।** इस बार रामनवमी का पर्व भव्य तरीके से मनाया जाएगा। पहली बार दीपोत्सव का आयोजन होने जा रहा है। अष्टमी और नवमी के दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रहेगी। राम कथा पार्क के बगल पक्की पार्किंग में आयोजित होने वाले इन कार्यक्रमों में देश के नामचीन कलाकारों को आमंत्रित किया गया है। महोत्सव को लेकर तैयारियां पूरी हो गई है। योगी सरकार ड्रोन के जरिए सरयू के जल की फुहार करवाएगी। इससे श्रद्धालुओं को तपती गर्मी में राहत मिलेगी। दीपोत्सव और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का अनूठा संगम दिखाई देगा। इस बार रामनवमी पर अयोध्या में दो लाख से अधिक दीप जलाए जाएंगे। राम कथा पार्क के सामने पक्का घाट व राम की पैड़ी पर ये दीप प्रकाशमान होंगे। यह दीपोत्सव न केवल आध्यात्मिकता का प्रतीक होगा, बल्कि पर्यटकों के लिए भी अनुपम दृश्य प्रस्तुत करेगा। अष्टमी के दिन कनक भवन से एक हेरिटेज वॉक निकाली जाएगी, जो राम कथा पार्क में समाप्त होगी। इस वॉक के जरिए श्रद्धालु और पर्यटक अयोध्या की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को करीब से देख सकेंगे। राम कथा पार्क में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा, जिसमें नृत्य, संगीत और नाटक जैसी प्रस्तुतियां शामिल होंगी।

## ट्रंप दे सकते हैं टैरिफ में छूट, 3 देशों के साथ वार्ता जारी, निभाएंगे भारत से दोस्ती?

**वाशिंगटन/नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत को अपनी नई टैरिफ नीति में कुछ राहत देने के संकेत दिए हैं। सीएनएन की एक रिपोर्ट के मुताबिक, ट्रंप भारत, इजरायल और वियतनाम के प्रतिनिधियों के साथ व्यापारिक समझौतों को लेकर चर्चा कर रहे हैं। यह बातचीत एक अहम समय सीमा से पहले हो रही है। अगर इन तीनों देशों के साथ उनकी वार्ता सफल रही, तो नई टैरिफ व्यवस्था लागू होने से पहले इन देशों को राहत मिल सकती है। वहीं, अगर ऐसा नहीं हुआ, तो इन देशों से आयात होने वाली वस्तुओं पर नए शुल्क लागू हो जाएंगे। रिपोर्ट में कहा गया है कि ट्रंप द्विपक्षीय व्यापार समझौतों पर जोर दे रहे हैं, जो प्रस्तावित शुल्कों को लागू होने से रोक सकते हैं। ट्रंप ने यह चर्चा कुछ चुनिंदा देशों के साथ शुरू की है। हालांकि, चीन और कनाडा ने पहले ही स्पष्ट कर दिया है कि वे इसका जवाबी कदम उठाएंगे। राष्ट्रपति ट्रंप के बेटे एरिक ट्रंप ने सोशल मीडिया पर लिखा, ÷मैं नहीं चाहता कि कोई देश डोनाल्ड ट्रंप के साथ बातचीत करने में सबसे आखिरी हो। जो सबसे पहले बातचीत करेगा, वही फायदे में रहेगा। जो आखिरी होगा, वह निश्चित रूप से नुकसान में रहेगा।



## काशी से मोहन भागवत ने किया एकता का आह्वान श्मशान, मंदिर और पानी सब हिंदुओं के लिए एक हो

**वाराणसी।** आरएसएस के सर संघचालक मोहन भागवत ने कहा कि श्मशान, मंदिर और पानी सब हिंदुओं के लिए एक होना चाहिए। इसी लक्ष्य के साथ संघ कार्य कर रहा है। काशी (वाराणसी) से एकता का आह्वान करते हुए उन्होंने कहा कि हिंदू समाज के सभी पंथ, जाति, समुदाय साथ आएं, यही संघ की परिकल्पना है। संघ प्रमुख शुक्रवार को आईआईटी बीएचयू के जिमखाना मैदान में लगी सायं शाखा में पहुंचे। एक घंटे की शाखा के कार्यक्रमों में शामिल हुए। स्वयंसेवकों को संबोधन के दौरान उनकी जिज्ञासाएं शांत कीं। उन्हें आरएसएस के गठन का उद्देश्य बताया। मोहन भागवत ने कहा कि संघ का उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित करना है। आईआईटी बीएचयू के एक शोध छात्र ने उनसे पूछा कि संघ सौ वर्ष का होने जा रहा है, शताब्दी वर्ष में संघ क्या कार्य करेगा। संघ प्रमुख ने जवाब दिया कि आरएसएस सौ साल से जो कार्य कर रहा है, वही आगे भी करेगा। एक स्वयंसेवक के मुताबिक, आरएसएस प्रमुख ने भारतीय संस्कृति, भारतीय मूल्यों की रक्षा और इसके आदर्शों के प्रसार पर जोर दिया। उन्होंने कुछ छात्रों से यह भी जानने की कोशिश की कि वे इन मुद्दों पर क्या सोचते हैं। बाद में उन्होंने संस्थान के कुछ प्रोफेसरों से भी बातचीत की। इससे पहले मोहन भावगत ने संघ-स्थान पर ध्वज प्रणाम किया। वह शाम 5.30 बजे संघ-स्थान पहुंचे। शाखा शुरू होने के बाद करीब पौन घंटे तक उन्होंने स्वयंसेवकों के विभिन्न खेल देखे, दिशानिर्देश भी दिए। मोहन भागवत ने मैदान में भ्रमण के दौरान स्वयंसेवकों की गतिविधियां देखीं। भागवत ने बीएचयू में लगभग छह दशक पुरानी एक परंपरा



## आरबीआई जारी करेगा 10 और 500 रुपए के नए नोट, गवर्नर मल्होत्रा के होंगे हस्ताक्षर

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआइ) ने एक बार फिर नोटों की नई खेप जारी करने की घोषणा की है। शुक्रवार को केंद्रीय बैंक ने बताया कि महात्मा गांधी (नई) सीरीज के तहत 10 और 500 रुपये के बैंक नोट जल्द ही जारी किए जाएंगे। इन नोटों पर नए गवर्नर संजय मल्होत्रा के हस्ताक्षर होंगे, जो दिसंबर 2024 में शक्तिकांत दास की जगह आरबीआई के गवर्नर बने थे। हालांकि, इन नोटों के डिजाइन में कोई बदलाव नहीं होगा और ये मौजूदा नोटों की तरह ही रहेंगे। साफ किया कि नए नोटों के आने के बाद भी पहले से चल रहे 10 और 500 रुपये के सभी नोट वैध मुद्रा बने रहेंगे। यह कदम नकदी की आपूर्ति को बनाए रखने और बैंकिंग सिस्टम में स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है। गौरतलब है कि पिछले महीने आरबीआई ने 100 और 200 रुपये के नोट भी गवर्नर मल्होत्रा के हस्ताक्षर के साथ जारी करने की घोषणा की थी। नए गवर्नर के कार्यभार संभालने के बाद उनके हस्ताक्षर वाले नोट जारी करना एक सामान्य प्रक्रिया है। केंद्रीय बैंक के बयान के मुताबिक, नए 10 और 500 रुपये के नोट महात्मा गांधी (नई) सीरीज के मौजूदा डिजाइन को ही फॉलो करेंगे। इनमें कोई नया रंग, थीम या सुरक्षा फीचर नहीं जोड़ा जाएगा। यह फैसला नोटों की पहचान और स्वीकार्यता को बनाए रखने के लिए लिया गया है। संजय मल्होत्रा के गवर्नर बनने के बाद यह उनकी पहली बड़ी नोट जारी करने की घोषणा है।






# 21 तोपों की सलामी, गार्ड ऑफ ऑनर पीएम मोदी का हुआ ग्रैंड वेलकम

**कोलंबो।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीन दिवसीय श्रीलंका दौरे पर कोलंबो पहुंचे। कोलंबो में प्रधानमंत्री मोदी का शानदार स्वागत हुआ है। शनिवार सुबह पीएम मोदी का श्रीलंका में औपचारिक स्वागत किया गया। प्रधानमंत्री मोदी को स्वतंत्रता चौक पर गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया और तोपों की सलामी दी गई। श्रीलंका दौरे पर पीएम मोदी के साथ विदेश मंत्री एस जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री भी हैं। पीएम मोदी और राष्ट्रपति दिसानायके के बीच बातचीत में भारत और श्रीलंका के बीच रक्षा, ऊर्जा सुरक्षा और डिजिटलीकरण के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने समेत कई क्षेत्रों में समझौते हो सकते हैं। प्रधानमंत्री मोदी का श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने स्वागत किया। स्वतंत्रता चौक पर पीएम मोदी को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।



### मोदी को मिला मित्र भूषण अवॉर्ड

श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मित्र भूषण अवॉर्ड दिया। मित्र भूषण अवॉर्ड श्रीलंका का गैर-नागरिकों के लिए सर्वोच्च सम्मान है। इससे पहले फिलिस्तीन के नेता महबूब अब्बास और यासर अराफात को यह सम्मान मिल चुका है।



### पहली बार किसी विदेशी नेता का इंडिपेंडेस स्क्वायर पर स्वागत

इससे पहले मोदी को इंडिपेंडेंस स्क्वायर पर गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस दौरान उन्हें तोपों की सलामी भी दी गई। अधिकारियों के मुताबिक पहली बार श्रीलंका ने किसी मेहमान नेता का इंडिपेंडेंस स्क्वायर पर ऐसा भव्य स्वागत किया गया है। इंडिपेंडेंस स्क्वायर श्रीलंका के ब्रिटिश शासन से स्वतंत्रता हासिल करने की स्मृति में बनाया गया है। श्रीलंका में विदेशी नेताओं का स्वागत आमतौर पर राष्ट्रपति भवन, भंडारनायके मेमोरियल इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस हॉल में होता रहा है।









नई दिल्ली में आज भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा और रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से उनके निवास पर मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर विभिन्न समसामयिक विषयों पर सार्थक चर्चा हुई।

## अमित शाह पहुंचे रायपुर

**रायपुर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह रायपुर पहुंचे। उनका विशेष विमान स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट पर उतरा, जहां छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, दोनों डिप्टी सीएम अरुण साव और विजय शर्मा सहित तमाम भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। स्वागत के बाद शाह एयरपोर्ट से सीधे मेफेयर रिसॉर्ट के लिए रवाना होंगे। शाह के इस दौरे को लेकर राज्य में खासा उत्साह है, क्योंकि वे नक्सल उन्मूलन और विकास कार्यों की समीक्षा के लिए छत्तीसगढ़ में हैं।



## बकरियों का शिकार करने के बाद चीता ज्वाला और 4 शावकों को लगी प्यास



**श्योपुर।** कूनो के जंगल में घूम रही मादा चीता ज्वाला और उसके चार शावकों विजयपुर के ऊमरीकलां गांव में छह बकरियों का शिकार किया। ग्रामीण ने इसकी सूचना वन विभाग को दी, तो पूरा अमला पहुंच गया।

अब शिकार के बाद का एक दिलचस्प वीडियो सामने आया है, जब कूनो से गांव में अतिरिक्त टीम भेजी टीम में शामिल वेटनरी डॉक्टर ओंकार अंचल ने चीतों को बहुत करीब जाकर पानी पिलाया। डॉक्टर ओंकार अंचल ने गांव से पानी लेकर चीतों को पिलाया, ताकि भोजन के बाद वे गांव में पानी की तलाश में न जाएं। नीचे देखिए वीडियो।

**बंधी थीं बकरियां, चीतों ने कर दिया हमला-** इससे पहले शुक्रवार शाम खबर आई कि चीजों ने खेल बंधी बकरियों पर हमला किया है। शिकार करने के बाद करीब आधे घंटे तक ज्वाला चीता शावकों संग खेतों में डेरा जमाए रही। शिकार का वीडियो भी ग्रामीणों ने बनाया। इस तरह अचानक गांव में चीतों की आमद और पालतू पशु के शिकार से ग्रामीण भयभीत हैं। डीएफओ थिरूकूलम आर का कहना है कि ट्रेकिंग टीम चीतों की निगरानी कर रही है। गांव में अतिरिक्त टीम भी भेजी गई है। ग्रामीणों से अलर्ट रहने के लिए कहा गया है। शुक्रवार को विजयपुर तहसील क्षेत्र के ऊमरीकलां गांव में मवेशी चरा रहे पशुपालकों को पांच चीता एक साथ खेत में नजर आए। तभी चीतों ने चौहान धाकड़ के खेत में बंधी छह बकरियों पर हमला बोल दिया। ग्रामीण बकरियों को बचाने की योजना बना पाते इससे पहले ही चीतों ने उनका शिकार कर दिया।

## निगम मंडलों में नेताओं के पुनर्वास की सुगबुगाहट

**भोपाल ।** प्रदेश की डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व वाली सरकार में खाली पड़े निगम मंडलों पर नेताओं के पुनर्वास की सुगबुगाहटों से राजधानी भोपाल का सियासी पारा भी गर्मी के मौसम में बढ़ता ही दिखाई देने लगा है। माना जा रहा है कि मध्य प्रदेश भाजपा के नए अध्यक्ष की ताजपोशी के बाद ही निमग मण्डलों में नियुक्ति की बारी आ सकती है। देश की राजनैतिक राजधानी नई दिल्ली के झंडेवालान स्थित संघ मुख्यालय के सूत्रों ने बताया कि दो तीन माहों से मध्य प्रदेश भाजपा के मुखिया की नियुक्ति का मामला टलता आ रहा है। अब यह इसी माह के अंत तक परवान चढ़ सकता है अर्थात मासांत तक प्रदेश भाजपा को नया मुख्यिा मिल सकता है। उधर, नई दिल्ली स्थित भाजपा के केंद्रीय कार्यालय के भरोसेमंद सूत्रों ने बताया कि मध्य प्रदेश के भाजपाध्यक्ष की घोषणा तो काफी पहले ही हो जाती किन्तु 2023 में संपन्न हुए विधान सभा चुनावों के बाद तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की विदाई और डॉ. मोहन यादव के मुख्यमंत्री बनने के बाद शिवराज सिंह चौहान अब चाह रहे हैं कि उनकी पसंद का भाजपाध्यक्ष प्रदेश में बैठे। सूत्रों ने बताया कि संभवतः यही कारण है कि मध्य प्रदेश भाजपा के नए मुखिया की नियुक्ति में विलंब होता जा रहा है। भाजपा में अभी संगठनात्मक चुनाव प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई है और प्रदेश अध्यक्ष की नियुक्ति का मामला तीन माहों से भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व के पास विचाराधीन होने से प्रदेश में निगम मण्डलों सहित अनेक विकास प्राधिकरणों में भी नियुक्ति नहीं हो पा रही है।



सूत्रों ने बताया कि जैसे ही मध्य प्रदेश भाजपा के नए मुखिया की ताजपोशी होगी, उसके बाद वित्त आयोग, बीज विकास निगम, मध्य प्रदेश पाठ्य पुस्तक निगम, मध्य प्रदेश गृह निर्माण मण्डल, नागरिक आपूर्ति निगम, उर्जा विकास निगम, खनिज निगम आदि में नियुक्ति का सिलसिला आरंभ हो जाएगा। इसके अलावा इंदौर, भोपाल, जबलपुर, ग्वालियर आदि विकास प्राधिकरणों में अध्यक्षों की नियुक्तियों के मार्ग भी प्रशस्त हो सकते हैं। इनमें से कुछ को कैबनेट तो कुछ को राज्य मंत्री का दर्जा भी मिल सकता है।

## एक्टर-डायरेक्टर मनोज कुमार पंचतत्व में विलीन

**मुंबई।** एक्टर-डायरेक्टर मनोज कुमार का शनिवार को राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। मुंबई में जुहू स्थित पवनहंस श्मशान घाट पर उनके पार्थिव शरीर को तिरंगे में लपेटकर लाया गया। यहां उन्हें 21 तोपों की सलामी दी गई। उनके बेटे कुणाल गोस्वामी ने मुखाग्नि दी। उनके अंतिम संस्कार में प्रेम चोपड़ा, सलीम खान, सुभाष घई, अमिताभ बच्चन बेटे अभिषेक के साथ शामिल हुए। बता दें कि शुक्रवार को मनोज कुमार का निधन हो गया था। मुंबई के कोकिलाबेन अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांस ली। देशभक्ति की फिल्में बनाने के कारण उन्हें भारत कुमार के नाम से भी जाना जाता है।



## बीएसएफ ने सीमा पर पाकिस्तान से घुसपैठ की कोशिश की नाकाम, एक मार गिराया

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान की तरफ से एक बार फिर से भारतीय सीमा में घुसने की कोशिश की गई, जिसे सीमा सुरक्षा बलों ने नाकाम कर दिया। इस ऑपरेशन में एक घुसपैठिए को मार गिराया गया। पाकिस्तान की तरफ से सीमा पर हिमाकत बढ़ती जा रही है। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के मुताबिक शुक्रवार और शनिवार की दरमयानी रात जम्मू सेक्टर में पाकिस्तान की तरफ से घुसपैठ की कोशिश की जा रही थी। जवानों को जब इसकी भनक लगी तो उन्होंने इस घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया। इस पूरे घटनाक्रम में एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को भी मार गिराया गया है। बीएसएफ के आधिकारिक प्रवक्ता ने बताया कि शुक्रवार देर रात हमारे जवानों के जम्मू सीमा क्षेत्र के पास लगी अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर कुछ संदिग्ध गतिविधि नजर आई जब उन्होंने इस बात पर ध्यान दिया तो वहां पर एक घुसपैठिया सीमा को पार करने की कोशिश कर रहा था।



## अयोध्या में रामनवमी पर प्रभु रामलला के ललाट पर होगा सूर्य तिलक

● दर्शन करने उमड़ेंगे लाखों श्रद्धालु ● रामनवमी के दिन दोपहर ठीक 12 बजे प्रभु श्रीराम का जन्मोत्सव शुरू होगा ● कुल देवता भगवान सूर्य 4 मिनट तक श्रीराम के ललाट पर तिलक करेंगे



**अयोध्या।** अवध क्षेत्र में सरयू तट पर स्थित रामनगरी अयोध्या की सड़कें गुलजार हैं। आम तौर पर यहां भक्तों की तादाद बनी रहती है, लेकिन रामनवमी पर जनसैलाब उमड़ने के आसार हैं। इसकी खास वजह है राम नवमी 2025 पर प्रभु रामलला के ललाट पर होने वाला सूर्य तिलक। 6 अप्रैल को रामनवमी के दिन दोपहर ठीक 12 बजे प्रभु श्रीराम का जन्मोत्सव होगा। इस दौरान कुल देवता भगवान सूर्य कुल 4 मिनट तक प्रभु श्रीराम के ललाट पर सूर्य तिलक करेंगे। रामनवमी पर दिखने वाले इस अद्भुत दृश्य को देखने के लिए लगभग 50 लाख श्रद्धालु उमड़ने के आसार हैं। सीएम योगी की सरकार के निर्देशानुसार अयोध्या का प्रशासनिक महकमा अलर्ट पर है और माकूल प्रबंध किए जा रहे हैं। पूर्वांचल में गोरखपुर, गाजीपुर, वाराणसी आदि जैसे जिलों से आज ही सरकारी बस भर-भरकर अयोध्या के लिए रवाना हो रहीं हैं। सुबह 9.30 बजे से अभिषेक शुरू होगा। 10.30 बजे पट बंद कर प्रभु रामलला का श्रृंगार होगा और10.50 से दर्शन शुरू होंगे। 11.50 पर पट बंद कर ठीक 12 बजे रामलला का जन्म और सूर्य तिलक होगा।

# नवरात्रि में भक्ति भाव से भर देती है चुनरी यात्राः मंत्री कृष्णा गौर

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कृष्णा गौर ने कहा कि चैत्र नवरात्रि के इस पावन अवसर पर जब चारों तरफ मां की आराधना की गूंज सुनाई और दिखाई दे रही है, ऐसे समय में चुनरी यात्रा हम सबको भक्ति भाव से भर देती है। यह बात उन्होंने पुराना शिवनगर जंबूरी मैदान में चुनरी यात्रा में कही। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन में मातृशक्ति की सहभागिता से ही सनातन धर्म दुनिया को राह दिखाने का काम कर रहा है। मातृ शक्तियां 9 दिन के उपवास के बावजूद भी इस चुनरी यात्रा में शामिल हुई है और पैदल मां कंकाली के धाम पहुंचेंगे। मां कंकाली का आशीर्वाद आप सबको अपार कृपा के रूप में मिले। इतनी धूप में नंगे पैर अगर हमारी बहनें मां की आराधना करने जा रही हैं तो उनकी हर मनोकामना मां पूरी करें। प्रकाश मंडल के सभी सहयोगियों को बहुत बधाई बहुत और शुभकामनाए। चुनरी यात्रा के दौरान आयोजक प्रकाश प्रजापति, संतोष गुप्ता, के एल शर्मा, छाया ठाकुर, ममता विश्वकर्मा, मनोहर मेहरा, बृजेश व्यास और सैकड़ों की संख्या में मातृशक्ति मौजूद रही।





## संत नगर में निकाली गई विशाल चुनरी यात्रा

**संत हिरदाराम नगर।** हर साल की तरह इस साल भी संत नगर में भव्य विशाल चुनरी यात्रा निकाली गई। बेहटागांव स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर से प्रारंभ हुई चुनरी यात्रा जो कि संत नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए सीहोर नाका स्थित मां दुर्गा मंदिर पर समाप्त हुई। चुनरी यात्रा विराट श्री मानव सेवा संस्था द्वारा निकाली गई। चुनरी यात्रा में हजारों की संख्या में महिलाएं सम्मिलित हुई, जिन्होंने 151 मीटर लंबी चुनरी को अपने हाथों से स्पर्श किया हुआ था, चुनरी मां दुर्गा माता मंदिर पर चढ़ाई गई। चुनरी यात्रा में प्रमुख रूप से विधायक रामेश्वर शर्मा, जिला उपाध्यक्ष राम बंसल, चन्दू ईसरानी, कमल वीधानी, शेट्टी चंदनानी, लवीन मनसुखानी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।



## सिंधी कॉलोनी चौराहे माता मंदिर से निकली भव्य कलश यात्रा

**भोपाल।** सिंधी कॉलोनी चौराहे माता मंदिर से एक भव्य कलश यात्रा का शुभारंभ किया गया जो इब्राहिम गंज दवा मार्केट होता हुआ हमीदिया रोड दुर्गा मंदिर पर समापन हुआ सैकड़ो की संख्या में महिलाएं एवं पुरुष उपस्थित होकर कलश यात्रा की शोभा बधाई जिसमें 51 किलो पीतल का कलश एवं चार कलश 20-20 किलो के शिखर पर चढ़ाने हेतु पूजन का शोभा यात्रा निकाली गई जिसमें मुख्य रूप से राजेंद्र कुमार सैनी दुर्गा मंदिर के अध्यक्ष राजा भैया पूरन चौरसिया श्री धर्मेंद्र चौरसिया श्री विष्णु राठौर जी श्री नारायण कुशवाह विनोद चौरसिया मोहित चौरसिया अजय राहुल जी नितेश चौरसिया विशेष रूप से उपस्थित हुए नाश्ते गाते हुए बड़े उल्लास के साथ कलश यात्रा निकाल गई।





**श्वेते वृषे समारूढा श्वेताम्बरधरा शुचिः। महागौरी शुभं दद्यान्महादेवप्रमोददा॥ आदिशक्ति माँ दुर्गा की अष्टम स्वरूप, वैभव, सुख एवं समृद्धि की प्रदात्री माँ महागौरी अपनी ममतामयी कृपा से हम सभी को आच्छादित करें। माँ की कृपा से सभी के संकट दूर हों, जीवन मंगलमय हो, यह प्रार्थना है।**

## सिंधी सभ्यता-सुहिणी सभ्यता का प्रतीक होगा इस वर्ष पारिवारिक सिन्धी मेला

**भोपाल।** सिन्धी मेला समिति द्वारा दिनांक 12 एवं 13 अप्रैल को लालघाटी स्थित सुंदरवन गार्डन में दो दिवसीय पारिवारिक सिन्धी मेले का आयोजन किया जा रहा है। सिन्धी मेला समिति का यह आयोजन इस वर्ष अपने 28वे वर्ष में प्रवेश कर रहा है। सिन्धी मेला समिति के अध्यक्ष मनीष दरयानी व महासचिव नरेश तलरेजा ने बताया कि इस मेले की तैयारियों को लेकर कबीर कुटिया में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया जिसमें समस्त साथियों को उनकी ज़िम्मेदारी सौपी गई। इस वर्ष मेले में और भी आकर्षक बनाने के लिए तारक मेहता उल्टा चश्मा के फेम टप्पू सेना गोली, गोगी एवं टप्पू को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। साथ ही हिंदुस्तान में अपनी कला के दम पर अपनी अलग पहचान बना चुकी देसी लेडी गागा (पिंकी मैदासानी, पिकॉक) को भी इस सिंगिंग के लिये आमंत्रित किया गया है, इसके साथ ही युवाओं और बच्चों की पसंद को ध्यान में रखते हुए सिम्फ़ोनी बैंड ( शुभम नाथानी) की प्रस्तुति भी इस वर्ष मेले के आकर्षण का केन्द्र रहेगी। इस वर्ष यह पारिवारिक मेला सिन्धी सभ्यता सुहिणी सभ्यता का प्रतीत होगा, जिसमें सिन्धियत के अनेक रंगो को दर्शाया जायेंगा, साथ ही अपनी सिन्धी सांस्कृति को इस मेले के माध्यम से युवाओं को अवगत कराया जायेगा। मेले की शुरुआत भगवान झूलेलाल के बहिरणा साहिब व द्वीप प्रज्वलन के साथ की जायेगी, साथ ही गीत संगीत मनोरंजन के लिए भी कई कलाकारो को आमंत्रित किया गया है। इसके अलावा बच्चों के मनोरंजन के लिए झूलो के साथ साथ ऊठ और घोड़ों की सवारी, सिन्धी फन क्विज, म्यूजिकल चेयर रेस और छेज (सिन्धी डांडिया) की भी विशेष प्रस्तुति होगी।साथ ही विजेताओं को पुरस्कृत भी किया जाएगा। इसके अलावा सिन्धी व्यंजनों के स्टाल भी इस दो दिवसीय सिन्धी मेले में आकर्षण का केंद्र रहेंगे।

## नवरात्रि में निःशुल्क फलाहार वितरण किया



**भोपाल।** श्री कृष्णा सेवा संकल्प कल्याण समिति द्वारा चैत्र नवरात्रि के उपलक्ष्य में कंकाली मंदिर, मंदिर में आए सभी श्रद्धालुओं को फलाहार वितरण किया गया। इस अवसर पर समिति की अध्यक्ष श्रीमती दीपाली पाण्डेय, सचिव रजनी हलधर एवं सभी गणमान्य पदाधिकारी, सदस्यगण समलित हुए। यह समिति विगत कई वर्षों से स्वयं से सामाजिक एवं धार्मिक कार्य निरंतर कर रही हैं।

## एआईबीईयू कार्यालय में हुई बैठक, मजदूर दिवस पर एक शाम भेल श्रमिकों के नाम के आयोजन पर हुई चर्चा



**भोपाल।** ऑल इंडिया बीएचईएल एम्पलाइज यूनियन संबद्ध निफ्टू कार्यालय पर मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमें 1 अप्रैल को यूनियन द्वारा जारी किए गए पोस्टर जिसमें दी गई कर्मचारियों की विभिन्न मांगो के संबंध में चर्चा की गई एवं आंदोलन की रूपरेखा तैयार की गई। यूनियन के महासचिव रामनारायण गिरी ने संबोधित करते हुए कहा कि हमने प्रबंधन को आश्वाशन दिया था कि 31 मार्च तक हम कोई आंदोलन नहीं करेंगे अब चूंकि प्रोडक्शन का समय समाप्त हो चुका है और बी एच ई एल भोपाल के मेहनतकश कर्मियों ने दिए गए टारगेट को पूरा किया है तो हम आशा करते है कि जल्द से जल्द प्रबंधन कर्मचारियों की समस्याओं की तरफ ध्यान दे नहीं तो यूनियन को आंदोलन की तरफ अग्रसर होना पड़ेगा। यूनियन के मीडिया प्रभारी आशीष सोनी ने बताया की कर्मचारियों की विभिन्न मांगो पर चर्चा के साथ साथ प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी सदस्यता अभियान चलाने एवं मजदूर दिवस पर होने वाले कार्यक्रम एक शाम भेल श्रमिकों के नाम की रूपरेखा तैयार की गई एवं इस वर्ष भी करने का निर्णय लिया गया। आज की बैठक में यूनियन के पदाधिकारी, विभिन्न कमेटियों के सदस्य,शॉप कौंसिल के सदस्य एवं कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## भारतीय जनता पार्टी के आगामी कार्यक्रमों को लेकर संत नगर मंडल की बैठक संपन्न



**संत हिरदाराम नगर।** भाजपा संत नगर मंडल की कामकाजी संगठनात्मक बैठक जिला भाजपा उपाध्यक्ष राम बंसल के मुख्यातिथि में आगामी कार्यक्रमों को लेकर आहुत की गई। जिसमें पार्टी द्वारा दिए गए कार्यक्रमों के क्रियान्वयन के लिए चर्चा हुई। 6 अप्रैल को भाजपा के स्थापना दिवस और आगामी 14 अप्रैल को संविधान निर्माता बाबा भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। इसके अलावा लोकसभा में वक्फ बोर्ड संशोधन कानून के पारित होने पर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं गृह मंत्री अमित शाह का सभी उपस्थित नेतागणों और कार्यकर्ताओं द्वारा आभार व्यक्त किया गया। उन्होंने कहा कि यह कानून निश्चित ही गरीब अल्पसंख्यक वर्ग के लोगों के लिए लाभकारी सिद्ध होगा। बैठक में वरिष्ठ भाजपा नेता सुशील वासवानी, जिला उपाध्यक्ष राहुल राजपूत, जिला मंत्री प्रवीण प्रेमचंदानी, रमेश जनयानी, पूर्व पार्षद माखन सिंह राजपूत, पूर्व मंडल अध्यक्ष चंद्रप्रकाश ईसरानी, पूर्व मंडल अध्यक्ष कमल विधानी, जिला महामंत्री सूरज यादव, बबलू चावला, विकास मारण, शेट्टी चंदनानी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

## एलएनसीटी में 6वीं जूनियर एवं सीनियर राज्य स्तरीय रग्बी प्रतियोगिता का शुभारंभ



**भोपाल।** मध्य प्रदेश रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन द्वारा एलएनसीटी कैंपस रायसेन रोड भोपाल में दूधिया रोशनी में आयोजित की जा रही 6वी जूनियर एवं सीनियर राज्य स्तरीय रग्बी (महिला-पुरुष) प्रतियोगिता का शुभारंभ डॉ. अनुपम चौकसे चेयरमैन रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन मध्यप्रदेश, ने सभी जिलो से आए प्रतिभागियों से परिचय प्राप्त कर शुभकामनाएं प्रेषित की तथा मध्यप्रदेश में रग्बी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सभी जिलों के महिला टीम कैप्टन को प्रोत्साहन स्वरूप रग्बी बॉल प्रदान की गई। इस दौरान पंकज जैन कोषाध्यक्ष, रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन मध्यप्रदेश, संदीप जाधव टेक्निकल डायरेक्टर उपस्थित रहे। खेले गए मुकाबले के परिणाम में जूनियर बालिका वर्ग में देवास ने जबलपुर को 20-00 से, शाजापुर ने रतलाम को 5-0 से, सीहोर ने नर्मदापुरम को 5-0 से, रायसेन ने बैतूल को 10-00 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। जूनियर बालक वर्ग में देवास ने मंदसौर को 25-00 से, शाजापुर ने जबलपुर को 20-00 से, रायसेन ने रतलाम को 10-00 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। सीनियर महिला वर्ग में नर्मदापुरम ने शाजापुर को एकतरफा मुकाबले में 15-00 से, बैतूल ने देवास को 15-00 से, भोपाल ने बुरहानपुर को 10-00 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया।

## पृथ्वी पर जीवन का आरंभ महासागरों से हीः योग गुरु महेश अग्रवाल

**भोपाल।** आदर्श योग आध्यात्मिक केंद्र स्वर्ण जयंती पार्क कोलार रोड़ भोपाल के योग गुरु महेश अग्रवाल कई वर्षो से निःशुल्क योग प्रशिक्षण के द्वारा लोगों को स्वस्थ जीवन जीने की कला सीखा रहें है। वर्तमान में भी ऑनलाइन एवं प्रत्यक्ष माध्यम से यह क्रम अनवरत चल रहा है। योग प्रशिक्षण के दौरान केंद्र पर योग साधकों को जल के महत्व के बारे में बताते हुए नदी तालाब समुद्र एवं महासागर के सरंक्षण के लिए जागरूक किया जाता है। मानव जीवन में महासागरों की महत्वपूर्ण भूमिका और इनके संरक्षण के लिए अनिवार्य प्रयासों के संबंध में वैश्विक जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रतिवर्ष 5 अप्रैल को विश्व समुद्र दिवस मनाया जाता है। योग गुरु महेश अग्रवाल ने बताया कि समुद्र का योग एवं अध्यात्म से गहरा सम्बन्ध है। समुद्र मंथन में छिपे जीवन उपदेश और इस पौराणिक कथा का आध्यात्मिक संबंध है । आध्यात्मिक रूप से देखा जाए तो समुद्र का अर्थ है शरीर , और मंथन से अमृत और विष दोनों निकलते हैं। इस कहानी के किरदार हमारे जीवन से मेल खाते हैं जैसे देवता सकारात्मक सोच और समझ को दर्शाते हैं वहीं असुर नकारात्मक सोच एवं बुराइयों के प्रतीक हैं। समुद्र हमारे दिमाग के समान दिखाया गया है, जिसमें कई तरह के विचारों एवं इच्छाओं की उत्पत्ति होती है और समुद्र की लहरों के समान यह भी समय-समय पर बदल जाती हैं । मंदार पर्वत , अर्थात मन और धार, पर्वत आपकी एकाग्रता को दर्शाता है, क्योंकि यह एक ही दिशा में सोचने की बात कहता है । कथा में कछुए यानी विष्णु जी ने अहंकार को हटा कर समुद्र मंथन का सारा भार अपनी पीठ पर लिया। ऐसे ही हमें भी अहंकार को



हटा कर सबके हित में अथवा एकाग्रता की राह पर चलना चाहिए । विष या हलाहल जीवन से जुड़े दु:ख और परेशानियों का प्रतीक है। विष को पीने वाले महादेव बाधाओं को दूर करना सिखाते हैं । शिव ने हलाहाल का पान किया और वह विष उनका कुछ बिगाड़ नहीं पाया, यह घटना दर्शाती है कि बाहरी मुसीबतों और जीवन की अन्य समस्याओं से बचने के लिए आपका भीतर से मजबूत होना बहुत आवश्यक है।

आपके अंदर का साहस और तेज ही संघर्षों की राह को आसान कर सकता है। मोहिनी यानी ध्यान का भटकना,जो हमें हमारे लक्ष्य से दूर करता है। अमृत हमारे लक्ष्य यानी जीवन के सार को दर्शाता है। मंथन के दौरान पाई जाने वाली वस्तुएं सिद्धियों की प्रतीक हैं। यह सिद्धियां भौतिक दु:ख दूर करने के बाद प्राप्त होती हैं।

समुद्र मंथन का प्रतीक दर्शन यही है कि परिस्थितियां कितनी भी बुरी क्यों न हों कभी भी निराश नहीं होना चाहिए। कोई न कोई मार्ग अवश्य निकल आता है और स्थिति पहले जैसी हो जाती है। समुद्र के किनारे बैठकर ध्यान करने से मन शांत होता है और एकाग्रता बढ़ती है। समुद्र के किनारे प्राणायाम करने से शरीर और मन को ऊर्जा मिलती है। समुद्र के किनारे योग आसन करने से शरीर को लचीलापन और शक्ति मिलती है। समुद्र के किनारे बैठकर आध्यात्मिक अनुभव प्राप्त करने से आत्म-ज्ञान और आत्म-विकास होता है। समुद्र के किनारे ध्यान और चिंतन करने से जीवन के उद्देश्य और अर्थ को समझने में मदद मिलती है। समुद्र को प्रकृति की एक शक्तिशाली और पवित्र शक्ति के रूप में पूजा जाता है।

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आनंदपुर धाम में प्रधानमंत्री मोदी की प्रस्तावित यात्रा की तैयारियों का लिया जायजा

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के अशोकनगर के ईसागढ़ स्थित आनंदपुर धाम में 11 अप्रैल 2025 को प्रस्तावित भ्रमण की तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने हेलीपैड स्थल, सुरक्षा व्यवस्था, रूट चार्ट, मंदिरों के दर्शन स्थल, पूजा स्थान तथा सत्संग स्थल का निरीक्षण कर जानकारी ली। साथ ही अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने आनंदपुर धाम स्थित श्री परमहंस अद्वैत मत, श्री आनंद शांति कुंज, श्री आनंद शांति भवन, श्री आनंद सरोवर एवं श्री आनंद शांति धाम पहुंचकर दर्शन किये गये।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने श्री आनंदपुर धाम स्थित मंदिरों में पहुंचकर पूजा-अर्चना की। उन्होंने श्री आनंद सरोवर के पवित्र जल में पुष्प अर्पित कर आशीर्वाद लिया और प्रसाद ग्रहण किया। उन्होंने श्री आनंदपुर धाम की महिमा को गरिमामय बताते हुए कहा कि यहां पहुंचने पर सुखद अनुभूति होती है।

**बैसाखी पर लगेगा वार्षिक मेला:** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बैसाखी पर लगने वाले वार्षिक मेले में आने वाले अनुयायियों एवं दर्शनार्थियों के लिये सभी आवश्यक व्यवस्थाएं बेहतर करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि श्री आनंदपुर सत्संग आश्रम श्री परमहंस अद्वैत मत का भक्ति परमार्थ का प्रमुख केन्द्र तथा एक महान तीर्थ स्थल एवं अथाह ज्ञान व आत्मिक विद्या का अतुलनीय भंडार है। यहां पर श्री आनंद सरोवर की तरल छटा निराली है तथा परिधि में पूजा स्थलों का अनोखा संगम है। इस पवित्र स्थल पर आकर मन को शांति तथा आत्म ज्ञान को बल मिलता है। नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा एवं प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला, विधायक चंदेरी जगन्नाथ सिंह रघुवंशी, विधायक मुंगावली बृजेंद्र सिंह यादव, पूर्व विधायक अशोकनगर श्री जजपाल सिंह जज्जी, आलोक तिवारी सहित जनप्रतिनिधि, ट्रस्ट के महात्मा, अनुयायी एवं पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारी उपस्थित थे।

## उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने मां चामुंडा एवं मां तुलजा भवानी के दर्शन कर पूजा अर्चना की



**सभी को सुखी और निरोगी रखने की मां से की प्रार्थना**

**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने देवास में माताजी की टेकरी पहुंचकर माँ चामुण्डा एवं माँ तुलजा भवानी के दर्शन कर विधि-विधान से पूजा अर्चना की और प्रदेश की जनता की सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने माताजी से सभी को सुखी और निरोगी रखने की प्रार्थना की। जिले में आगमन पर उप मुख्यमंत्री शुक्ल का स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा माताजी की तस्वीर भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर कलेक्टर ऋतुराज सिंह, एएसपी जयवीर सिंह भदौरिया, महापौर प्रतिनिधि दुर्गेश अग्रवाल, रायसिंह सेंधव, राजेश यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारीगण उपस्थित थे।

## विद्यार्थी स्वयं को तपाकर जीवन में प्रगति के मार्ग पर अग्रसर होता है: मंत्री प्रहलाद पटेल



**भोपाल।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि नई शिक्षा नीति 2020 के कैलेंडर सत्र के अनुसार स्कूल अब जुलाई के बजाय अप्रैल में खुलने लगे हैं। गर्मी का यह समय जरूर है लेकिन विद्यार्थी के लिए यही तप का समय है जो आपको जीवन में प्रगति के पथ पर लेकर जाएगा।पहले के समय में बच्चे टाट पट्टी पर बैठकर पढ़ाई करते थे, अब जो संसाधन स्कूलों में उपलब्ध है वह उस दौरान नहीं हुआ करते थे। समय के साथ बदलाव हुआ है। मंत्री श्री पटेल जिले के गोटेगांव विकासखंड के अंतर्गत आने वाले पीएम श्री उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खमरिया एवं शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय गोटेगाँव में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।मंत्री श्री पटेल ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी चौ. जुगल सिंह पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्होंने ने विद्यार्थियों को निःशुल्क पाठ्य-पुस्तकों का वितरण किया। इस अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री श्री जालम सिंह पटेल, पूर्व विधायक श्री हाकम सिंह चढ़ार, अन्य जनप्रतिनिधि, जिला शिक्षा अधिकारी अनिल व्यौहार, अधिकारी- कर्मचारी, विद्यार्थी, अभिभावक व गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

# स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए विकासखंड स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करना ज़रूरी : उप मुख्यमंत्री शुक्ल





### 9 करोड़ 95 लाख रुपए लागत के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घट्टिया का किया भूमि पूजन

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिये विकासखंड स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करना ज़रूरी है। प्रदेश सरकार के द्वारा निरंतर कोशिश की जा रही है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों को सर्व सुविधायुक्त बनाया जाए। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने उज्जैन ज़िले के घट्टिया जनपद पंचायत में 9 करोड़ 95 लाख रुपए की लागत के 50 बिस्तरीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का भूमि पूजन किया। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घट्टिया के लिए पर्याप्त चिकित्सकीय और पैरामेडिकल की भर्ती की जाएगी। सरकार के द्वारा पूरे प्रदेश में चिकित्सा स्टाफ की 30 हज़ार भर्तियां की जाएंगी । हम स्वास्थ्य और शिक्षा को और बेहतर बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। मध्यप्रदेश को देश का अग्रणी राज्य बनाने के लिए हम सभी प्रयासरत हैं। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने निर्माण एजेंसी के अधिकारियों से कहा के भवन का निर्माण गुणवत्ता के साथ किया जाए। साथ ही समय सीमा से पहले ही निर्माण कार्य को पूर्ण करने का प्रयास किया जाए। उल्लेखनीय है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घट्टिया का निर्माण कार्य आगामी 15 महीने में पूर्ण किया जाना है।उन्होंने घट्टिया में एंबुलेंस की मांग को स्वीकार करते हुए कहा कि यहां पर एंबुलेंस की सेवा शीघ्र ही प्रारंभ की जाएगी। क्षेत्र की अन्य आवश्यकताओं के लिए उन्होंने विस्तृत कार्य योजना बना कर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

विधायक सतीश मालवीय ने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घट्टिया से आसपास के 100 गांव लाभान्वित होंगे। पहले आपातकालीन स्थितियों अथवा गंभीर स्वास्थ्य स्थितियों में यहां के लोगों को उज्जैन में जाकर इलाज करवाना पड़ता था, लेकिन घट्टिया में अस्पताल के निर्माण के पश्चात उन्हें उपचार के लिए उज्जैन नहीं जाना पड़ेगा। यहां के स्थानीय लोगों की काफी समय से यह मांग थी की घट्टिया में अस्पताल का निर्माण किया जाए। विधायक मालवीय ने घट्टिया विधानसभा क्षेत्र की ओर से उप मुख्यमंत्री शुक्ल का आभार व्यक्त किया। जिला पंचायत उपाध्यक्ष शिवानी कुंवर, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत घट्टिया भगवान सिंह पंवार सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, सीएमएचओ डॉ अशोक कुमार पटेल, विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## ओबीसी सशक्तीकरण, आरक्षण एवं व्यवसायिक अवसरों पर राहुल गांधी से महत्वपूर्ण बैठक



**भोपाल।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी से एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें ओबीसी सशक्तिकरण, आरक्षण, व्यवसायिक अवसरों एवं सरकारी नीतियों में ओबीसी समुदाय की भागीदारी जैसे प्रमुख विषयों पर गहन चर्चा हुई। इस बैठक में सामाजिक न्याय एवं आर्थिक उत्थान से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। बैठक के दौरान बेकवर्ड क्लसेश इंडियन चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्टी दौरान (बीआईसीसीआई) की भूमिका पर विशेष चर्चा की गई। बीआईसीसीआई ओबीसी उद्यमियों को संगठित कर व्यापार, उद्योग एवं सरकारी योजनाओं में उनकी भागीदारी बढ़ाने की दिशा में कार्य कर रही है। इस संदर्भ में, ओबीसी समाज के आर्थिक विकास को गति देने एवं उन्हें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नए अवसर उपलब्ध कराने की संभावनाओं पर विचार किया गया। राहुल गांधी ने ओबीसी समाज की प्रगति और बीआईसीसीआई द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। उन्होंने आश्वासन दिया कि कांग्रेस पार्टी ओबीसी उद्यमियों एवं व्यवसायियों के सशक्तिकरण के लिए हरसंभव सहयोग प्रदान करेगी।

इस बैठक के सकारात्मक परिणामस्वरूप, यह उम्मीद की जा रही है कि ओबीसी समाज के उत्थान से जुड़े मुद्दों को राष्ट्रीय राजनीतिक एजेंडे में प्राथमिकता के साथ शामिल किया जाएगा, जिससे समाज के हर वर्ग को न्याय एवं समान अवसर प्राप्त हो सके।

## शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों के गृह भाड़ा, यात्रा भत्ता, उच्च पद भत्ता और अनुग्रह राशि के आदेश जारी



**भोपाल।** राज्य शासन ने शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों के गृह भाड़ा, यात्रा भत्ता,उच्च पद भत्ता और अनुग्रह राशि के आदेश जारी कर दिए हैं। यह आदेश मंत्रि-परिषद की बैठक में लिये गये निर्णय के अनुसार राज्य शासन ने जारी किए है। राज्य शासन द्वारा मंत्रि-परिषद की बैठक में लिये गये निर्णय के अनुसार शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों के गृह भाड़ा भत्ता, यात्रा भत्ता, शासकीय चिकित्सालयों में कार्यरत चिकित्सकों को देय अव्यवसायिक भत्ता पुनरीक्षण, स्थायी यात्रा भत्ता, उच्च पद का अतिरिक्त कार्य करने पर दोहरा कार्य भत्ता का पुनरीक्षण और शासकीय सेवक की मृत्यु होने पर देय अनुग्रह राशि (अनुदान) के पुनरीक्षण के आदेश वित्त विभाग द्वारा जारी कर दिये गये हैं।

# बागेश्वर में हिंदू गांव की घोषणा से प्रदेश की राजनीति में हलचल

### कांग्रेस बोली, 'सब धर्मों को मिले अधिकार', भाजपा ने किया पलटवार

**छतरपुर।** बागेश्वर धाम में हिंदू गांव बसाने की घोषणा पर अब राजनीतिक प्रतिक्रिया तेज़ हो गई है। इस मुद्दे पर कांग्रेस प्रवक्ता अब्बास हफीज ने सवाल उठाते हुए कहा कि अगर संविधान धर्म के आधार पर गांव बसाने की इजाज़त देता है, तो फिर उन्हें भी मुस्लिम, ईसाई और सिख समुदायों के लिए अलग-अलग ग्राम बसाने की अनुमति दी जानी चाहिए।

कांग्रेस प्रवक्ता अब्बास हफीज ने शुक्रवार को बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र शास्त्री के ट्वीट को टैग करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से अपनी मांग सार्वजनिक की। दरअसल, शास्त्री ने ट्वीट में घोषणा की थी कि बागेश्वर धाम गढ़ा में देश का पहला हिंदू गांव बसाया जा रहा है, जिसकी आधारशिला रख दी गई है। इस प्रस्तावित गांव में लगभग एक हजार परिवारों को बसाने की योजना है।




**विधायक बोले: किसी को घबराने की जरूरत नहीं:** विधायक रामेश्वर शर्मा ने तीखा हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस के विभाजनकारी इरादों ने ही कभी पाकिस्तान को जन्म दिया था। उन्होंने कहा कि अगर अब कोई जिन्ना की सोच को आगे बढ़ाते हुए पाकिस्तान की बात करेगा, तो ऐसे लोगों के लिए न तो हिंदुस्तान में और न ही दुनिया के किसी कोने में जगह होगी। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि पार्टी पूरी तरह भ्रमित हो चुकी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि हिंदू गांव की कल्पना का उद्देश्य सिर्फ इतना है कि हर व्यक्ति सुरक्षित महसूस करे, और बहन-बेटियां बिना किसी डर के स्वतंत्र रूप से जीवन जी सकें। उन्होंने अपील करते हुए कहा— गलत काम न करें, बेटियों से छेड़छाड़ न हो, तिरंगे का अपमान न किया जाए और सेना पर पत्थरबाज़ी जैसे कृत्य न हों। अगर कोई इन सीमाओं को लांघता है, तो उसे बख्शा नहीं जाएगा।

**रामेश्वर शर्मा का बयान: बंटवारे की सोच अब बर्दाश्त नहीं:** कांग्रेस प्रवक्ता अब्बास हफीज की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए बीजेपी विधायक रामेश्वर शर्मा ने दो टूक कहा कि देश का बंटवारा न पहले मंजूर था, न अब कभी स्वीकार किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि जो भी पाकिस्तान का नाम लेकर देश की अखंडता पर हमला करेगा, उसे सख्त जवाब मिलेगा, ऐसे राष्ट्रविरोधी तत्वों को पूरी तरह खत्म कर दिया जाएगा।

**धीरेंद्र शास्त्री की पहल से बागेश्वर में बन रहा पहला हिंदू गांव:** पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने बुधवार को छतरपुर के गढ़ा क्षेत्र में प्रस्तावित हिंदू ग्राम का भूमिपूजन किया। शास्त्री ने बताया कि इस गांव में करीब 1000 परिवारों के रहने की योजना है। जिस भूमि पर कार्यक्रम आयोजित हुआ, वहीं आसपास एक हजार घरों का निर्माण किया जाएगा। इस परियोजना के लिए ज़मीन बागेश्वर धाम जन सेवा समिति द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी, जबकि निर्माण कार्य की ज़िम्मेदारी बागेश्वर धाम के सेवादार निभाएंगे। भूमिपूजन के अवसर पर पं. धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि हिंदू राष्ट्र की परिकल्पना की शुरुआत हिंदू परिवारों से होती है। जब एक-एक परिवार, समाज और गांव इस विचारधारा को अपनाएंगे, तभी तहसील, जिला और अंततः राज्य स्तर पर हिंदू पहचान मजबूत होगी। इसी क्रम में आगे चलकर हिंदू राष्ट्र की संकल्पना साकार होगी।

### बात करनी है तो बागेश्वरधाम आओ

धीरेंद्र शास्त्री ने कहा कि उनका उद्देश्य कट्टर सनातन विचारधारा से जुड़ी हिंदू चेतना को सशक्त करना है। इसके लिए हर ग्राम पंचायत में एक प्रभारी नियुक्त किया जाएगा, जो अपने संबंधित मंडल प्रभारी के संपर्क में रहेगा। प्रत्येक 10 गांवों को मिलाकर एक मंडल बनाया जाएगा, जिसकी निगरानी जिला अध्यक्ष द्वारा की जाएगी। शास्त्री ने बताया कि सभी प्रभारियों को आगामी तीन से चार महीनों में बागेश्वर धाम आकर प्रत्यक्ष संवाद करना होगा। साथ ही, प्रत्येक मंडल में धार्मिक कथाओं और आध्यात्मिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जाएगा।

## संपादकीय

### जल-थल में प्लास्टिक

# मनुष्य जीवन के लिए खतरे की घंटी

तमाम नये राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय शोध-सर्वेक्षण चेतावनी दे रहे हैं कि हमारी सांसों, पेयजल व फसलों में घातक माइक्रोप्लास्टिक की मौजूदगी है। विश्व की कई शोध पत्रिकाओं में छपे शोध-लेख समय-समय पर विभिन्न अध्ययनों के चेताने वाले निष्कर्ष प्रकाशित करते रहते हैं। यह बात अलग है कि कई निष्कर्षों को लेकर विदेशी बाजार व कारोबारियों के लक्ष्य भी होते हैं। चिंता की बात यह भी है कि विकासशील देशों में सरकारें रोटी, कपड़ा व मकान जैसी मूलभूत सुविधाओं के जुगाड़ में लगे रहने और गरीबी की समस्या से जूझते हुए, स्वास्थ्य के उन उच्च गुणवत्ता मानकों को वरीयता नहीं दे पाती, जो अंतर्राष्ट्रीय मापदंडों के अनुरूप हों। ऐसा ही एक अध्ययन जर्मन ब्रिटिश अकादमिक कंपनी स्प्रिंग नेचर द्वारा एक पर्यावरण विषयक पत्रिका में प्रकाशित किया गया है। शोधकर्ताओं ने केरल में दस प्रमुख ब्रांडों के बोतलबंद पानी को अध्ययन का विषय बनाया है। अध्ययन का निष्कर्ष है कि प्लास्टिक की बोतल के पानी का इस्तेमाल करने वाले व्यक्ति के शरीर में प्रतिवर्ष 153 प्लास्टिक कण प्रवेश कर जाते हैं। निश्चय ही यह चिंता का विषय है। हालांकि, सर्वेक्षण के लिये केरल को ही चुनना और बोतलबंद पानी बेचने वाली भारतीय कंपनियों को चुनने को लेकर कई सवाल पैदा हो सकते हैं। दरअसल, अंतर्राष्ट्रीय बाजार में बोतलबंद पानी बेचने का बड़ा प्रतिस्पर्धी कारोबार है। आम आदमी के मन में सवाल उठ सकते हैं कि कहीं भारतीय बोतलबंद पेय बाजार को तो निशाने पर नहीं लिया जा रहा है। दुनिया के बड़े कारोबारी देश भारत के बड़े उपभोक्ता बाजार पर ललचाई दृष्टि रखते हैं। इसके बावजूद मुद्दा गंभीर है और हमारी सरकारों को अपने स्तर पर गंभीर जांच-पड़ताल करनी चाहिए। इस दिशा में न केवल केरल बल्कि अन्य राज्यों में भी ऐसे ही अध्ययन होने चाहिए। वैसे तो एक खास वर्ग ही बोतलबंद पानी का उपयोग करता है, लेकिन पानी के अन्य स्रोतों का भी गंभीर अध्ययन किया जाना चाहिये। इसमें सरकारी जल आपूर्ति को भी शामिल करना जरूरी है।हमारे जीवन में जहर घोल रहे माइक्रोप्लास्टिक के हवा व पेड़-पौधों पर पड़ने वाले प्रभावों को लेकर भी कई अध्ययन सामने आए हैं। पिछले दिनों एक अध्ययन में मनुष्य के मस्तिष्क में प्लास्टिक के नैनो कणों के पहुंचने पर चिंता जतायी गई थी। दावा था कि प्रतिदिन सैकड़ों माइक्रोप्लास्टिक कण सांसों के जरिये हमारे शरीर में प्रवेश कर जाते हैं। सर्वविदित है कि देश के नीति-नियंताओं की कार्यस्थली दिल्ली दुनिया की सबसे ज्यादा प्रदूषित राजधानी है। कमोबेश देश के कई अन्य शहर भी दुनिया के सबसे प्रदूषित शहरों में शामिल हैं। प्रदूषण के कारण प्लास्टिक कण हमारी जीवन प्रत्याशा को घटा रहे हैं और कैंसर जैसे कई घातक रोग साथ में दे रहे हैं। विडंबना देखिये न तो सरकारें इस गंभीर संकट के प्रति सचेत हैं और न ही अपने स्वास्थ्य के प्रति जनता जागरूक है।

# गंभीर खतरे की घंटी है प्लास्टिक एवं माइक्रोप्लास्टिक



**ललित गर्ग**



प्रकृति को पस्त करने, वायु एवं जल प्रदूषण, कृषि फसलों पर घातक प्रभाव, मानव जीवन एवं जीव-जन्तुओं के लिये जानलेवा साबित होने के कारण समूची दुनिया में बढ़ते प्लास्टिक एवं माइक्रोप्लास्टिक के कण एक बड़ी चुनौती एवं संकट है। पिछले दिनों एक अध्ययन में मनुष्य के मस्तिष्क में प्लास्टिक के नैनो कणों के पहुंचने पर चिंता जतायी गई थी। दावा था कि प्रतिदिन सैकड़ों माइक्रोप्लास्टिक कण सांसों के जरिये हमारे शरीर में प्रवेश कर जाते हैं। ऐसे तमाम नये राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय शोध-सर्वेक्षण-अध्ययन चेतावनी दे रहे हैं कि हमारी सांसों, पेयजल व फसलों में घातक माइक्रोप्लास्टिक की मौजूदगी एक गंभीर संकट है। विश्व की कई शोध पत्रिकाओं में छपे शोध-लेख समय-समय पर विभिन्न अध्ययनों के चेताने वाले निष्कर्ष प्रकाशित करते रहते हैं। संकट तो यहां तक बढ़ गया है कि प्लास्टिक के कण पौधों की प्रकाश संश्लेषण प्रक्रिया को प्रभावित करने लगे हैं, जिससे खाद्य श्रृंखला में शामिल कई खाद्यान्नों की उत्पादकता में गिरावट आ रही है। ऐसा निष्कर्ष अमेरिका-जर्मनी समेत कई देशों के साझे अध्ययन के बाद सामने आया है। दरअसल, प्लास्टिक कणों के हस्तक्षेप के चलते पौधों के भोजन सृजन की प्रक्रिया बाधित हो रही है। इस तरह माइक्रोप्लास्टिक की दखल भोजन, हवा व पानी में होना न केवल प्रकृति, कृषि, पर्यावरण वरन मानव अस्तित्व के लिये गंभीर खतरे की घंटी ही है। जिसे बेहद गंभीरता से लिया जाना चाहिए और सरकारों को इस संकट से मुक्ति की दिशाएं उद्घाटित करने के लिये योजनाएं बनानी चाहिए।

माइक्रोप्लास्टिक हमारे वातावरण का एक हिस्सा बन चुके हैं। प्लास्टिक की बहुलता एवं निर्भरता के कारण मौत हमारे सामने मंडरा रही है। हम चाहकर भी प्लास्टिकमुक्त जीवन की कल्पना नहीं कर पा रहे हैं, क्योंकि माइक्रोप्लास्टिक जीवन में हैं, हवा में हैं, पानी में हैं, नदी में हैं, समुद्र में हैं, बारिश में हैं, और इन सबके चलते वे हमारे भोजन में भी हैं, हम मनुष्यों के भी, पशुओं के भी और शायद सभी प्राणियों के जीवन में भी हैं। लगातार दूषित होते जल, जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता और भूमि क्षरण जैसे मुद्दों पर सरकार की जागरूकता एवं सहयोग का भरोसा दिलाया जाता रहा है। प्लास्टिक प्रदूषण के खतरों को देखते हुए सरकार ने ठान लिया है कि भारत में सिंगल यूज प्लास्टिक के लिए कोई जगह नहीं होगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूर्व में ही देश को स्वच्छ भारत मिशन के तहत प्लास्टिक कचरे से मुक्त करने की अपील करते हुए एक महाभियान का शुभारंभ कर चुके हैं। प्लास्टिक के कारण देश ही नहीं, दुनिया में विभिन्न तरह की समस्याएं पैदा हो रही हैं। इसके सीधे खतरे दो तरह के हैं। एक तो प्लास्टिक में ऐसे बहुत से रसायन होते हैं, जो कैंसर का कारण माने जाते हैं। इसके अलावा शरीर में ऐसी चीज जा रही है, जिसे हजम करने के लिए हमारा शरीर बना ही नहीं है, यह भी कई तरह से सेहत की जटिलताएं पैदा कर रहा है। इसलिए आम लोगों को ही इससे मुक्ति का अभियान छेड़ना होगा, जागृति लानी होगी।

चिंता की बात यह भी है कि विकासशील देशों में सरकारें रोटी, कपड़ा व मकान जैसी मूलभूत सुविधाओं के जुगाड़ में लगे रहने और गरीबी की समस्या से जूझते हुए, स्वास्थ्य के उन उच्च गुणवत्ता मानकों को वरीयता नहीं दे पाती, जो अंतर्राष्ट्रीय मापदंडों के अनुरूप हों। शोधकर्ताओं ने केरल में दस प्रमुख ब्रांडों के बोतलबंद पानी को अध्ययन का विषय बनाया है। अध्ययन का निष्कर्ष है कि प्लास्टिक की बोतल के पानी का इस्तेमाल करने वाले व्यक्ति के शरीर में प्रतिवर्ष 153 हजार प्लास्टिक कण प्रवेश कर जाते हैं। निश्चय ही यह चिंता का विषय है। हालांकि, सर्वेक्षण के लिये केरल को ही चुनना और बोतलबंद पानी बेचने वाली भारतीय कंपनियों को चुनने को लेकर कई सवाल पैदा हो सकते हैं। पिछली सदी में जब प्लास्टिक के विभिन्न रूपों का अविष्कार हुआ, तो उसे विज्ञान और मानव सभ्यता की बहुत बड़ी उपलब्धि माना गया था, अब जब हम न तो इसका विकल्प तलाश पा रहे हैं और न इसका उपयोग ही रोक पा रहे हैं, तो क्यों न इसे विज्ञान और मानव सभ्यता की सबसे बड़ी असफलता एवं त्रासदी मान लिया जाए?

वैज्ञानिकों ने पाया है कि प्लास्टिक हम सबके शरीर में किसी-न-किसी के रूप में पहुंच रहा है। कैसे पहुंच रहा है, इसे जानने के लिए हमें पिछले दिनों अमेरिका के कोलोराडो में हुए एक अध्ययन के नतीजों को समझना होगा। अमेरिका के जियोलॉजिकल सर्वे ने यहां बारिश के पानी के नमूने जमा किए। ये नमूने सीधे आसमान से गिरे पानी के थे, बारिश की वजह से सड़कों या खेतों में बह रहे पानी के नहीं। जब इस पानी का विश्लेषण हुआ, तो पता चला कि लगभग 90 फीसदी नमूनों में प्लास्टिक के बारीक कण या रेशे थे, जिन्हें माइक्रोप्लास्टिक कहा जाता है। ये इतने सूक्ष्म होते हैं कि हम इन्हें आंखों से नहीं देख पाते। देखने में आ रहा है कि कथित आधुनिक समाज एवं विकास का प्रारूप अपने को कालजयी मानने की गफलत पाले हुए है और उसकी भारी कीमत माइक्रोप्लास्टिक के कहर के रूप में चुका रहा है। लगातार पांव पसार रही माइक्रोप्लास्टिक की तबाही इंसानी गफलत को उजागर तो करती रही है, लेकिन समाधान का कोई रास्ता प्रस्तुत नहीं कर पाई। ऐसे में अगर मोदी सरकार ने कुछ ठानी है तो उसका स्वागत होना ही चाहिए। क्या कुछ छोटे, खुद कर सकने योग्य कदम नहीं उठाये जा सकते?

पूरी दुनिया के लिए सिरदर्द बन चुके जल और वायु प्रदूषण से बचने के लिए विश्वभर में नए-नए उपाय किए जा रहे हैं। जबकि प्लास्टिक प्रदूषण की उससे भी ज्यादा खतरनाक एवं जानलेवा स्थिति है, यह एक ऐसी समस्या बनकर उभर रही है, जिससे निपटना अब भी दुनिया के ज्यादातर देशों के लिए एक बड़ी चुनौती है। कुछ समय पहले एक खबर ऐसी भी आई थी कि एक चिड़ियाघर के दरियाई घोड़े का निधन हुआ, तो उसका पोस्टमार्टम करना पड़ा, जिसमें उसके पेट से भारी मात्रा में प्लास्टिक की थैलियां मिलीं, जो शायद उसने भोजन के साथ ही निगल ली थीं। लेकिन अगर आप सोचते हैं कि प्लास्टिक सिर्फ हमारे आस-पास रहने वाले अबोध जानवरों के पेट में ही पहुंच रहा है, तो आप गलत हैं।

अध्ययन में पता चला था कि लगभग सभी ब्रांडेड बोतल बंद पानी में भी प्लास्टिक के ये सूक्ष्म कण मौजूद हैं। कनाडाई वैज्ञानिकों द्वारा माइक्रोप्लास्टिक कणों पर किए गए विश्लेषण में चौंकाने वाले नतीजे मिले हैं। विश्लेषण में पता चला है कि एक वयस्क पुरुष प्रतिवर्ष लगभग 52000 माइक्रोप्लास्टिक कण केवल पानी और भोजन के साथ निगल रहा है। इसमें अगर वायु प्रदूषण को भी मिला दें तो हर साल करीब 1,21,000 माइक्रोप्लास्टिक कण खाने-पानी और सांस के जरिए एक वयस्क पुरुष के शरीर में जा रहे हैं। दरअसल, अंतर्राष्ट्रीय बाजार में बोतलबंद पानी बेचने का बड़ा प्रतिस्पर्धी कारोबार है। आम आदमी के मन में सवाल उठ सकते हैं कि कहीं भारतीय बोतलबंद पेय बाजार को तो निशाने पर नहीं लिया जा रहा है। दुनिया के बड़े कारोबारी देश भारत के बड़े उपभोक्ता बाजार पर ललचाई दृष्टि रखते हैं। इसके बावजूद मुद्दा गंभीर है और हमारी सरकारों को अपने स्तर पर गंभीर जांच-पड़ताल करनी चाहिए।

अमेजन एवं फिलीपकार्ट जैसे आनलाइन व्यवसायी प्रतिदिन 7 हजार किलो प्लास्टिक पैकेजिंग बैग का उपयोग करते हैं। सरकारों के पास किसी भी नियम या अभियान को अमल में लाने के लिये सारे संसाधन उपलब्ध हैं, इन कम्पनियों को भी प्लास्टिकमुक्त भारत के घेरे में लेने के लिये कठोर कदम उठाने चाहिए। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि देश में सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रयोग पर प्रतिबंध के बावजूद ये खुलेआम बिक क्यों रहा है? दुकानदारों व उपभोक्ताओं को तो इसके उपयोग पर दंडित करने का प्रावधान है, लेकिन सिंगल यूज प्लास्टिक उत्पादित करने वाले उद्योगों पर प्रतिबंध क्यों नहीं लगाया जाता? संकट का एक पहलू यह भी है कि लोग सुविधा को प्राथमिकता देते हैं, लेकिन प्लास्टिक के दूरगामी घातक प्रभावों को लेकर आंख मूंद लेते हैं। यह संकट हमारी जिम्मेदार नागरिक के रूप में भूमिका की जरूरत भी बताता है।

### व्रतधारियों पर मिलावट का क़हर

# कल मिला वक़्त तो सुलझाऊंगा ज़ुल्फ़ें तेरी



**निर्मल रानी**

उत्तराखंड की राजधानी देहरादून में कुट्टू का मिलावटी व विषाक्त आटा इस्तेमाल करने के कारण 100 से अधिक लोग फूड पॉइज़निंग का शिकार हो गये। नवरात्रि के व्रत रखने वाले इन व्रत धारियों को अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। जिस समय राजधानी देहरादून में यह विषाक्त आटा बेचा जा रहा था और लोग इसे ख़रीद रहे थे ठीक उसी समय मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी देहरादून,हरिद्वार,उधम सिंह नगर व नैनीताल ज़िलों में अनेक शहरों व क़स्बों के प्राचीन नाम बदलने में व्यस्त थे। इसे संयोग कहें या प्रयोग कि ईद के दिन जब मुसलमानों को कोई सौगात दिया जाना चाहिये था ठीक उसी दिन मुख्यमंत्री धामी मुग़ल काल या ब्रिटिशकाल में रखे गये या उर्दू फ़ारसी भाषा के नामों को बदलकर अपने संस्कारित दूरगामी एजेंडे को लागू कर रहे थे और उसी समय बड़े गर्व से नाम बदलने की अपनी इस क़वायद को जनभावनाओं के मद्देनज़र और भारतीय संस्कृति और विरासत के अनुरूप बता रहे थे। धामी ने ख़ान पुर,मुहम्मदपुर व नवाबी रोड जैसे नामों को भी बदल डाला। बहरहाल,कथित तौर पर जिन लोगों की भावनाओं के मद्देनज़र मुख्यमंत्री धामी नाम बदल रहे थे उसी समय वही उत्तराखंड निवासी देहरादून में सरे आम बिक रहा ज़हरीला कुट्टू का आटा खाने के लिये मजबूर थे। साफ़ है कि सरकार की प्राथमिकताओं में शुद्ध,स्वच्छ व पौष्टिक खाद्य सामग्री की बिक्री सुनिश्चित करना नहीं बल्कि नफ़रती एजेंडे को लागू करना था।

इसी तरह हरियाणा के यमुनानगर,सढौरा व आसपास के कई गांव के सैकड़ों लोग कुट्टू का मिलावटी व विषाक्त आटा इस्तेमाल करने के कारण बीमार पड़ गये। राज्य के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का नाम भी ईद के पहले उस समय सुर्ख़ियों में आया जब उन्होंने ईद की छुट्टी को राजपत्रित अवकाश की सूची से हटाकर इसे प्रतिबंधित अवकाश के रूप में घोषित कर दिया। बहाना था वित्त वर्ष 2024-25 के समापन का समय ईद के दिन यानी 31 मार्च को पड़ना। उत्तराखंड की ही तरह हरियाणा में भी नवरात्रों



जैसे पवित्र पर्व के दौरान धड़ल्ले से कुट्टू का मिलावटी व विषाक्त आटा बिक रहा था परन्तु यहाँ भी एजेंडा सरकार की प्राथमिकतायें चूँकि कुछ और हैं शायद इसलिये राज्य के लोगों को शुद्ध,स्वच्छ व पौष्टिक खाद्य सामग्री उपलब्ध नहीं हो सकी परिणामस्वरूप यहाँ भी सैकड़ों लोग फ़ूड पॉइज़निंग का शिकार हो गये।

उधर उत्तर प्रदेश सरकार ने भी नवरात्रों के दौरान अवैध बूचड़खानों को बंद करने और धार्मिक स्थलों के 500 मीटर के दायरे में मांस की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने का सख़्त आदेश जारी किया है। जबकि 6 अप्रैल 2025 को राम नवमी के दिन मांस बिक्री पर विशेष प्रतिबंध लागू होगा। इस दिन पशु वध और मांस की बिक्री दोनों पूरी तरह बंद रहेगी। इसतरह के फ़ैसले भी जनभावनाओं का हवाला देते हुये लिये जाते हैं। सवाल यह है कि जब सरकार इस तरह के फ़ैसलों से स्वयं को जन भावनाओं का पक्षधर दिखाने की कोशिश करती है तो क्या आम जनता को विशेषकर नवरात्रों का व्रत रखने वाले व्रतधारियों को शुद्ध,स्वच्छ व पौष्टिक खाद्य सामग्री उपलब्ध कराना जनभावनाओं का आदर सम्मान नहीं ?

यह हिन्दू राष्ट्र निर्माण के शगूफ़े,विश्व महाशक्ति बनने का सपना,दो देशों के बीच छिड़े युद्ध रुकवाने की क्षमता जैसा प्रोपेगंडा,बुलेट ट्रेन के सपने,हवाई चप्पल वालों को हवाई यात्रा कराने जैसी लफ़्फ़ाज़ी,नाले की गैस से चाय बनाने की तकनीक, बादलों में रडार की कार्यक्षमता निष्प्रभावी होने जैसे अवैज्ञानिक दावे और इसतरह की अनेक फ़ालतू बातों को सुनसुनकर देश की जनता का कान पक चुका है। हक़ीक़त यही है कि स्वयं सरकारी दावों के मुताबिक़ आज देश के 80 करोड़ लोग सरकार के रहमो करम पर मिलने वाले मुफ़्त राशन के लिये मोहताज हैं। परन्तु सरकार है कि मिलावटख़ोरी जैसी बुनियादी चीज़ों पर नियंत्रण करने के बजाये कहीं बुलडोज़र चलवाकर लोगों के घर गिरवाने में व्यस्त है, भले ही उसे इसकेलिए बार बार अदालत की डांट फटकार क्यों न पड़ती रहे। कहीं मदरसे बंद करने में ख़ुश है,कहीं नमाज़ पर पाबंदी तो कहीं मस्जिदों व क़ब्रों की खुदाई इनकी प्राथमिकता,कहीं रेलवे स्टेशन,ज़िलों,शहरों व मार्गों के नाम बदलना ज़्यादा ज़रूरी ?

गोया साम्प्रदायिकता पूर्ण व विवादित फ़ैसलों व कामों में पूरी दिलचस्पी दिखाने वाली सरकार की नज़रों में बाज़ारों में खुले आम बिकने वाली मिलावटी व ज़हरीली सामग्री पर नियंत्रण पाना और भ्रष्टाचारियों द्वारा इनका संरक्षण किया जाना कोई मुद्दा ही नहीं ? बेशक मिलावट ख़ोरी कोई नई समस्या नहीं, परन्तु जो सरकार देश बदलने के दावे कर रही हो,जो धर्मध्वजा के ही सहारे अपनी सत्ता की नाव चला रही हो,देशवासियों को विकसित राष्ट्र बनाने के सपने दिखा रही हो,हिन्दू जागरण का दंभ भर रही हो, कम से कम उस सरकार का मिलावटख़ोरी व ज़हरीले खाद्य सामग्री के सरेआम उत्पादन व बिक्री पर तो नियंत्रण पाना पहली प्राथमिकता तो होनी ही चाहिये। जो भी व्रतधारी कुट्टू का मिलावटी व विषाक्त आटा इस्तेमाल करने की वजह से मौत के मुंह तक पहुँच गये वे भी तो हिन्दू ही हैं ?

लिहाज़ा इसतरह के अपराध को केवल अपराध की नज़रों से देखने की ज़रुरत है। ऐसा अपराध किसी का धर्म नहीं देखता। ऐसा अपराध जब पनपता है तो इसे संरक्षित करने वाले लोग भी भ्रष्ट व रिश्वतख़ोर लोग होते हैं। सरकार यदि यह दावे कि करती है कि उसका शासन अपराधमुक्त हो गया है या अपराध पर नियंत्रण के दावे करती है तो क्या खाद्य सामग्री में मिलावटख़ोरी करने पर भी नियंत्रण हो चुका है ? ऐसे धंधे में लिप्त लोगों को सरकार का भय क्यों नहीं ? आख़िर कब तक आम लोगों व भक्त व्रतधारियों पर मिलावट का क़हर यूँही टूटता रहेगा ? कब तक सरकार यह बहाना करती रहेगी कि - कल मिला वक़्त तो सुलझाऊंगा ज़ुल्फ़ें तेरी -आज उलझा हूँ मैं हालात को सुलझाने में ?

# न्यूनतम सरकार , अधिकतम शासन ही राह

**राकेश दुबे**

और डॉनल्ड ट्रंप के कदमों से दुनिया भर में अनिश्चितता फैल गई है और बराबरी के शुल्क की धमकी देकर उसने भारत की शुल्क व्यवस्था को तहस-नहस कर दिया है। ऐसे में लालफीताशाही, भ्रष्टाचार और अफसरशाही कम कर प्रतिस्पर्धी क्षमता बढ़ाने का वक्त आ गया है। बजट में उल्लिखित विनियमन के अलावा भारत को सरकार का आकार घटाना होगा यानी न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन का वादा पूरा करना होगा, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2014 में किया था।

केंद्र और राज्य सरकारों का कुल खर्च 1980 के दशक में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का करीब 10 प्रतिशत था, जो 1991 में बढ़कर 27 प्रतिशत हो गया। तब से यह अधिक ही बना हुआ है। आज सरकार जीडीपी का करीब 28 प्रतिशत खर्च करती है। दक्षिण कोरिया भी इतना ही खर्च करता है मगर थाईलैंड, इंडोनेशिया और वियतनाम जैसे आसियान देश कम खर्च करते हैं। तीन दशक से ऐसा ही चल रहा है, जबकि चीन और दक्षिण कोरिया में तेज वृद्धि के दौरान भी सार्वजनिक खर्च जीडीपी के 20 प्रतिशत से कम था। यह हाल में बढ़ा है। पूर्वी एशियाई अर्थव्यवस्थाओं के राजकोषीय अनुशासन पर बात कम होती है मगर उनकी कामयाबी में इसका बड़ा हाथ है।

कुछ विशेषज्ञ जीडीपी की तुलना में कर के अनुपात का हवाला देते हुए कहते हैं कि सरकार का आकार बहुत बड़ा नहीं बल्कि बहुत छोटा है। 2024-25 में यह अनुपात 18.6 प्रतिशत रहा, जो भारत के आय स्तर को देखते हुए कम नहीं है। जीडीपी की तुलना में कुल राजस्व का अनुपात 22 प्रतिशत रहा, जो और भी ज्यादा है। वे ज्यादा शिक्षकों, स्वास्थ्यकर्मियों, तकनीकी कर्मचारियों तथा विदेश सेवा अधिकारियों की जरूरत भी बताते हैं। इसका मतलब यह नहीं है कि सरकार और भी खर्च करे। इसके बजाय दफ्तरों में गैर-तकनीकी कर्मचारियों की भीड़ घटाने और उन पर होने वाले खर्च से तकनीकी कर्मचारी रखने की जरूरत है। ज्यादातर भर्तियां भी केंद्र या राज्य के बजाय स्थानीय स्तर पर की जाएं क्योंकि केंद्र और राज्य कर्मचारियों के वेतनमान बहुत अधिक हैं।

भारत का सरकारी व्यय अधिक होने से राजकोषीय घाटा बढ़ गया है । 1990-91 से केंद्र और राज्यों का कुल राजकोषीय घाटा जीडीपी का औसतन 7.8 प्रतिशत रहा है। इस कारण भारतीय रिजर्व बैंक को भी सरकारी उधारी की लागत कम रखनी पड़ी है। इसके लिए सांविधिक तरलता अनुपात (एसएलआर) का इस्तेमाल किया गया, जिसके कारण वाणिज्यिक बैंकों को सरकारी बॉन्ड खरीदने पड़ते हैं। एसएलआर कभी 39.5 प्रतिशत तक था और आज भी 18 प्रतिशत है। भारत के अलावा बांग्लादेश में ही एसएलआर लागू है मगर 13 प्रतिशत है। इस वित्तीय जबरदस्ती से राजकोषीय घाटे की भरपाई तो हो जाती है मगर इसका खमियाजा वाणिज्यिक बॉन्ड बाजार को उठाना पड़ता है और निजी क्षेत्र विशेषकर सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उपक्रमों को देसी पूंजी नहीं मिल पाती।

भारत का सार्वजनिक ऋण जीडीपी का 82 प्रतिशत है और बहुत ज्यादा है। 2030 तक इसे जीडीपी के 70 प्रतिशत पर लाने का प्रस्ताव है, रफ्तार बहुत धीमी है और तेज वृद्धि के अनुमानों पर आधारित है। सार्वजनिक पूंजीगत व्यय ठहर गया है और भारत को बाकी दुनिया की तरह रक्षा व्यय बढ़ाना होगा। इस बीच ट्रंप के कारण शुल्क में जो कमी करनी पड़ी है वह भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए अच्छी है मगर अभी उसके कारण राजस्व कम होगा। भारत को सरकारी सुधारों तथा निजीकरण तेज कर राजकोषीय गुंजाइश बनानी होगी। एयर इंडिया बिकने के बाद से ही निजीकरण रुका हुआ है।

भारत को ईलॉन मस्क के नेतृत्व वाला डोज नहीं चाहिए बल्कि अधिक सावधानी से योजना बनानी होगी जैसे क्लिंटन प्रशासन में उप राष्ट्रपति अल गोर ने 1993 से 1996 तक किया था। उनके बजट अधिशेष के कारण सार्वजनिक कर्ज में बहुत कमी आई थी। चीन को 21वीं सदी के लिहाज से आधुनिक बनाने के लिए 1995-96 में तत्कालीन प्रधानमंत्री झू रोंग्जी के कार्यकाल में हुए प्रशासनिक सुधारों का भी अध्ययन किया जा सकता है।

लगातार वेतन आयोगों खासकर सातवें वेतन आयोग ने वेतन और पेंशन बहुत बढ़ा दिए, जिससे उच्च और निम्न वेतनमान में बहुत कम फर्क रह गया। इससे कम आय वाले सरकारी कर्मचारियों के वेतन भत्ते निजी क्षेत्र में उसी स्तर पर काम करने वालों की तुलना में बहुत ज्यादा हो गए। फिर सरकारी नौकरियों का इतना आकर्षण क्यों नहीं होगा? हाल में घोषित आठवां वेतन आयोग वेतन-पेंशन और भी बढ़ा देगा। जरूरी प्रशासनिक सुधारों के बगैर वेतन में यह बढ़ोतरी सरकारी खजाने को चोट ही पहुंचाएगी। सार्वजनिक व्यय में राज्यों की हिस्सेदारी 60 प्रतिशत से ज्यादा है, इसलिए प्रशासनिक सुधार भी राज्यों मे होने चाहिए। बिगड़े हुए राज्यों में राजकोषीय अनुशासन लाना आसान नहीं है क्योंकि केंद्र की गारंटी होने के कारण अपने घाटे की भरपाई के लिए उन्हें भी उसी ब्याज पर कर्ज मिल जाता है, जिस पर अनुशासित राज्य पाते हैं। 16वें वित्त आयोग को भी उन प्रोत्साहनों पर अतीत के आयोगों से ज्यादा ध्यान देना चाहिए, जो राज्यों में राजकोषीय अनुशासन बढ़ा सकते हैं।

# एक बेमिसाल देश भक्त अदाकार भला कैसे बिसरेगा



**ऋतुपर्ण दवे**

भारतीय फिल्म जगत का एक दैदीप्यमान नक्षत्र, वो चमकता सितारा जिसने कभी अपने उसूलों से समझौता नहीं किया। जिसकी हरेक फिल्म में कूट-कूट कर देश प्रेम भरा है। जिसके अन्दर भारतीयता की ऐसी लौ थी कि खुद ही भारत कुमार बन गया। यकीन नहीं होता कि मनोज कुमार हमारे बीच नहीं रहे ! लेकिन उनका अभिनय, आदर्श और सबसे बड़ी देश प्रेम की प्रेरणा कभी चुकने वाली नहीं। जब तक सृष्टि रहेगी, धरती और ब्रम्हाण्ड रहेगा तब तक भारत रहेगा और भारत कुमार के बोल 'मेरे देश की धरती सोना उगले-उगले हीरा-मोती' सबके कानों में गुंजायमान होते रहेंगे। अद्वितीय प्रतिभा के धनी मनोज कुमार ने कभी भी फिल्म को फिल्म नहीं बल्कि संस्कार, देशहित और संदेशवाहक के रूप में देखा। यही कारण था कि उनके द्वारा अभिनीत फिल्में भारतीय सिने जगत में तो परचम लहराती रहीं विदेशों में भी जबरदस्त लोकप्रिय हुईं।

24 जुलाई 1937 को जन्मे मनोज कुमार के नाम से मशहूर हरिकृष्ण गिरी गोस्वामी का जन्म पाकिस्तान के एबटाबाद में हुआ था। उनका जंडियाला शेर खान और लाहौर जैसे इलाकों से भीसंबंध रहा है। उन दिनों जब दिल्ली में सुभाष चंद्र बोस की आईएनए से जुड़े लोगों का ट्रायल चल रहा था तो लाहौर के नौजवान और बच्चे जुलूस निकाल नारे लगाते थे÷लाल किले से आई आवाज ढिल्लो, सहगल, शाहनवाज÷। इनमें मनोज भी शामिल होते। इस बीच स्वतंत्रता मिली, बंटवारा हुआ देश भारत-पाकिस्तान में बंट गया। बंटवारे के बाद हुई हिंसा में उनके चाचा मारे गए। उनके पिता उन्हें लाल किलाले गए।दोनों ने वहां नारे लगाए। इसकी छाप उनके जीवन में पड़ी। वो दिल्ली के शरणार्थी कैंप में भी रहे। वहीं उनके भाई का जन्म होने वाला था। लेकिन हिंसा के बीच अस्पताल के लोग भी भूमिगत हो गए और बिना इलाज भाई मारा गया। यहीं से उनके मन में दंगों को लेकर नफरत हुई। लेकिन पिता ने जिंदगी में कभी दंगा-मारपीट न करने की सीख दी। जिससे उनका हृदय परिवर्तन हुआ।

दिल्ली में ही उन्होंने अपनी आगे की पढ़ाई की। बचपन से ही उन्हें फिल्मों का बहुत शौक था। वह अभिनेता बनना चाहते थे लेकिन उन्होंने फिल्मों में आने से पहले हिंदू कॉलेज से बैचलर ऑफ आर्ट्स की डिग्री ली। अपने बचपन से ही फिल्मों में जाने के शौक से छोटी सी उम्र में ही अभिनेता बनने मायानगरी मुंबई का रुख किया और मायानगरी मुंबई आ गए। वो दिलीप कुमार, अशोक कुमारऔर कामिनी कौशल से बेहद प्रभावित रहे।

वर्ष 1957 में महज 19 साल कीउम्र मेंमनोज कुमार को पहली बार फिल्म फैशन में 80-90 साल के भिखारी का छोटा सा रोल मिला। इसके बाद वो लगातार 10 वर्षों तक संघर्ष कर अपने जूते घिसतते रहे। उन्हें एक बात बहुत चुभ गई थी जब उन्होंने अपने पहले लेकिन छोटे से अभिनय को लेकर फिल्म निर्मातालेखराज भाकड़ी, कुलदीप सहगलसे पूछा कि उन्हें बड़ा रोल कब मिलेगा? जवाब मिला की लोगों की उम्र निकल जाती है अभी जूते घिसो। बस यही शब्द उनके जीवन के टर्निंग प्वॉइंट बन गए। यहां से उन्होंने फिल्मों में लिखने का काम भी शुरू कर दिया। जिसमें खासी सफलता मिली। इसको लेकर एक मजेदार वाकया भी है। अपने संघर्ष के दिनों में दुर्घटनावश अपने आदर्शों में से एकअशोक कुमार यानी दादा मुनि की फिल्म का एक सीन लिखने का मौका मिला। हुआ यह कि प्रोड्यूसर रोशन लाल मल्होत्रा फिल्म 'जमीन और आसमान' बना रहे थे। इसके लिए लिखा गया सीन उन्हें पसंद नहीं आ रहा था। जिससे वो परेशान हो गए। इसी बीच उनसे मिलने मनोज कुमार पहुंचे। जिन्होंने परेशानी का कारण पूछा और जवाब में मनोज कुमार बोले कि क्या मैं लिख दूं? खिसियाए मल्होत्रा जी ने कहा कि एक तो अशोक कुमार की डेट्स बड़ी मुश्किल से मिली ऊपर से उन्हें फिल्म का एक सीन पसंद नहीं आ रहा है। चलो लिखो। इस तरह मनोज कुमार ने सीन लिखा जो अशोक कुमार को बहुत पसंद आया। इसके लिए उन्हें ग्यारह रुपए मिले। इसके बाद तो यह सिलसिला शुरू हो गया। कई प्रोड्यूसर उनसे फिल्मों के सीन लिखवाने लगे। लेकिन मनोज कुमार के मन में कुछ और चल रहा था जिसे लेकर उनकी कोशिशें जारी रहीं। इसके बाद कई प्रोड्यूसर उनसे फिल्मों के सीन लिखवाने लगे।लेकिन हीरो बनने का प्रयास जारी रखा। आखिर मेहनत रंग लाई। 1961 में फिल्म कांच की गुड़िया मे ब्रेक मिला। इसके फौरन बाद अगले साल उन्हें विजय भट्ट की फ़िल्म %हरियाली और रास्ता% मिली जिसने उनकी जिंदगी कारास्ता बदल दिया।

उनके दिल में देश भक्ति कूट-कूट कर भरी थी। आजादी के बाद जब भारतीय फिल्मों का दौर बदल रहा था तब मनोज कुमार एक्शन, रोमांटिक फिल्मों के बजाए देश भक्ति की ओर बढ़ रहे थे। यह उनकी निष्ठा और भावना थी जो उन्होंने 1965 में देश भक्ति से ओत-प्रोत फिल्म शहीद बनाई।इसमें शहीद भगत सिंह की भूमिका निभाई। 1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान उनकी मुलाकात तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री से हुईजिन्होंने उन्हें युद्ध में होने वाली परेशानियों पर फिल्म बनाने को कहा। शास्त्री जी कहा कि मेरा एक नारा है जय जवान-जय किसान। इस पर कोई फिल्म बनाओ। मनोज कुमार ने फिल्म उपकार बनाई जो सबको बहुत पसंद आई। हालांकि शास्त्री जी इसे नहीं देख पाए क्योंकि उसी बीच उनकी मृत्यु हो गई थी। उपकार आज भी जबरदस्त लोकप्रिय है। इस फिल्म से मनोज कुमार की किस्मत रातों-रात बदल गई। उपकार की कहानी और गाने दर्शकों को बेहद भाए। वास्तव में फिल्म में भारत के किसान के संघर्ष को दिखाया गया है। इसी फिल्म ने मनोज कुमार को दूसरा नया नाम भारत कुमार दे दिया। यूं तो मनोज कुमार का असली नाम हरिकिशन गोस्वामी था। लेकिन बॉलीवुड में उन्होंने मनोज कुमार और भारत कुमार के नाम से परचम फहराया।उन्होंने बॉलीवुड को एक से एक हिट फिल्मेंदी। जिनमें उपकार, पत्थर के सनम, रोटी कपड़ा और मकान, संन्यासी, हिमालय की गोद में, पत्थर के सनम, नील कमल, पूरब और पश्चिम, रोटी कपड़ा और मकान, दो बदन, क्रांति जैसी कामियाब फिल्में हैं। उन्हें 2015 में हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में योगदान के लिए दादा साहब फाल्के अवार्ड से भी सम्मानित किया गया।

आज मनोज कुमार भले हमारे बीच में नहीं हैं। लेकिन फिल्म में उनके बोल भारत का रहने वाला हूँ भारत की बात बताता हूँ हमेशा-हमेशा कानों में गूंजते रहेंगे। मनोज कुमार यानी भारत कुमार देश की आन,बान और शान थे, हैं और रहेंगे। जब भी उनके गीत बजेंगे वो याद आएंगे दिलों में धड़केंगे। तुम्हें कैसे कहें अलविदा भारत कुमार तुम दिल में थे, हो और इस धरती पर हमेशा रहोगे और पीढ़ियां दर पीढ़ियां तुम्हें फक्र से याद करेंगी।

**(लेखक स्वतंत्र पत्रकार और स्तंभकार हैं।)**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —हाकम सिंह गुर्जर
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र. ई-मेल : dspbpl67@gmail–com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakashĐin

## कोटबेड़ा में बने आश्रम भवन की जांच करने के निर्देश

**खरगोन।** कन्या आश्रम कोटबेड़ा का 03 वर्ष पूर्व बने भवन का उपयोग नहीं हो रहा है। इस भवन की छत टपक रही है। इस पर कलेक्टर मित्तल ने आदिवासी विकास विभाग के इंजीनियर से भवन की जांच कराने और गुणवत्ताहीन कार्य के लिए जिम्मेदार व्यक्ति पर कार्यवाही प्रस्तावित करने के निर्देश दिए। कन्या आश्रम करान्या की नई अधीक्षिका को छात्रावास अधीक्षिका का प्रभार नहीं मिलने की जानकारी सामने आने पर कलेक्टर ने शीघ्र प्रभार दिलाने के निर्देश दिये। इस छात्रावास में फ्रिज किसी फर्म या संस्था से दान करवाने के निर्देश दिये गए। विमुक्त जाति छात्रावास में गीजर एवं सीसीटीवी कैमरा शीघ्र लगवाने के निर्देश दिये गए।

**कंट्रोल रूम का फोन नहीं उठाने पर अधीक्षक पर होगी कार्यवाहीः** कलेक्टर मित्तल द्वारा छात्रावासों की व्यवस्थाओं पर निगरानी रखने के लिए जिला स्तर पर कंट्रोल रूम बनाया गया है। बैठक में यह जानकारी सामने आयी कि कंट्रोल रूम से अधीक्षकों को फोन लगाने पर वे फोन नहीं उठाते हैं या उनके फोन बंद बताते हैं। कलेक्टर सुश्री मित्तल ने कंट्रोल रूम का फोन नहीं उठाने वाले अधीक्षकों को कड़ी फटकार लगाई और चेतावनी दी कि भविष्य में इसकी पुनरावृती न हो। अन्यथा उनके विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर सुश्री मित्तल ने छात्रावासों की निगरानी के लिए नियुक्त अन्य विभागों के अधिकारियो को भी सख्त निर्देश दिये कि वे नियमित अंतराल पर छात्रावासों का निरीक्षण करें और वहां की व्यवस्थाओं संबंधी रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

## उपार्जन केंद्रों से प्रदाय धान के सत्यापन हेतु जांच दल गठित




**मंडला।** खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन एवं मिलिंग तथा अंतर जिला/जिले में उपार्जन केन्द्रों से प्रदाय धान के सत्यापन/जांच हेतु जांच दल का गठन किया गया है। जारी आदेशानुसार दल में संयुक्त कलेक्टर मण्डला श्री सी.एल. वर्मा, जिला आपूर्ति अधिकारी मण्डला श्री संत कुमार भलावी, सहायक आयुक्त सहकारिता मण्डला सुश्री पायल आसठकर, जिला प्रबंधक बी.एल. सोलंकी, म.प्र. स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन मण्डला, जिला प्रबंधक म.प्र. वेयरहाउसिंग लॉजिस्टिक कॉर्पो. मण्डला हेमन्त वर्मा शामिल हैं।

## उच्च न्यायालय के अवमानना तथा डब्ल्यूपी प्रकरणों की समीक्षा बैठक आयोजित



**मंडला।** जिला योजना भवन में मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के अवमानना प्रकरणों के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई।अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह ने विभागवार,प्रकरणवार स्टेटस की जानकारी ली,उन्होंने कहा कि अवमानना के प्रत्येक प्रकरण में जवाब प्रस्तुत करें।न्यायालय से संबंधित प्रकरणों को सर्वोच्च प्राथमिकता दें।अवमानना के साथ-साथ रिट पिटीशन के प्रकरण में भी समय पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें।बैठक में अनुपस्थित कार्यालय प्रमुखों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए।

अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह द्वारा सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की गई। उन्होंने कहा कि प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए उनका संतुष्टिपूर्वक निराकरण करें।सभी विभाग ग्रेडिंग सुधारने का प्रयास करें।अपर कलेक्टर ने 50 एवं 100 दिवस से लम्बित प्रकरणों पर फोकस करने के निर्देश दिए।बैठक में अपर कलेक्टर ने अनुपस्थित सीएमओ नगर पालिका मंडला,एसी ट्राईबल, सीएमओ नैनपुर,सीएमओ बिछिया, उपसंचालक पशुपालन, तहसीलदार बिछिया, तहसीलदार मवई को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में आगामी 16 अप्रैल को टिकरवारा में मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के प्रस्तावित कार्यक्रम में विभागीय अधिकारियों को दिए गए दायित्वों के संबंध में विस्तार से चर्चा करते हुए आवश्यक दिए गए।इस अवसर पर अपर कलेक्टर अरविंद सिंह, जेपी यादव,संयुक्त कलेक्टर सीएल वर्मा,डिप्टी कलेक्टर क्षमा सराफ, एसडीएम मंडला सोनल सिडाम सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# नगर मंडल के 45 बूथों पर भाजपा का स्थापना दिवस मनाया जाएगा, कार्यकर्ता घरों पर लगाएंगे भाजपा का झंडा,14 अप्रैल को मनेगी अंबेडकर जयंती

### 6 अप्रैल से 14 अप्रैल तक के कार्यक्रमो की बनी रूपरेखा, नगर मंडल ने वन वेशन वन इलेक्शन के प्रस्ताव पर लगाई मुहर

**आष्टा।** आष्टा नगर मंडल कार्यालय पर भाजपा नगर मंडल की अध्यक्ष अंजली चौरसिया की अध्यक्षता में मंडल की कामकाजी बैठक सम्पन्न हुई। बैठक का शुभारम्भ अतिथि के रूप में उपस्तिथ नपा अध्यक्ष हेमकुंवर रायसिंह मेवाडा,पूर्व जिला अध्यक्ष ललित नागोरी,राकेश सुरणा,जिला मीडिया प्रभारी सुशील संचेती, पूर्ण मंडल अध्यक्ष मुकेश बड़जात्या,पूर्व मार्केटिंग अध्यक्ष कृपालसिंह ठाकुर,जिला सह कार्यालय मंत्री उमेश शर्मा ने पंडित दीनदयाल जी एवं डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया।

बैठक को सभी अतिथियों ने संबोधित कर पार्टी नेतृत्व द्वारा आगामी दिये गये कार्यक्रमो को लेकर बताया कि नगर मंडल के सभी 45 बूथों पर 6 अप्रैल को भाजपा का स्थापना दिवस एवं 14 अप्रैल को भारत रत्न बाबा साहब डॉ.भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती मनाने,वन नेशन वन इलेक्शन का समर्थन करने एवं लोकसभा में वक्फ बिल भारी बहुमत से पास होने को लेकर आज जिला भाजपा के निर्देश पर नगर मंडल आष्टा की उक्त बैठक आयोजित की गई है। बैठक में अतिथि के रूप में उपस्तिथ भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री ललित नागोरी,राकेश सुरणा,सुशील संचेती, हेमकुंवर मेवाडा,मुकेश बड़जात्या, कृपालसिंह ठाकुर,उमेश शर्मा ने पार्टी की स्थापना दिवस 6 अप्रैल को एवं भारत रत्न बाबा साहब की जयंती 14 अप्रैल को बूथ स्तर तक के कार्यक्रमो की विस्तार से जानकारी दी। कामकाजी बैठक को संबोधित करते हुए सभी वक्ताओं ने संगठन की ओर से आगामी दिनों में होने वाले कार्यक्रमो की जानकारी देते हुए बताया की आगामी 6 अप्रैल को भाजपा के स्थापना दिवस से 14 अप्रैल भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर



जयंती तक कई कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। उन्होंने बताया कि 6 अप्रैल को भाजपा के स्थापना दिवस को नगर मंडल के सभी 45 बूथो पर मनाना है, सभी कार्यकर्ताओं को अपने घरों पर भाजपा का झण्डा फहराना है,6 एवं 7 अप्रैल को प्रत्येक बूथ पर प्राथमिक सदस्यों को एकत्रित कर उनका सम्मेलन करना है। इसी तरह से 8 एवं 9 अप्रैल को विधानसभा स्तर पर सक्रिय सदस्यों का सम्मेलन आयोजित होगा। 7 से 13 अप्रैल तक गांव व बस्ती चलो अभियान में भाग लेकर प्रत्येक कार्यकर्ता को कम से कम 8 घण्टे का समय देकर नौ करणीय कार्यो को करना है। अंबेडकर जयंती के एक दिन पूर्व 13 अप्रैल को भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा स्थलों की साफ सफाई करना,दीपक लगाना तथा 14 अप्रैल को डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की जयंती हर्षोउल्लास के साथ मनाना तथा उनकी प्रतिमा या चित्र पर माल्यार्पण कर मिठाई का वितरण करना है। नगर मंडल की बैठक में उपस्तिथ सभी वरिष्ठ नेताओं का नगर मंडल अध्यक्ष अंजली चौरसिया,विशाल चौरसिया,धनरुपमल जैन,मनीष धारवा,बाबू देव्वाल,पार्षद लता मुकाती,गिरजा कुशवाह,बेबी कुशवाह,निर्मला कुशवाह आदि ने सभी स्वागत सम्मान किया। मंडल अध्यक्ष अंजली चौरसिया ने सभी 45 ही बूथ अध्यक्षो से अपील की की प्रत्येक बूथ पर उक्त सभी कार्यक्रम व्यवस्तिथ रूप से सम्पन्न हो ऐसी योजना आज ही बना ले।

### वन नेशन वन इलेक्शन आज की आवश्यकता

भाजपा नगर मंडल की बैठक में जिला मीडिया प्रभारी सुशील संचेती ने वन वेशन वन इलेक्शन विषय पर अपने संबोधन में उपस्तिथ कार्यकर्ताओ को बताया की वन नेशन वन इलेक्शन लागू होने से प्रशासनिक व्यय में कमी आएगी, चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ेगी और राष्ट्रीय विकास को गति मिलेगी। साथ ही, बार-बार होने वाले चुनावों से होने वाले आर्थिक और प्रशासनिक भार से देश को राहत मिलेगी। इस अभियान से लोकतांत्रिक प्रक्रिया और सुचारू होगी, जिससे जनता को भी लाभ मिलेगा। बैठक में सभी ने हाथ उठा कर एवं एक देश एक चुनाव का नारा लगा कर उक्त प्रस्ताव का एक स्वर में समर्थन किया।

### वक्फ संशोधन बिल के पास होने पर भाजपा ने मनाई खुशी, समर्थन करने वाले सभी दलों-सांसदों का किया आभार व्यक्त

वक्फ कानून की विसंगतियां दूर करने और वक्फ संपत्तियों के असली हकदार को हक दिलाने हेतु मोदी सरकार द्वारा पेश किये गये वक्फ संशोधन बिल के पास होने पर भाजपा नगर मंडल आष्टा की बैठक में जम कर खुशी मनाई एवं मोदी सरकार सहित उन सभी दलों एवं समर्थन करने वाले सांसदों का आभार व्यक्त कर बधाई दी। बैठक में वक्ताओं ने कहा की कांग्रेस, सपा जैसे दल और भू-माफिया वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ लोगों को भड़काने का षडयंत्र रच रहे थे।

गरीब मुस्लिमों के अंत्योदय के लिए दो करोड़ लोगों के सुझाव लेकर किया गया है ये संशोधन।मुस्लिमों के हर तबके, महिलाओं और गरीबों को प्रतिनिधित्व देगा वक्फ संशोधन बिल ये बात विरोध करने वालो की परेशानी का कारण लगता है। क्योंकि विरोध करने वालेमुस्लिमों का भला नहीं चाहते है। तुष्टिकरण करने वाली कांग्रेस, वोट बैंक के लिए कर रही है मुस्लिम समाज को गुमराह। ये बिल अब वक्फ बोर्ड के कामकाज में पारदर्शिता लाएगा वक्फ संशोधन बिल से अब वक्फ बोर्ड की आय भी बढ़ेगी।

### आष्टा नगर मंडल की बैठक में

हेमकुवर मेवाड़ा ,राकेश सुराना,ललित नागोरी,सुशील संचेती,कृपाल पटरा,मुकेश बड़जात्या,उमेश शर्मा ,गिरजा कुशवाह ,निर्मला कुशवाह,बबली कुशवाह. ,अनीता ठाकुर ,पार्षद लता मुकाती,तेजपाल मुकाती,पार्षद रवि शर्मा ,तेजसिह राठौर ,डॉ सलीम,बाबु देव्वाल,भूरू खा ,कोमल जैन ,भगवत मेवाड़ा,कन्हैया गहलोत ,राधेश्याम अलेरिया ,सुरेश परमार ,अरशद अली ,मनोहर मालवीय ,प्रवेश शर्मा ,सुरेश जैन ,जुगल मालवीय ,जीतमल बागवान,मोहित सोनी ,सुमित मेहता ,राजेश ठाकुर ,इर्शाद अंसारी ,सलीम ठेकेदार ,अफसर हुसेन ,अर्जुन कर्मानखेड़ी,मनोहर श्रीवास्तव ,संतोष विश्वकर्मा ,अरशद अली ,राजेश मेवाड़ा,पवन वर्मा ,मनीष धारावा,दिनेश सोलंकी ,राजेश घेघट,हरदेव मेवाड़ा,संजय वर्मा ,जितेंद्र बुदासासहित नगर मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बूथ अध्यक्ष बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## इंदौर में 10 करोड़ की लागत से बन रहे नंदानगर सिविल अस्पताल का कार्य अंतिम चरण में ,जून में होगा शुभारंभ



**भोपाल।** इंदौर के नंदानगर स्थित सिविल अस्पताल का निर्माण कार्य अंतिम दौर में हैं। मई के अंतिम सप्ताह तक सभी कार्य पूर्ण कर जून माह में इसका शुभारंभ किया जायेगा। इस अस्पताल का निर्माण दस करोड़ रूपये की लागत से किया जा रहा है। यह अस्पताल पाँच मंजिला होकर 50 बिस्तरों का रहेगा। अस्पताल में ऑपरेशन, डिलेवरी आदि के लिये अत्याधुनिक साधन और सुविधाएं रहेंगी।

यह जानकारी शुक्रवार को इन्दौर में उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल और नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा किये गये अस्पताल निर्माण के निरीक्षण के दौरान दी गई। इस अवसर पर विधायक श्री रमेश मेंदोला, सुमित मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद थे। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने अस्पताल निर्माण कार्य की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिये कि सभी साधन और सुविधाओं सहित अस्पताल का निर्माण कार्य मई माह के अंत तक हर हाल में पूर्ण कर लिया जाये। जून माह में इस अस्पताल का शुभारंभ किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इस अस्पताल के निर्माण में किसी भी तरह की कोर कसर नहीं रखी जायेगी। गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाये। अस्पताल बेहतर से बेहतर बने यह प्रयास हो। उन्होंने कहा कि यह अस्पताल पूर्व में प्रसूति अस्पताल के रूप में मिल क्षेत्र में प्रतिष्ठित था। इसी प्रतिष्ठा के अनुरूप अस्पताल का निर्माण किया जा रहा है। इस अस्पताल का नामकरण मंत्री श्री विजयवर्गीय जी की माताजी के नाम पर किया जायेगा।

### भाजपा के आगामी कार्यक्रमों को लेकर सभी 24 मंडलों में बैठकें संपन्न

## 6 अप्रैल को जिले के सभी 1184 बूथों पर झंडा फहराकर मनाया जाएगा स्थापना दिवस : श्याम शिवहरे

**दमोह।** जिला मीडिया प्रभारी राघवेन्द्र सिंह परिहार और सह प्रभारी महेन्द्र जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर जिले के सभी मंडलों में बैठकें आयोजित की गई जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर जिला पदाधिकारी और वरिष्ठ कार्यकर्ताओ के मार्गदर्शन में रूप रेखा तैयार की गई। आज जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने भाजपा कार्यालय में नगर के रानी दमयंती और पं दीन दयाल नगर मण्डल की कामकाजी बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि 6 अप्रैल को पार्टी का स्थापना दिवस और 14 अप्रैल को भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती कार्यक्रम जिले के 1184 बूथों पर कार्यकर्ताओं द्वारा मनाया जाएगा, 6 अप्रैल को प्रत्येक कार्यकर्ता अपने अपने निवास पर पार्टी का ध्वज लगाकर पदाधिकारी पूरे हर्षोल्लास के साथ स्थापना दिवस मनाएगा। साथ ही कार्यालय की सजावट कर रंगोली सजाएं तथा मिठाई बांटेंगे ,। कार्यक्रमों के जिला प्रभारी जिला महामंत्री सतीश तिवारी ने रानी दमयंती मंडल की बैठक में कहा कि भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के साथ आगामी कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि 6 एवं 7 अप्रैल को बूथ स्तर पर और 8-9 अप्रैल को मंडल व विधानसभा स्तर पर भाजपा की चुनावी सफलता, संगठनात्मक विस्तार, भारतीय राजनीति में भाजपा द्वारा लाया गया परिवर्तन एवं प्रधानमंत्री के रूप में नरेंद्र मोदी के साथ विकसित भारत की ओर यात्रा जैसे विषयों पर नए प्राथमिक सदस्यों का सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। 7 से 12 अप्रैल के बीच जिला पदाधिकारी, जन प्रतिनिधि व मंडल अध्यक्ष दिन में 8 घंटे ÷बस्ती चलो अभियान÷ के तहत सेवा बस्ती का दौरा कर मंदिर, अस्पताल, स्कूल व गलियों में स्वच्छता अभियान में भाग लें। इस दौरान विभिन्न योजनाओं के 10 लाभार्थियों से मिलकर उनसे बातचीत करें, आंगनवाड़ी केंद्र, स्कूल, पशु चिकित्सालय, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व पंचायत कार्यालय का दौरा कर जल संरचनाओं की सफाई में सहभागिता करें। स्थानीय निवासियों की चौपाल का आयोजन तथा अलग-अलग समुदाय के प्रतिष्ठित व्यक्तियों के घर पहुंचना है। वरिष्ठ पार्टी कार्यकर्ता, मीसा बंदी तथा कारसेवकों का सम्मान करने के साथ बूथ समितियों की बैठक आयोजित करना है।



भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के पूर्व 13 अप्रैल को उनकी प्रतिमाओं की सफाई करना तथा संध्या के समय दीपोत्सव मनाना है। 14 अप्रैल को बाबा साहब की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित कर संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ करना है। आंगनबाड़ी केंद्रों और अनुसूचित जाति बस्तियों के स्कूल परिसरों की सफाई एवं सामुदायिक सुविधाओं का रखरखाव किया जाए। आज राम लाल उपाध्याय, जुगल अग्रवाल ने अभाना मंडल, संजय सेन राजकुमार सिंह तेजगढ़ मंडल,संजय यादव हटा नगर मण्डल, बहादुर पटेल, भोले सराफ हटा ग्रामीण मंडल, ब्रजेश दुबे मड़ीयादो मंडल,, अनिता खरे कुम्हारी मंडल, विधायक उमा देवी खटीक पटेरा मंडल, शिखा जैन हिंडोरिया मण्डल की बैठकों में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल हुए और आगामी संगठनात्मक विषयों पर कार्यकर्ताओं से चर्चा कर कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की। मंडल बैठक में मंडल अध्यक्ष सहित मंडल के पदाधिकारी एवं शक्ति केदो के प्रभारी संयोजक सहित वर्ष कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही

### महालक्ष्मी मंदिर में हुए माता के भजन

**छतरपुर।** चैत्र नवरात्र के पावन अवसर पर शुक्रवार को सरानी दरवाजा बाहर स्थित माता महालक्ष्मी मंदिर में अग्रसेन महिला विकास समिति द्वारा माता के भजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर समिति की अध्यक्ष सोनम कुलदीप अग्रवाल, संरक्षक सुनीता अग्रवाल, ज्ञानू अग्रवाल, वरिष्ठ उपाध्याय संगीता गंगाराम, उपाध्यक्ष रूपा राजेंद्र अग्रवाल, सचिव नीता अग्रवाल, सह कोषाध्यक्ष ज्योति गगन अग्रवाल, सचिव संगीता सौरभ अग्रवाल, कार्यक्रम प्रभारी रचना मुकेश अग्रवाल, प्रियंका अग्रवाल, मधु कमल अग्रवाल, सीमा वीरेंद्र अग्रवाल, सीमा वीरेंद्र, गायत्री राजेंद्र अग्रवाल, रेखा प्रमोद अग्रवाल सहित अन्य सदस्यों ने भाग लेकर माता के समक्ष भजनों की प्रस्तुति दी।

## महिलाओं ने निकाली जागरूकता रैली जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत की जल श्रोत की पूजा अर्चना

**सांध्य प्रकाश बैतूल।** प्रत्याशा संस्था, नवाकुर,मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा ग्राम नाहिया में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जागरूकता रैली निकली गई। संस्था की अध्यक्ष तूलिका पचौरी ने बताया की रैली के माध्यम से घर-घर में जल संरक्षण को लेकर जागरूकता की गयी एवं पास ही नाहिया डैम पर महिलाओं ने जाकर पूजा अर्चना की एवं जल बचाओ का संकल्प लिया। शामिनी देव एवं प्राजंलि तलहारकर ने बताया कि विश्व मांगलय सभा द्वारा ग्राम के शारदा मंदिर में दुर्गा सप्तशती का पाठ किया गया। पश्च्यात जल गंगा संवर्धन जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। गांव की महिलाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया गया महिलाओ ने बताया कि ग्राम नाहिया में जल की हमेशा समस्या रही है। इसलिए जल संरक्षण की बहुत आवश्यकता है।मिलकर जल स्तर बढ़ाने के लिए आवश्यक कार्य करेंगे। प्रमिला धोत्रे ने कहा कि पानी के बचाव के लिए हम सभी को एकजुट होकर जल संरक्षण हेतु प्रयास करना चाहिए। इस अवसर पर विश्व मंगल सभा की प्राजंलि तलहारकर, शामिनी देव, रूपाली कमाविसदार, वर्षा उमप, मंजू यादव, श्रीराम राव उपस्थित थे। तूलिका पचोरी द्वारा सभी को जल संरक्षण की शपथ दिलायी। कार्यक्रम में सुमित्रा झाडे, कविता चौरे, योगिता वराठे, पूनम पंडाग्रे, सीमा पाल, रेणुका वरदे, किरण धाकड़, अनुसूया बारपेटे, बाली, वंदना बारपेटे, अनीता चौरे, लक्ष्मी, मीना तुलसी, बाला, पुष्पा, मीरा, उमा, सरोज आदि महिलाएं उपस्थित थीं।




### कलेक्टर द्वारा गठित समिति द्वारा जिले के स्कूलों के किए गए निरीक्षण

## शीलिंग होम , सुमति एकेडमी , एडिफाई , डीसेन्ट सहित जिले के अन्य निजी स्कूलों का अधिकारियों ने निरीक्षण किया

**छतरपुर।** कलेक्टर पार्थ जैसवाल द्वारा नवीन सत्र 2025-26 प्रारंभ होने के परिपेक्ष्य में एवं अभिभावकों से अशासकीय विद्यालयों द्वारा पुस्तकें, गणवेश व अन्य शैक्षिक सामग्री के अनुचित एवं अधिक कीमत वसूलने के संबंध में समय-समय पर प्राप्त शिकायतों को दृष्टिगत रखते हुये तीन सदस्यीय ब्लॉक स्तरीय समिति का गठन किया गया है।

शुक्रवार को समिति के सदस्यीय अधिकारियों द्वारा जिले के विभिन्न निजी स्कूलों का निरीक्षण किया गया और पंचनामा बनाने हुए जिला समिति को आवश्यक कार्यवाही के लिए प्रतिवेदन भेजा गया।

अशासकीय शीलिंग होम पब्लिक स्कूल में एसडीएम अखिल राठौर ने दल द्वारा शीलिंग होम पब्लिक स्कूल का निरीक्षण किया गया। विद्यालय परिसर के गेट क 01 के बगल में दो दुकानों में स्कूल की ड्रेस टाई, बेल्ट एवं कितायें विक्रय हेतु बहुत अधिक मात्रा में रखी हुई पाई गई। शासन के निर्देशों के बावजूद भी दिनांक 01 से 05 अप्रैल तक विद्यालय की पुस्तकें पुस्तक मेला में छात्रों को उपलब्ध नहीं कराई गई। जिसके लिए विद्यालय प्रबंधन को निर्देशित किया गया। पुस्तक क्रय हेतु विद्यालय में उपस्थित अभिभावक रमजान खॉन के अनुसार उनका पुत्र मो. अशद खॉन आरटीई के तहत कक्षा 4 में अध्ययन करता है जिस पर पुस्तक एवं ड्रेस विद्यालय से क्रय करने हेतु दबाव बनाया जाता है। इसके अलावा सुमति एकेडमी में संयुक्त दल द्वारा निरीक्षण किया गया। विद्यालय में कक्षा 1 से 5वीं तक प्राइवेट पब्लिकेशन की पुस्तकें संचालित पाई गई। कक्षा 6वीं से 12वी तक एनसीईआरटी पुस्तकें संचालित पाई गई। पुस्तक मेले में पुस्तके उपलब्ध कराने एवं डिस्काउंट प्रदान करने के संबंध में निर्देशित किया गया।

इसी प्रकार एडिफाई स्कूल के निरीक्षण में विद्यालय में कक्षा 1 से 5वी तक प्राइवेट पब्लिकेशन की पुस्तकें संचालित पाई गई। निरीक्षण के दौरान पाया गया 1 से 5वीं तक की पुस्तकें स्कूल हेडक्वार्टर हैदराबाद से सीये रामा जंक्शन बुक सेलर के पास आती है जहाँ से विद्यार्थियों के द्वारा ली जाती है विद्यालय द्वारा यही पुस्तके खरीदने हेतु दबाव बनाया जाता है। कक्षा 6वी से लेकर 12वी तक एनसीईआरटी की बुक्स चलती है कक्षा 1 से 5वी तक की किताबों में एडीफाई एजुकेशन प्राइवेट लि. अंकित पाया गया। किताबों पर विक्रय मूल्य अंकित नही पाया गया। शासन के निर्देशों के बावजूद भी 1 अप्रैल से 5 अप्रैल तक पुस्तक मेले में पुस्तके उपलब्ध नहीं कराई गई। पुस्तक मेले में पुस्तकें उपलब्ध कराने एवं डिस्काउंट प्रदान करने के लिए निर्देशित किया गया।



डीसेन्ट पब्लिक स्कूल जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला परियोजना समन्वयक आर.पी. प्रजापति द्वारा विद्यालय का निरीक्षण करते हुए विद्यालय में प्राइवेट पब्लिकेशन की पुस्तकें संचालित पाई गई। विद्यालय संबंधी आवश्यक जानकारी जैसे प्रवेश प्रक्रिया, पाठ्यपुस्तक, स्टेशनरी आदि की जानकारी नॉटिस बोर्ड पर चस्पा नहीं पाई गई। पोर्टल पर फीस स्ट्रक्चर अपलोड नहीं किया गया। शासन के निर्देशों के बावजूद भी पुस्तक मेले मे पुस्तकें भेजने के लिए कार्यवाही नहीं की गई।

उक्त संबंध में अग्रिम कार्यवाही के लिए जिला स्तरीय समिति को आवश्यक कार्यवाही के लिए प्रतिवेदन भेजा गया। इसी क्रम में बड़ामलहरा, भगवा, बक्सवाहा, गौरीहर, बारीगढ़, महाराजपुर, चंदला, लवकुशनगर क्षेत्र के निजी विद्यालयों में भी अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया गया।

## बैतूल की लाडली पिंकी उइके का राष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट के लिए चयन



**सांध्य प्रकाश बैतूल।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टिकारी की छात्रा पिंकी उइके का चयन 68 वीं राष्ट्रीय शालेय फुटबॉल प्रतियोगिता (14 वर्षीय बालिका वर्ग) के लिए हुआ है। यह टूर्नामेंट 25 अप्रैल से 29 अप्रैल तक कोल्हापुर महाराष्ट्र में आयोजित होगा। इस बड़ी उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य श्री एस.के.पाटिल एवं समस्त शाला परिवार ने पिंकी सहित टीम में सभी चयनित खिलाड़ियों और फुटबॉल कोच कृष्णा उइके का पुष्पगुच्छ देकर अभिनंदन किया। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि यह उपलब्धि जिला और विद्यालय दोनों के लिए गर्व की बात है। सभी को बधाई दी।

# पैरामेट्रिक्स टेक्नोलॉजीज की रणनीतिक अधिग्रहण की बड़ी घोषणा!

**मुंबई।** पैरामेट्रिक्स टेक्नोलॉजीज लिमिटेड जो एक प्रमुख तकनीकी समाधान प्रदाता है, यह घोषणा करते हुए हर्ष हो रहा है कि परामेट्रिक्स टेक्नोलॉजीज लिमिटेड, हाँगकाँग, जो परामेट्रिक्स टेक्नोलॉजीज लिमिटेड (भारत) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी ने जापान में निगमित कंपनी पैरामैट्रिक्स टेक्नोलॉजीज केके में 51त्न हिस्सेदारी के अधिग्रहण को मंजूरी दे दी है। समझौते के तहत, परामेट्रिक्स टेक्नोलॉजीज लिमिटेड, हाँगकाँग श्री जॉन ज़ेंडानो से 510 इक्विटी शेयर प्रति शेयर अ10,000 (लगभग 5,723) की दर से खरीदेगा। इस सौदे की कुल कीमत अ5.1 मिलियन (लगभग 29 लाख) होगी। इस रणनीतिक अधिग्रहण के माध्यम से, पैरामेट्रिक्स टेक्नोलॉजीज अपनी वैश्विक उपस्थिति को और मजबूत करेगा तथा जापान के तकनीकी परिदृश्य में अपनी विशेषज्ञता का विस्तार करेगा।यह अधिग्रहण कंपनी की अंतरराष्ट्रीय विस्तार योजना का हिस्सा है, जिससे वह नए बाज़ारों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने और वैश्विक स्तर पर अपनी पकड़ मजबूत करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। पैरामेट्रिक्स टेक्नोलॉजीज केके की स्थापना सितंबर 2024 में हुई थी और यह सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र में कार्यरत है। हालांकि कंपनी ने अभी तक अपने व्यावसायिक संचालन शुरू नहीं किए हैं, यह अधिग्रहण जापान में भविष्य की व्यावसायिक गतिविधियों और सहयोगों का समर्थन करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।इस लेनदेन को जापान के अर्थव्यवस्था, व्यापार और उद्योग मंत्रालय से मंजूरी मिल चुकी है। अधिग्रहण के लिए भुगतान 5 अप्रैल 2025 तक पूरा होने की उम्मीद है। यह अधिग्रहण पैरामेट्रिक्स टेक्नोलॉजीज लिमिटेड की अपनी वैश्विक उपस्थिति का विस्तार करने और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में नए व्यावसायिक अवसरों को तलाशने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। पैरामेट्रिक्स टेक्नोलॉजीज लिमिटेड के संस्थापक, प्रबंध निदेशक और सीईओ, श्री मुकेश ठुमर ने इस विकास पर टिप्पणी करते हुए कहा यह अधिग्रहण हमारी अंतरराष्ट्रीय विस्तार योजनाओं में एक महत्वपूर्ण कदम है। जापान एक स्थापित प्रौद्योगिकी बाजार है, जिसमें अपार विकास की संभावनाएँ हैं। इस कदम के जरिए हम इस क्षेत्र में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। हम अपने अनुभव और विशेषज्ञता का लाभ उठाकर दीर्घकालिक मूल्य निर्माण पर ध्यान केंद्रित करेंगे और संगठित रूप से वैश्विक संचालन को मजबूत करते हुए स्थिर वृद्धि बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे।

## वीवीआईपी इंफ्राटेक को बड़ा सरकारी प्रोजेक्ट - सीवर और बिजली सुधार के लिए 414 करोड़ का अनुबंध

**मुंबई।** वीवीआईपी इंफ्राटेक लिमिटेड को उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश में विकास कार्यों के लिए 414 करोड़ के सरकारी ऑर्डर मिले हैं। ये प्रोजेक्ट सरकारी विभागों ने पास किए हैं और अंतरराष्ट्रीय फाइनेंस कंपनियों का समर्थन मिला है। यह दिखाता है कि वीवीआईपी इंफ्राटेक देश के विकास में अहम भूमिका निभा रही है। कंपनी के डायरेक्टर वैभव त्यागी ने कहा, इन प्रोजेक्ट्स को मिलना हमारे लिए गर्व की बात है। हम देश की तरक्की और साफ-सफाई के कामों में सहयोग देने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। हमारी कोशिश है कि हम बेहतर क्वालिटी, नई तकनीक और समय पर काम करके देश के विकास में मदद करें। यह 175.80 करोड़ की योजना है, जिसे जर्मनी की संस्था फंड कर रही है। इसका मकसद राज्य के साफ-सफाई सिस्टम को बेहतर बनाना है। यह 238.36 करोड़ की योजना है, जो भारत सरकार की आरडीएसएस योजना के तहत आती है। इसमें कई इलाके शामिल हैं, जैसे- बुलंदशहर , सहारनपुर , मुरादाबाद , मेरठ ,इन प्रोजेक्ट्स को सरकार और अंतरराष्ट्रीय फाइनेंस कंपनियों से फंड मिला है, जिससे कंपनी को अच्छी क्रेडिट रेटिंग और समय पर भुगतान मिलता है। वीवीआईपी इंफ्राटेक की ऑर्डर बुक में ज्यादातर वही काम होते हैं जो भरोसेमंद और बड़े संस्थान देते हैं। वीवीआईपी इंफ्राटेक लिमिटेड देश की जानी-मानी कंपनी है, जो सिविल और बिजली के बड़े काम करती है। 20 साल से ज्यादा के अनुभव वाली इस कंपनी की खासियत है ,कंपनी समय पर, अच्छे क्वालिटी और किफायती बजट में काम करने में विश्वास रखती है।

## टीवीएस अपाचे: 6 मिलियन का मजबूत आंकड़ा और 20 सालों की रेसिंग की धरोहर

**बैंगलुरू, एजेंसी।** दोपहिया एवं तिपहिया सेगमेन्ट में अग्रणी विश्वस्तरीय ऑटोनिर्माता टीवीएस मोटर कंपनी अपने प्रीमियम मोटरसाइकल ब्राण्ड टीवीएस अपाचे की दो उपलब्धियों का जश्न मना रही है- ब्राण्ड की 20वीं सालगिरह और दुनिया भर में 6 मिलियन से अधिक उपभोक्ताओं का भरोसा। आधुनिक रेसिंग टेक्नोलॉजी से बनी और टीवीएस रेसिंग चैम्पियनशिप की वंशावली से प्रेरित टीवीएस अपाचे 60 से अधिक देशों में सबसे तेज़ी से विकसित होते स्पोर्ट्स मोटरसाइकल ब्राण्ड्स में से एक बन चुकी है। दो दशकों से इसने युवाओं एवं मोटरसाइकल प्रशंसकों के उत्साह को बढ़ाया है तथा मैदान एवं सड़कों पर पावर, सटीकता एवं परफोर्मेन्स का शानदार संयोजन प्रस्तुत किया है। इस उपलब्धि पर उत्साह व्यक्त करते हुए सुदर्शन वेनु, मैनेजिंग डायरेक्टर, टीवीएस मोटर कंपनी ने कहा, ''हम टीवीएस अपाचे के 6 मिलियन से अधिक राइडरों के प्रति आभारी हैं, जिन्होंने पिछले 20 सालों के दौरान हमारे ब्राण्ड के प्रति उत्साह एवं भरोसा दर्शाया है। उनके इसी उत्साह के चलते आज टीवीएस अपाचे दुनिया में सबसे तेज़ी से विकसित होते स्पोर्ट्स मोटरसाइकल ब्राण्ड्स में से एक बन चुका है।

## खाकी: द बंगाल चैप्टर नेटफ्लिक्स पर लॉन्च

**इंदौर, एजेंसी।** नीरज पांडे द्वारा बनाई गई खाकी: द बंगाल चैप्टर कोलकाता का एक नया रंग - भ्रष्टाचार और न्याय की जटिलताओं को बारीकी से पेश करती है। यह सात एपिसोड वाली नेटफ्लिक्स की क्राइम थ्रिलर एक ईमानदार आईपीएस अधिकारी अर्जुन मैत्रा की कहानी है, जो बिना डरे एक भ्रष्ट सिस्टम के खिलाफ लड़ाई लड़ता है। इस सीरीज़ ने लॉन्च होते ही दुनियाभर में जबरदस्त लोकप्रियता हासिल की और नेटफ्लिक्स के ग्लोबल टॉप 10 (नॉन-इंग्लिश टीवी) लिस्ट में जगह बनाई। 12 देशों में यह शो अपनी दमदार कहानी और बेहतरीन एक्टिंग की वजह से छाया हुआ है। इसमें जीत, प्रोसेनजीत चटर्जी, सास्वता चटर्जी, परमब्रत चटर्जी, ऋत्विक भौमिक, आदिल जफर खान, चित्रांगदा सिंह, पूजा चोपड़ा, आकांक्षा सिंह, मिमोह चक्रवर्ती और श्रद्धा दास जैसे कलाकारों ने शानदार अभिनय किया है। यह कहानी राजनीति और अपराध के टकराव की है, जहां सत्ता की सच्चाई और आदर्शवाद के बीच एक शतरंज जैसी जंग चलती है। चित्रांगदा सिंह द्वारा निभाई गई विपक्षी पार्टी की तेज़-तर्रार और मौकापरस्त नेता निबेदिता बसाक और सागोर (ऋत्विक भौमिक) और रंजीत (आदिल जफर खान) की जोड़ी इस कहानी में नए रंग भरती है, जिससे यह शो एक्शन और क्राइम ड्रामा के शौकीनों के लिए एक मस्ट-वॉच बन जाता है।

# ChatGPT से बन रहे नकली आधार और पैन कार्ड, पहचान चोरी होने का बढ़ा खतरा




**नई दिल्ली, एजेंसी।** हाल ही में ChatGPT जैसे AI टूल्स का गलत इस्तेमाल तेजी से बढ़ा है, जिससे नकली आधार और पैन कार्ड बनाने की घटनाएं सामने आई हैं। ह्श्वद्गठ्ठ के त्नक्क्ञ-4श मॉडल के द्वारा इमेज जनरेशन की नई क्षमता के साथ अब लोग असली जैसे दस्तावेज तैयार कर रहे हैं, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। यह मामला न केवल हैरान करने वाला है, बल्कि तकनीकी विकास के गलत इस्तेमाल को लेकर गंभीर सवाल भी खड़े करता है।

GPT-4o के लॉन्च होने के बाद ChatGPT ने 700 मिलियन से अधिक तस्वीरें बनाई हैं। इसका इमेज जनरेशन फीचर अब बहुत पावरफुल हो चुका है, जिससे नकली आधार कार्ड तैयार करना बेहद आसान हो गया है। इन नकली कार्डों में असली आधार कार्ड जैसी डिजाइन, बारकोड और नंबर होते हैं, बस चेहरे के फीचर्स थोड़े अलग दिखते हैं। इसके बावजूद, पूरी तस्वीर असली जैसी लगती है, जिससे इसे पहचान पाना मुश्किल हो जाता है। आधार कार्ड के अलावा, अब लोग ChatGPT से नकली क्क्रू कार्ड भी बना रहे हैं। इन कार्डों में असली कार्ड जैसी डिज़ाइन और जानकारी होती है, लेकिन चेहरे की कमी के कारण इन्हें पकड़ना मुश्किल हो जाता है। विशेषज्ञों का मानना है कि क्क्रू कार्ड जैसे दस्तावेजों में चेहरा नहीं होता, जिससे धोखाधड़ी करना आसान हो जाता है। जबकि आधार कार्ड की जानकारी को आसानी से बैकएंड सिस्टम से जांचा जा सकता है, PAN और ड्राइविंग लाइसेंस में इस तरह की जांच करना अधिक चुनौतीपूर्ण होता है। GPT-yo का इमेज जनरेशन सिस्टम पहले के ष्ठरू-श्व मॉडल से कहीं ज्यादा सटीक और फोटोरियलिस्टिक इमेज बना सकता है। हालांकि, ह्श्वद्गठ्ठ ने बच्चों की फोटो, एडल्ट कंटेंट और हिंसक सामग्री पर सख्त पाबंदी लगाई है, फिर भी यह तकनीक अब ऐसे फर्जी दस्तावेज तैयार करने में इस्तेमाल हो रही है। इससे समाज में पहचान की चोरी और धोखाधड़ी जैसी समस्याओं का सामना हो सकता है।

विशेषज्ञों का मानना है कि-ढ्ढ टूल्स के इस्तेमाल पर सख्त नियम बनाने की आवश्यकता है। डिजिटल वॉटरमार्क और कंटेंट ट्रैकिंग जैसी तकनीकों को लागू करना जरूरी होगा, ताकि इन तस्वीरों का गलत इस्तेमाल रोका जा सके। इसके अलावा, पहचान चोरी को रोकने के लिए सख्त नियमों की आवश्यकता है, ताकि डिजिटल धोखाधड़ी से बचा जा सके।

# ट्रंप के टैरिफ ने 12 घंटे में बदल दी अमीरों की दुनिया, दोस्त एलन मस्क को भी नहीं बख्शा



**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने आखिरकार अपनी धमकी को सच कर दिखाया और भारत सहित दुनिया के करीब 50 देशों पर टैरिफ ठोक दिया है. डोनाल्ड ट्रंप ने 2 अप्रैल 2025 को लिबरेशन डे के अवसर पर विभिन्न देशों से आयातित वस्तुओं पर नए रिसिप्रोकल टैरिफ लगाने की घोषणा कर दी है. ट्रंप ने इस टैरिफ को डिस्काउंटेड टैरिफ कहा है. उनके इस टैरिफ बम से दोस्त हो या दुश्मन सभी को मोटा नुकसान हुआ है.

जब से उन्होंने टैरिफ का ऐलान किया है अमीरों की दुनिया में बड़ा खेल देखने को मिला है. ब्लूमबर्ग की टॉप अमीरों की लिस्ट में दोस्त एलन मस्क हों या एशिया के सबसे अमीर शख्स मुकेश अंबानी, सभी को मोटा नुकसान है. इस लिस्ट में अकेले गौतम अडानी ही ऐसे शख्स हैं जिन्होंने इस दौरान कमाई की है. आइए बताते हैं क्या है दुनिया के टॉप अमीरों का का हाल। दुनिया के सबसे अमीरों की लिस्ट में शामिल अरबपतियों की संपत्ति में बड़ी गिरावट देखने को मिली है. एलन मस्क से लेकर बिल गेट्स तक और मुकेश अंबानी तक की नेटवर्थ घटी है. सबसे ज्यादा घाटा मेटा के मालिक मार्क जकरबर्ग को हुआ है, 24 घंटे में इनकी दौलत 17.9 अरब डॉलर घट गई है. इसके बाद सबसे ज्यादा नुकसान अमेजन के मालिक जेफ़ बेजोस को हुआ है, उनकी दौलत 24 घंटे में 15 अरब डॉलर से ज्यादा घट गई है. ब्लूमबर्ग बिलेनियर्स इंडेक्स ीमित नहीं है, बल्कि दुनिया के 20 सबसे अमीरों की संपत्ति में देखने को मिली है. ट्रंप के खास दोस्त और टेस्ला-स्पेसएक्स जैसे कंपनियों के मालिक एलन मस्क की संपत्ति 11 अरब डॉलर घटकर 322 अरब डॉलर पर आ गई है, हालांकि ये अभी भी दुनिया के सबसे अमीर इंसान बने हुए हैं. वहीं दूसरी ओर अमेजन के मालिक जेफ बेजोस की नेटवर्थ 15.9 अरब डॉलर गिरकर 201 अरब डॉलर, जबकि फ्रांसीसी अरबपति बर्नार्ड अर्नाल्ट की संपत्ति 6.22 अरब डॉलर की गिरावट के साथ 163 अरब डॉलर रह गई है.

**अकेले अडानी की हुई कमाई:** ये तो रही 10 सबसे अमीर लोगों की बात, वहीं टॉप-20 अमीरों की लिस्ट में गौर करें, तो ऊपर बताए गए रईसों के अलावा भारत के सबसे अमीर शख्स और रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी की संपत्ति में 73.3 लाख करोड़ की कमी आई है और ये घटकर 89.8 अरब डॉलर रह गई है इसी के साथ वो टॉप 15 की लिस्ट से बाहर हो कर 16वें नंबर पर आ गए हैं। वहीं अमीरों की लिस्ट में 20वें पायदान पर मौजूद अडानी ग्रुप के चेयरमैन गौतम अडानी की नेटवर्थ में 1.39 अरब डॉलर की बढ़ी है. टॉप 20 अमीरों की दुनिया में इकलौते अडानी ही हैं जिनकी दौलत में इजाफा देखने को मिला है.

# 9 करोड़ किसानों को मिलेंगे 2000 रुपए, आएगी पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किस्त



**नई दिल्ली , एजेंसी।** देश के करोड़ों किसानों के लिए बड़ी खबर हैं। पीएम किसान सम्मान निधि योजना केंद्र सरकार की बड़ी योजना हैं। जिसके तहत किसानों को सालाना 6000 रूपए 3 समान किस्तों में उपलब्ध कराए जाते हैं। चार महीने पर तीन किस्तों में उन्हें 2000 रूपए खाते में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के जरिए भेजे जाते हैं। इसका लाभ अभी तक 7 करोड़ किसानों को मिलता है। जिनके पास 2 हेक्टेयर तक जमीन है। उनके यह सुविधा उपलब्ध कराई गई है। करोड़ों किसान अगली किस्त का इंतजार कर रहे हैं। ध्यान रहे पीएम किसान योजना का लाभ केवल उन्हीं किसानों को मिलना है, जिन्होंने सरकार द्वारा जारी किए गए सभी नियम का पालन किया है। ईकेवायसी, भूलेख का सत्यापन, बैंक खाता आधार से लिंक और एनपीसीआई की प्रक्रिया पूरी करने वाले किसानों को ही प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ मिलेगा।प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के नियम अनुसार पहली किस्त अप्रैल से जुलाई के बीच, दूसरी किस्त अगस्त से नवंबर के बीच और तीसरी किस्त राशि दिसंबर से मार्च के महीने में जारी की जाती है। इस आधार पर अगली क़िस्त की राशि अप्रैल से जुलाई के बीच जारी होने का अनुमान है। किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ लेने के लिए ईकेवाईसी का कार्य पूरा करना होगा। इसके लिए उन्हें आधार नंबर और रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर को दर्ज कर ई केवाईसी की प्रक्रिया को पूरा करना होगा। मोबाइल आधार से लिंक होना अनिवार्य है। प्ले स्टोर पर जाकर पीएम किसान निधि ऐप को डाउनलोड करें। इस प्रक्रिया को पूरा किया जा सकता है। इसके साथ ही भूमि सत्यापन का कार्य अवश्य पूरा करें। साथ ही किसानों को अपने खाते पर एनपीसीआई करवाना होगा।

नजदीकी बैंक शाखा पर बैंक पासबुक और आधार कार्ड के जरिए इस प्रक्रिया को पूरा किया जा सकता है।

## ओटीटी की सबसे अच्छी रिलीज़ देखिए टाटा प्ले बिंज पर

**मुंबई, एजेंसी।** टाटा प्ले बिंज बेहतरीन मनोरंजन, एक्शन और ड्रामा के साथ शानदार फिल्में और शो पेश कर रहा है। दर्शकों के अलग-अलग मूड के लिए पेश किए जा रहे हैं विभिन्न शैलियों में अनेकों कार्यक्रम, जो सबसे अच्छी सामग्री के साथ मन को तरोताजा कर देंगे। इसलिए टाटा प्ले बिंज पर पूरे महीने लगातार मनोरंजन का आनंद लेने के लिए तैयार हो जाईये! बी हैप्पी एक खुशनुमा फिल्म है, जो हँसी-मजाक, भावनाओं और प्रेरणा से भरपूर है। इसका निर्देशन मशहूर नृत्य निर्देशक से निर्देशक बने रेमो डीसूज़ा ने किया है। इस हिंदी फिल्म में अभिषेक बच्चन और नोरा फतेही ने मुख्य भूमिकाएं निभाई हैं। फिल्म में आरव (अभिषेक बच्चन) का जीवन दिखाया गया है। वो एक प्रतिभाशाली नर्तक हैं, जिनके सपने एक दुखद दुर्घटना के बाद टूट जाते हैं। आरव आशा, दृढ़ निश्चय और अपनी मार्गदर्शिका (नोरा फतेही) की मदद से अपने लक्ष्य की ओर फिर से संघर्ष शुरू करते हैं। नोरा उन्हें एक बार फिर नृत्य करने के लिए प्रोत्साहित करती हैं। अपने बेहतरीन प्रदर्शनों, जबरदस्त नृत्य और भावुक क्षणों के साथ बी हैप्पी फिल्म दर्शकों को मनोरंजन के साथ प्रोत्साहन भी प्रदान करेगी। यह फिल्म टाटा प्ले बिंज़ पर उपलब्ध है!

## मसूरी में 1974 बैच के सिविल सर्विसेस का 50 वर्षीय गोल्डन जुबली रीयूनियन कार्यक्रम, MP कैडर के 6 अधिकारियों ने भाग लिया

**मसूरी।** लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासनिक अकादमी, मसूरी में 1974 बैच के सिविल सर्विसेस का 50 वर्षीय गोल्डन जुबली रीयूनियन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें इस बैच के अधिकारियों ने उत्साह से भाग लिया। कुल शामिल 89 अधिकारियों में मध्य प्रदेश कैडर के 5 ढ्ढ्रस् अधिकारी खुशी राम, के एम आचार्य, श्रीमती सुषमानाथ, श्रीमती रंजना चौधरी, श्रीमती अलका सिरोही व ढ्ढक्क्र के एकमात्र एन के त्रिपाठी सपत्नीक सम्मिलित हुए। इस रीयूनियन कार्यक्रम में सर्वप्रथम अधिकारियों ने अपने बैच के दिवंगत अधिकारियों को श्रद्धांजली अर्पित की। इसके उपरांत औपचारिक कार्यक्रम में अधिकारियों ने अपने कार्यकाल के विशिष्ट अनुभवों को प्रस्तुत किया। अधिकारियों द्वारा एक सांस्कृतिक संध्या का भी आयोजन किया गया, जिसमें अधिकारियों द्वारा विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। अकादमी के डायरेक्टर ने इस बैच के अधिकारियों को स्मृति चिन्ह तथा प्रमाण पत्र अपने हाथों से वितरित किए।



## एचएमडी ने संगीत पर केंद्रित विशेषताओं वाले फोन लॉन्च किए

**नई दिल्ली , एजेंसी।** ह्यूमन मोबाइल डिवाइस ने आज अपने नए फीचर फोन एचएमडी 130 म्यूज़िक और एचएमडी 150 म्यूज़िक के लॉन्च की घोषणा की। डेडिकेटेड म्यूज़िक कंट्रोल्स वाले ये फोन संगीत प्रेमियों के लिए डिज़ाइन किए गए हैं। इन दोनों फोन पर ब्रांड की ओर से 1 साल की रिप्लेसमेंट गारंटी दी गयी है। भारतीय बाज़ार में बेजोड़ कीमत में अभिनव मोबाइल समाधान प्रदान करने की कंपनी की प्रतिबद्धता में यह एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। एचएमडी के वीपी और सीईओ - भारत और एपीएसी, रवि कुंवर के साथ नए उत्पादों का अनावरण करने के इस अवसर पर, राजस्थान रॉयल्स के डायरेक्टर ऑफ़ क्रिकेट कुमार संगकारा भी मौजूद थे। इन गणमान्यों ने सहमति दर्शायी कि, एचएमडी के नवाचार-संचालित सिद्धांत रॉयल्स के तकनीक-अग्रणी और स्थिरता-नेतृत्व वाले दृष्टिकोण के साथ मैदान पर और बाहर भी अनुकूलित हैं।

सबसे तेज़ आवाज़ वाले फीचर फोन एचएमडी 130 म्यूज़िक और एचएमडी 150 म्यूज़िक में बेहतरीन ऑडियो, लंबे समय तक चलने वाली बैटरी लाइफ और स्टाइलिश डिज़ाइन आदि लाभ मिलते हैं। एचएमडी 130 म्यूज़िक ब्लू, डार्क ग्रे और रेड और एचएमडी 150 म्यूज़िक लाइट ब्लू, पर्पल और ग्रे जैसे ट्रेंडी रंगों में उपलब्ध हैं। क्रिकेट के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मज़बूत करते हुए, एचएमडी ने आईपीएल 2025 के लिए अपने ऑफिशियल स्मार्टफोन पार्टनर के रूप में राजस्थान रॉयल्स के साथ अपनी साझेदारी को आगे बढ़ाया है। एचएमडी ने क्रिकेट के प्रति अपने जुनून को जारी रखते हुए, भारतीय उपभोक्ताओं के साथ जुड़े रहने की प्रतिबद्धता को मज़बूत किया है, साथ ही अपने उपभोक्ताओं को डिजिटल समाधान प्रदान करना भी जारी रखा है। लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, एचएमडी इंडिया और एपीएसी के वीपी और सीईओ रवि कुंवर ने कहा, एचएमडी में, हम भारतीय उपभोक्ताओं की विविध आवश्यकताओं को समझते हैं।

## पोको सी71: सेगमेंट के अल्टीमेट ब्लॉकबस्टर ने बाजार में रखा कदम!

**बैंगलोर, एजेंसी।** परफॉर्मेंस-फोकस्ड टेक ब्रांड पोको ने बजट स्मार्टफोन सेगमेंट में अपनी नई पेशकश पोको सी71 लॉन्च कर दी है। बेहतरीन डिस्प्ले, दमदार फीचर्स और अत्याधुनिक परफॉर्मेंस के साथ यह स्मार्टफोन अपने मूल्य वर्ग में एक नई मिसाल कायम करता है। सिर्फ 6,499 में, पोको सी71 सेगमेंट का पहला स्मार्टफोन है जो 6.88 इंच का जीबी+ डिस्प्ले, 120एच5 अडेप्टिव रिफ्रेश रेट और टीयूवी राइनलैंड ट्रिपल आई प्रोटेक्शन जैसी प्रीमियम विशेषताएं पेश करता है। वेट टच डिस्प्ले तकनीक के साथ यह फोन गीले हाथों या हल्की बारिश में भी सटीक टच रिस्पॉन्स देता है। रिफाइंड, स्टाइलिश कैमरा डेको के साथ स्लीक फ्लैट फ्रेम डिवाइस को एक प्रीमियम लुक और फील देता है, जो इसे अपने सेगमेंट में सबसे अलग बनाता है। एक प्रीमियम गोल्डन रिंग कैमरा डेको और बोल्ड, आकर्षक लुक के लिए एक खास स्प्लिट-ग्रिड डिज़ाइन की विशेषता है। केवल 8.26 मिमी पतला होने से यह एक आरामदायक पकड़ प्रदान करता है, जिससे पूरे दिन सहज हैंडलिंग की जा सकती है। गोल्ड, ब्लू और ब्लैक जैसे तीन शानदार रंगों में उपलब्ध पोको सी71 एक डायनेमिक पैकेज में खूबसूरती और परफॉर्मेंस दोनों प्रदान करता है।

# किसानों एवं एमएसएमई को सशक्त बना रहे फ्लिपकार्ट समर्थ कृषि एवं एसईआरपी आंध्रप्रदेश



**मुंबई, एजेंसी।** घरेलू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने सोसायटी फॉर एम्पावरमेंट ऑफ रूरल पॉवर्टी, आंध्र प्रदेश सरकार के साथ मिलकर फ्लिपकार्ट समर्थ कृषि पहल के तहत अनंतपुर में कार्यशाला का आयोजन किया। आंध्र प्रदेश सरकार के एमएसएमई मंत्री श्री कोडापल्ली श्रीनिवास की अध्यक्षता में आयोजित सत्र में किसान उत्पादक संगठनों को बाजार से जुड़ी अहम जानकारियों, डिजिटल टूल्स और कारोबार के विकास के लिए जरूरी रणनीति से लैस करने पर ध्यान केंद्रित किया गया। कार्यशाला के दौरान राष्ट्रीय बाजार तक किसानों एवं कृषि कारोबारियों की पहुंच में मदद के लिए फ्लिपकार्ट के निजी लेबल वाले किराना कारोबार की सोर्सिंग से जुड़े अवसरों पर भी जोर दिया गया। इस साझेदारी को लेकर फ्लिपकार्ट ग्रुप के चीफ कॉरपोरेट अफेयर्स ऑफिसर रजनीश कुमार ने कहा टेक्नोलॉजी द्वारा संचालित समाधान के माध्यम से छोटे कारोबारियों और किसानों का समर्थन करना फ्लिपकार्ट के विजन का हिस्सा रहा है। आंध्र प्रदेश हमारे लिए प्राथमिकता वाला क्षेत्र रहा है। एसईआरपी के साथ साझेदारी करते हुए हम कृषि कारोबारियों एवं ग्रामीण उद्यमियों को जरूरी टूल्स, जानकारियां एवं पहुंच बढ़ाने व डिजिटल इकोनॉमी में सफलता के अवसर प्रदान करते हुए सशक्त करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।इस गठजोड़ के तहत फ्लिपकार्ट समर्थ कृषि ने एसईआरपी आंध्र प्रदेश के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया है। एमएसएमई, कृषि कारोबारियों एवं किसान समुदायों को बाजार तक रणनीतिक लिंकेज एवं ई-कॉमर्स इंटीग्रेशन के माध्यम से समर्थन प्रदान करने के लक्ष्य के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया है। इस साझेदारी का उद्देश्य सतत विकास को सक्षम बनाना, आजीविका सृजित करना और राज्य में छोटे कारोबारियों एवं किसानों का आर्थिक समावेश बढ़ाना है।फ्लिपकार्ट समर्थ कृषि 2019 में लॉन्च की गई फ्लिपकार्ट समर्थ पहल का ही विस्तार है। यह एमएसएमई, कारीगरों एवं वंचित समुदायों को ई-कॉमर्स के माध्यम से समावेशी व राष्ट्रव्यापी डिजिटल प्लेटफॉर्म प्रदान करते हुए उनके लिए विकास के नए अवसर खोलने पर केंद्रित है। इससे उन्हें बेहतर आजीविका कमाने की क्षमता विकसित करने में मदद मिलती है। इस कार्यक्रम ने राज्य एवं केंद्र के मंत्रालयों, सरकारी विभागों और देशभर में विभिन्न संस्थानों के साथ रणनीतिक जुड़ाव एवं साझेदारियों के माध्यम से उल्लेखनीय विकास किया है।

# पेयजल प्रदाय में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी: राकेश सिंह

## खरीदी केंद्रों में किसानों को न हो किसी भी तरह की परेशानी, प्रभारी मंत्री ने ली जिला योजना समिति की बैठक



**छिन्दवाड़ा।** प्रदेश के लोक निर्माण विभाग के मंत्री और छिंदवाड़ा जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह की अध्यक्षता में आज जिला योजना समिति की बैठक कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में संपन्न हुई। बैठक में निर्धारित एजेंडा बिंदुओं के अनुसार नगरीय क्षेत्र में पेयजल व्यवस्था, गेहूं उपार्जन, जल जीवन मिशन एवं अन्य बिंदुओं पर विभागों की गहन समीक्षा की गई और आवश्यक दिशा निर्देश दिए । जनप्रतिनिधियों से विभिन्न सुझाव भी लिए गए।

प्रभारी मंत्री सिंह ने स्पष्ट एवं सख्त निर्देश दिए हैं कि नगरीय एवं ग्रामीण किसी भी क्षेत्र में पेयजल प्रदाय में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। सभी सीएमओ नगरीय निकाय में जहां-जहां वर्तमान में पेयजल की समस्याएं है, नियमित जल का प्रदाय नहीं किया जा रहा है और जहां आगामी ग्रीष्मकाल में जल संकट की स्थिति उत्पन्न हो सकती है, अभी से वैकल्पिक व्यवस्था बना लें। इस संबंध में जनप्रतिनिधियों द्वारा विभिन्न सुझाव भी दिए गए, जिनकी प्रभारी मंत्री सिंह ने सराहना की और नगर निगम आयुक्त एवं सभी सीएमओ को उन सुझावों का परीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए, जिससे पेयजल की समस्या का स्थाई समाधान निकाला जा सके। उन्होंने नगरीय निकायों के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि ठेकेदारों की अकेले लापरवाही तय नहीं की जायेगी। यदि ठेकेदार अमृत 2 योजना एवं पाइप विस्तारीकरण संबंधी कार्य समय पर नहीं करते हैं, तो पेनाल्टी लगाने के साथ ही कार्यवाही भी करें। साप्ताहिक वर्क प्लान ठेकेदार के साथ बैठकर तैयार करें और उसका सप्ताह के अंदर ही इंप्लीमेंटेशन कराएं, यह आपकी जवाबदारी है। उन्होंने जल जीवन मिशन के कार्यों में जनप्रतिनिधियों द्वारा लापरवाही बताए जाने पर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी पर कड़ी नाराजगी जताई।

### खरीदी केंद्रों में किसानों के लिए हों समुचित व्यवस्थाएं

प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने रबी उपार्जन की समीक्षा की और जिला आपूर्ति अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी खरीदी केंद्रों में किसानों के लिए मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध रहें। किसानों का किसी भी तरह से शोषण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। खरीदी केंद्रों पर नियमित निगरानी रखी जाए।

जिला योजना समिति की बैठक में सांसद विवेक बंटी साहू, महापौर विक्रम अहके, कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह, प्रभारी पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह, सीईओ जिला पंचायत अग्रिम कुमार, विधायक अमरवाड़ा कमलेश प्रताप शाह, विधायक परासिया सोहनलाल वाल्मीक, विधायक चौरई सुजीत सिंह चौधरी, विधायक जुन्नारदेव सुनील उईके, विधायक सौंसर विजय रेवनाथ चौरे एवं विधायक पांढुर्णा निलेश उईके, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय पुन्हार सहित जिला योजना समिति के सभी शासकीय एवं अशासकीय सदस्य और संबंधित सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## 51 कन्याओं का पूजन कर प्रसाद वितरित किया



**छिंदवाड़ा।** मध्य प्रदेश संत पुजारी संघ के द्वारा चैत्र नवरात्रि पर कन्या पूजन करके 51 कन्या सप्तमी तिथि में भोग लगाकर भोग प्रसाद भंडारा वितरित किया गया जिला अध्यक्ष पंडित सुनील तिवारी विशेष सहयोगी कोमल साहू द्वारा साउथ सिविल लाइन शिव मंदिर कार्यक्रम संपन्न किया गया।

## प्राथमिक शाला ओझलढाना में पदस्थ सहायक शिक्षक निलंबित

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह द्वारा विकासखंड जुन्नारदेव की प्राथमिक शाला ओझलढाना के सहायक शिक्षक प्रीतम कवरेती को शाला समय पर मदिरा का सेवन कर उपस्थित होने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। कलेक्टर सिंह ने बताया कि विकासखंड शिक्षा अधिकारी हर्रई द्वारा कार्यालयीन पत्र 30 जनवरी 2025 द्वारा लेख किया है कि विकासखंड जुन्नारदेव की प्राथमिक शाला ओझलढाना के सहायक शिक्षक प्रीतम कवरेती शाला समय पर मदिरा का सेवन कर उपस्थित होते है, नशे की हालत में अध्यापन कार्य कराते है। जिससे छात्र डरे हुए है, प्रधान पाठक के समझाने पर प्रधान पाठक से अपशब्दों का प्रयोग करते हैं, पालकों द्वारा समझाने पर भी शिक्षक के कार्यव्यवहार में कोई परिवर्तन नहीं आया है। सहायक शिक्षक श्री कवरेती का यह कृत्य पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही, स्वेच्छाचारिता को प्रदर्शित करने के साथ ही मध्यप्रदेश सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम (एक) (दो) (तीन) के विपरीत होकर कदाचरण की श्रेणी में आता है। इसीलिये सहायक शिक्षक श्री कवरेती को मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के निमय 9 के उपनियम (2) में दिये गये प्रावधानों के अंतर्गत निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में सहायक शिक्षक श्री कवरेती का मुख्यालय विकासखंड शिक्षा अधिकारी जुन्नारदेव नियत किया गया है। निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार निलंबन भत्ते की पात्रता रहेगी।

## जन जागरूकता के लिए किया दीवार लेखन कार्य

**छिंदवाड़ा।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार विकासखंड तामिया में म.प्र. जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन के मार्गदर्शन एवं विकासखंड समन्वयक राजू मांडवे के नेतृत्व में नवांकुर संस्था ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति टेकापार द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण के प्रति जन जागरूकता के लिये दीवार लेखन का कार्य किया गया ।

## श्री राम भक्तों का प्रभात फेरी में उमड़ा जन सैलाब

**परासिया।** क्षेत्र में धर्म नगरी चांदामेटा में चैत्र नवरात्र



श्री रामनवमी के पवन पर्व पर श्री राम के भक्तों द्वारा नौ दिवसीय विभिन्न आयोजन में प्रतिदिन प्रातः पांच बजे श्री सिंह वाहिनी दुर्गा मंदिर से नगर भ्रमण के लिए निकलने वाली श्री राम नाम कीर्तन प्रभात फेरी में हजारों की संख्या में राम भक्तों की उपस्थिति प्रति दिन बढ़ते ही जा रही है जैसे जैसे रामनवमी का पर्व पास आ रहा है वैसे वैसे भक्तों के उत्साह में लगातार वृद्धि होते जा रही है एवं राम नाम कीर्तन के लिए लगभग नगर के प्रत्येक व्यक्ति की उपस्थिति आज नवरात्र के छठवें दिवस प्रभात फेरी श्री सिंह वाहिनी दुर्गा मंदिर से प्रारंभ होकर क्रेडिट सोसाइटी होते हुए चांदामेटा बुटरिया बस्ती होते हुए चांदामेटा बाजार से वापस सिंह वाहिनी दुर्गा मंदिर पर समापन हुआ नवरात्र के सातवें दिवस दिवस प्रभात फेरी सिंह वाहिनी मंदिर से प्रारंभ होकर अयोध्या बस्ती से बढ़िया लाइन से मंगली बाजार से होते हुए वापस सिंह वाहिनी दुर्गा मंदिर में समापन होगा एवं अंतिम दिवस राम नवमी के दिन चांदामेटा बाजार से होते हुए वापस श्री सिंह वाहिनी चौक में आरती प्रसाद भंडारे के साथ समापन होगा ।

## रामजन्मोत्सव में विशाल शोभायात्रा मै शामिल होने की अपील

**छिंदवाड़ा।** हिंदू उत्सव समिति के सदस्यों ने आज



छिंदवाड़ा शहर के विभिन्न चौक और मार्केट मै आगमी 6 अप्रैल को राम जन्मोत्सव मै होने वाली विशाल शोभायात्रा एवं पदयात्रा मै शामिल होने का सभी व्यापारी को आमंत्रण दिया एवं सभी से निवेदन किया कि राम जन्मोत्सव के दिन अपना अपना प्रतिष्ठान बंद कर सभी लोग से आग्रह किया कि इस विशाल शोभायात्रा मै परिवार सहित शामिल होवे।।। ये रहे उपस्थित हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष गुरजीत शंटी बेदी पूर्णिमा वर्मा श्रद्धा पटेल दिवाकर सदारंग योगेश सदारंग धर्मेंद्र मिगलानी अभिलाष गौहर अरुण शर्मा शानू चौरसिया शैलेन्द्र मालवी नवीन जैन।

## सीटू यूनियन प्रतिनिधियों ने ग्यारह मुद्दों का वेकोलि कल्याण मंडल को ज्ञापन सौंपा

**परासिया।** कामगारों के विभिन्न प्रकार की समस्याओं जिसमें आवास, मेडिकल, स्कूल, सड़क, पानी, बिजली सहित कई कल्याणकारी योजनाओं को क्रियान्वित व संचालित होने में आ रही परेशानियां को दूर कराने कल्याण मंडल के सदस्यों का सहयोग और समर्थन बहुत जरूरी होता है। शुक्रवार को सुबह कन्हान क्षेत्र तथा दोपहर में पेंच क्षेत्र का संयुक्त दौरा कल्याण मंडल के सदस्यों ने किया जिसमें कन्हान क्षेत्र के वेल्फेयर हॉस्पीटल और पेंच क्षेत्र का बड़कुही सेंट्रल हॉस्पीटल सहित कालोनियों का निरीक्षण किया। लाल झंडा कोल माइंस मजदूर यूनियन सीटू पेंच कन्हान के पदाधिकारियों ने मजदूरों से जुड़े।



## प्रभारी मंत्री ने दी 32 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की सौगात

### पी.जी.कॉलेज का नाम स्व.श्री अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर करने की प्रभारी मंत्री ने की घोषणा



**छिन्दवाड़ा।** प्रदेश के लोक निर्माण विभाग के मंत्री और छिंदवाड़ा जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह ने आज प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय पी.जी.कॉलेज छिंदवाड़ा में आयोजित कार्यक्रम में छिंदवाड़ा जिले को लगभग 33 करोड़ रूपये की लागत के विभिन्न विकास कार्यों की सौगात दी। इस अवसर पर उन्होंने कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए बनाए गए नवनिर्मित विज्ञान भवन का फीता काटकर शुभारम्भ भी किया और विद्यार्थियों को बधाई दी। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों की मांग पर प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने पी.जी.कॉलेज छिंदवाड़ा का नामकरण पूर्व प्रधानमंत्री स्व.श्री अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर करने की घोषणा भी की। प्रभारी मंत्री सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए उन्हें जल और पर्यावरण संरक्षण का महत्व बताया और उनसे बेहतर शिक्षा अर्जन के साथ ही सामाजिक दायित्वों के निर्वहन के प्रति जवाबदेह बनने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि भविष्य की बागडोर युवाओं के हाथ में है। हम सभी को मिलकर जल को बचाने और इसके लिए सभी को प्रेरित करने का कार्य करना है। हर व्यक्ति अपनी भूमिका का निर्वहन करेगा, तब ही मिलकर भविष्य की चुनौतियों से निपटा जा सकता है। उन्होंन महाविद्यालय के सभी युवाओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और प्रधानमंत्री मोदी के 2047 के भारत के सपने को पूरा करने में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया।

### किसानों के प्रयासों और उद्यमशीलता की सराहना

मध्यप्रदेश शासन के पीडब्ल्यूडी मंत्री एवं छिंदवाड़ा जिले के प्रभारी मंत्री श्री राकेश सिंह ने आज छिंदवाड़ा जिले के दौरे के दौरान जिले के प्राकृतिक खेती करने वाले उन्नतशील कृषकों से चर्चा की। इस दौरान छिंदवाड़ा सांसद श्री विवेक बंटी साहू, अमरवाड़ा विधायक श्री कमलेश प्रताप शाह, श्री शेषराव यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधियों, कलेक्टर श्री शीलेन्द्र सिंह, सीईओ जिला पंचायत श्री अग्रिम कुमार, उप संचालक कृषि श्री जितेंद्र कुमार सिंह, उप संचालक पशुपालन डॉ.एच.जी.एस.पक्षवार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### स्कूल चले हम अभियान के तहत प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में हुए शामिल

प्रदेश के लोक निर्माण विभाग एवं जिले के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह के मुख्य आतिथ्य एवं सांसद विवेक बंटी साहू की अध्यक्षता में आज शा.महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छिन्दवाड़ा में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम-2025 स्कूल चलें हम अभियान के अंतर्गत छात्र-छात्राओं से संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान प्रभारी मंत्री श्री सिंह ने छात्र-छात्राओं से सीधा संवाद किया और कई रोचक प्रश्न पूछते हुए जल संरक्षण का महत्व समझाया। प्रभारी मंत्री श्री सिंह और सांसद साहू ने छात्र-छात्राओं का फूल



मालाओं तथा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया एवं पाठ्य पुस्तकें और उपहार भी भेंट किये।

### सभी को मिलकर बचाना होगा जल

मध्यप्रदेश शासन द्वारा जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए 30 मार्च 2025 से शुरू हुए जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियाँ जारी हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को प्रदेश के लोक निर्माण विभाग के मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री राकेश सिंह ने जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जिले के विकासखंड हर्रई के राबराखुर्द डैम के पुनर्निर्माण कार्य में सहभागिता की। उन्होंने जल संरक्षण के महत्व को रेखांकित करते हुए आमसभा को संबोधित किया ।

इस अवसर पर छिंदवाड़ा सांसद श्री विवेक बंटी साहू ने कहा कि जल ही जीवन है और इसके बिना हम कुछ भी नहीं। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे इस अभियान को सिर्फ सरकारी योजना न मानें, बल्कि इसे एक जन आंदोलन का रूप दें। अमरवाड़ा विधायक कमलेश प्रताप शाह ने इस अवसर पर कहा कि जल संकट से निपटने के लिए सभी जनप्रतिनिधियों और आम जनता को मिलकर कार्य करना होगा।

## लड्डू फैक्टरी में काम बंद एवं पानी फैक्टरी को नोटिस

**छिंदवाड़ा।** संपूर्ण जिले छिंदवाड़ा में कलेक्टर छिंदवाड़ा शीलेन्द्र सिंह के निर्देशन में मिलावट से मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है। जिसका उदेश्य मिलावट करने वालो पर कार्यवाही करने के साथ साथ आमजनमानस एवं कारोबारकर्ताओं को मिलावट के प्रति जागरूक एवं प्रशिक्षित करना है । जिसके चलते आज दिनांक 04-04-25 को खाद्य सुरक्षा विभाग के द्वारा कारवाही एवं जनजागरूकता कार्य किए गए इसके चलते गोपेश मिश्रा खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा शहर छिंदवाड़ा की प्रियदर्शिनी कॉलोनी मे शुभाम फूड्स के नाम से लड्डू बनाए जाने वाले एक प्रतिष्ठान को स्वच्छता एवं लाइसेन्स शर्तों का पालन नहीं करने पर काम बंद कर दिया गया है एवं स्वच्छता परिस्थितियों मे सुधार करने हेतु खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम की धारा 32 का नोटिश जारी किया गया है जब तक जरूरी सुधार नहीं किए जाते तब तक लड्डू निर्माण कार्य बंद किया गया है साथ ही लड्डू मे रंग आदि की मिलावट का शक होने पर लड्डू के चार नमूने लिए गए है जिन्हे परीक्षण हेतु प्रयोगशाला भेजा जा रहा है । इसके अलावा लिंगा बायपास चोराहे शिवशंकर एक्का जोकि पानी केन विक्रय एवं पाउच निर्माण करते पाये गए को बिना किसी वाटर टेस्टिंग रिपोर्ट, एवं मेडिकल सर्टिफिकेट जैसी कमियों के कारण पानी की जांच हेतु नमूना लेकर नोटिस दिया गया है । आगे जनजागरूकता के अंतर्गत गोपेश मिश्रा खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के माध्यम से आज लिंगा, सिमरिया मंदिर के सामने, एवं उमरानाला क्षेत्र के अंतर्गत होटल स्टाफ, छोटे चाट पकोड़ी विक्रय स्टाल्स, की जांच की गयी इस दौरान चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के केमिस्ट आकाश डेकोले द्वारा स्ट्रीट फूड संचालको को स्वच्छता रखते हुये एवं गुणवत्ता के साथ जंक फूड/स्ट्रीट फूड/फास्ट फूड आदि को बनाने, स्टोर करने, जनसामान्य को परोसने, हेतु जागरूक किया गया । बिछुआ क्षेत्र के अंतर्गत अकलमा मे अंकित कोल्ड ड्रिंक से शीतल पेय पदार्थों के 05नमूने लिए गए ।



## शासकीय कार्यालयों का औचक निरीक्षण कर लापरवाही के चलते कलेक्टर ने भृत्य को किया निलंबित

**सांध्य प्रकाश योगेश गुप्ता बैतुल।** कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी ने संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन में संचालित शासकीय कार्यालयों का औचक निरीक्षण के दौरान प्रशासनिक लापरवाहियों पर कड़ी कार्रवाई की गई।



जनजातीय कार्य विभाग कार्यालय में श्री सूर्यवंशी ने लापरवाही चलते भृत्य को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के निर्देश दिए गए। वहीं श्रम विभाग के तीन कर्मचारियों के अपने कक्ष में अनुपस्थित पाए जाने पर उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। अन्य तीन शासकीय कर्मचारियों का एक दिन का वेतन रोकने का आदेश भी दिया गया। जिले के जिन विभागों में ई-ऑफिस आईडी/मास्टर डाटा तैयार नहीं हुआ अथवा उनकी आईडी जेनरेट नहीं हुई है। उन अधिकारियों का अप्रैल 2025 का वेतन आहरण नहीं किए जाने के निर्देश दिया है। निरीक्षण के दौरान सभी कार्यालय प्रमुखों एवं अधीनस्थ अमलों को प्रतिदिन कार्यालय में ई-ऑफिस का नियमित संचालन करने एवं आज दिनांक को 10 फाईलें ई-ऑफिस से भेजने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ने कार्यालय के कर्मचारियों को निर्देश दिए कि अब ई-ऑफिस प्रणाली से सभी कार्य किए जाने है। इसलिए ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से ही सभी फाइलें ली जाएं। हार्ड कॉपी या अन्य दस्तावेज ना लिए जाएं। कलेक्टर श्री सूर्यवंशी ने भू-अभिलेख कार्यालय, जिला लोक परियोजना कार्यालय लोक सेवा प्रबंधन, खाद्य एवं सुरक्षा कार्यालय,जिला शिक्षा केंद्र कार्यालय जिला अंत्यावसायी, जिला निर्वाचन सामान्य, स्ट्रांग रूम, एसी ट्राईबल, होमगार्ड कार्यालय, महिला एवं बाल विकास विभाग का भी निरीक्षण किया।

## जल गंगा संवर्धन अभियान....

## देवरानीदाई पर्यटन स्थल एवं घटामालि नदी में की गई साफ़-सफाई

### जल संरक्षण के लिये दिलाई गई शपथ



**परासिया।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के आह्वान पर कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशन एवं म.प्र.जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक अखिलेश जैन एवं विकासखंड समन्वयक संजीव भावरकर के कुशल मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान 30 मार्च 2025 से 30 जून 2025 के अंतर्गत विकासखंड परासिया के पर्यटन स्थल देवरानी दाई की घटामालि नदी में श्रमदान कर कचरा एवं पॉलीथीन की सफाई की गई तथा मंदिर प्रांगण की भी सफाई की गई। साथ ही पर्यावरण संरक्षण के लिये पौधारोपण के लिये पौधे दिए गए एवं जल संरक्षण के लिये शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में दीपक गेडाम, विकासखंड की नवांकुर संस्था के सदस्य रविंद्र मौर्य, शैलेन्द्र राय, संजय साहू, योगेंद्र टेकाम, मनीष भलावी, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति न्यूटन के संतोष भलावी, सीएमसीएलडीपी के छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में मेंटर शंकरराम प्रजापति, नविता सिंह, मनीष कैथवास, रुपेश सूर्यवंशी, विकासखण्ड समन्वयक संजीव भावरकर की विशेष उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न किया गया। साथ ही स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बादल भोई की जन्म स्थली डुंगरिया तितरा में उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर जल संवर्धन की शपथ ली गई एवं दीवार लेखन का कार्य किया गया।

### जल संरक्षण के लिये प्रेरित कर दिलाई गई शपथ

कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह के निर्देशानुसार म.प्र.जन अभियान परिषद छिंदवाड़ा के जिला समन्वयक श्री अखिलेश जैन एवं विकासखंड समन्वयक मोहखेड़ श्री भवानी प्रसाद कुमरे के कुशल मार्गदर्शन में 30 मार्च से 30 जून 2025 तक चलने वाले जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत आज मोहखेड़ की ग्राम पंचायत लावाघोघरी के थाना लावाघोघरी में पुलिसकर्मियों को जल के महत्व एवं जल स्त्रोतों की सफाई जन सहभागिता से करने के लिये प्रेरित किया गया तथा जन समुदाय को इस अभियान में अधिक से अधिक सहभागिता के लिए प्रेरित कर जल संरक्षण के लिये उपस्थित सभी लोगों को शपथ दिलाई गई । इस शपथ कार्य में परामर्शदाता श्रीमती आरती माटे, हॉटफुलनेस कान्हा शांतिवनम की टीम, थाना प्रभारी एवं ग्रामवासियों ने सहभागिता की।

## सार्वजनिक जल स्त्रोतों के समीप निजी जल स्त्रोतों नलकूप खनन, कुंआ आदि पर पूर्णतः प्रतिबंध

**छिन्दवाड़ा।** कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड छिन्दवाड़ा द्वारा नोटशीट दिनांक 01 अप्रैल 2025 में प्रस्तुत टीप अनुसार इस वर्ष वर्षाकाल में जिले में सामान्य वर्षा हुई है, किन्तु जिले के पेयजल स्त्रोतों के जलस्तर में कमी आई है एवं पेयजल स्त्रोतों के जलस्तर में तेजी से गिरावट दर्ज की जा रही है, जिससे जिले में पेयजल संकट की स्थिति निर्मित होने की संभावना है। पेयजल संकट की स्थिति को देखते हुये उनके द्वारा अनुशंसा की गई है, कि सार्वजनिक जल स्त्रोतों के समीप निर्माण किये जा रहे निजी जल स्त्रोतों जैसे नलकूप खनन, कुंआ आदि पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया जाये, जिससे सार्वजनिक पेयजल स्त्रोतों की क्षमता प्रभावित न हो। जनहित में पेयजल एवं अन्य निस्तार समस्याओं को देखते हुये छिन्दवाड़ा जिले को जल अभावग्रस्त क्षेत्र घोषित किया जाये।

## 8 से 12 अप्रैल तक विविध धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन

**10 अप्रैल को संध्या 7 30 बजे अनूप जलोटा के भजन होंगे**

**11 अप्रैल को रात्रि 9 बजे गायक सनी अलबेला के भजन संध्या**



**सौसर।** क्षेत्र के प्रसिद्ध चमत्कारिक हनुमान मंदिर में श्री हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष में 6 अप्रैल से 12 अप्रैल तक विविध धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया हनुमान मंदिर समिति के नव मनोनीत ट्रस्ट के अध्यक्ष गोपाल शर्मा ने इस संबंध में बताया कि 8 अप्रैल से 10 अप्रैल तक जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी प्रज्ञानंद जी सरस्वती महाराज के मुखारविंद से राम कथा का रस स्वादन कराया जावेगा इसी तारतम्य मे 6 अप्रैल को आशीष महाराज चटप 7 अप्रैल को विनायक महाराज पाल 8 अप्रैल को बबलू महाराज ऊपासे 9 अप्रैल को हरिश्चंद्र बंजारी 10 अप्रैल को धनंजय महाराज वास्ते 11 अप्रैल को स्वामी मौनानंदाचार्य महाराज 12 अप्रैल को स्वामी महंत मौनानंद महाराज के प्रतिदिन रात 7 से 9 तक हरि कीर्तन होंगे कार्यक्रम के अनुसार 10 अप्रैल को शाम 7 बजे वाराणसी के प्रमुख पुरोहितो द्वारा गंगा आरती का आयोजन किया गया 10 अप्रैल को संध्या 7 30 बजे भजन सम्राट अनूप जलोटा के भजन होंगे 11 अप्रैल को रात्रि 9 बजे सुप्रसिद्ध गायक सनी अलबेला के भजन संध्या का आयोजन किया गया कार्यक्रम के अनुसार त्रिमूर्ति का रुद्राभिषेक 12 अप्रैल को रात्रि 2 बजे होगा उसके पश्चात प्रातः 5 बजे महा आरती होगी उसके पश्चात दर्शन के लिए पट खोले जाएंगे श्री हनुमान जन्मोत्सव के लिए समिति द्वारा जय्यत तैयारी की जा रही है मंदिर परिषर को आकर्षक सजाया जा रहा है मंदिर तक आने वाले मार्ग का डामरीकरण भी किया गया है श्री मूर्ति के ठीक से दर्शन होने के लिए बैरिकेट्स बनाये जा रहे हैं जिससे श्री मूर्ति के भाविको ठीक से दर्शन हो सके पेयजल एवं सफाई की व्यवस्था की ओर विशेष ध्यान दिया जा रहा है दर्शनार्थ आने वालों के वाहनों के लिए पार्किंग की समुचित व्यवस्था की जा रही है ।

### आष्टा मंडी में फिर हुई चोरी की घटना

## कृषि उपज मंडी में 44 सुरक्षा गार्ड और सीसीटीवी कैमरे लगे होने के बाद भी ऊपज से भरी हुई ट्रैक्टर ट्राली हुई चोरी

**आष्टा।** सीहोर जिले की सबसे बड़ी कृषि उपज मंडी आष्टा में एक बार फिर से उपज की चोरी का मामला सामने आया है व्यापारी का ट्रैक्टर ट्राली में माल भरा हुआ था और दोनों गेट पर सुरक्षा गार्ड थे उसके बाद भी उपज से भरी हुई ट्रैक्टर ट्राली चोरी हो गई व्यापारी और मंडी प्रबंधन ने इसकी थाने में शिकायत की है।



बता दें कि हमेशा से विवादों में रहने वाली कृषि उपज मंडी में नित नए मामले सामने आते हैं अब मंडी में अनाज चोरी का मामला सामने आया है बीती रात्रि 3 बजे करीब एक ट्रैक्टर ट्राली जो कि अखिलेश राठौर लकी ट्रेडर्स की 35 क्विंटल गेहूं से भरी हुई खड़ी थी साल्ट टैक्स मशीन में जाने के लिए खड़ी हुई थी लेकिन 3 बजे करीब चोरी चली गई जबकि तीन सुरक्षा गार्ड ड्यूटी पर भी थे साथ ही दोनों गेट के अलावा मंडी प्रांगण में सीसीटीवी कैमरे भी लगे उसके बाद भी चोरी हो जाना कई सवाल खड़े कर रहा है। आष्टा की कृषि उपज मंडी में पहले भी कई चोरी की घटनाएं हो चुकी है उसके बाद भी मंडी प्रबंधन ने कोई भी सख्त कदम नहीं उठाये बीती रात्रि ही व्यापारी का 35 क्विंटल गेहूं से भरी हुई ट्रैक्टर ट्राली चोरी चली गई जबकि मंडी की सुरक्षा व्यवस्था के लिए 44 सुरक्षा गार्ड और एक सुपरवाइजर है साथ ही चप्पा चप्पा पर सीसीटीवी कैमरे लगे और जावक गेट पर भी सीसीटीवी कैमरे हैं लगे हैं उसके बाद भी चोरी की घटनाएं हो जाना कहीं ना कहीं मंडी की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रहा है अगर पुलिस निष्पक्ष जांच करें तो या मामला भी उजागर हो सकता है।

## भाजपा के नेतृत्व में विकसित भारत का सपना साकार होगा - सुधाकर पंवार

**सांध्य प्रकाश बैतूल।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस को लेकर जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए भाजपा अध्यक्ष सुधाकर पंवार ने कहा कि वर्तमान समय भाजपा का स्वर्ण युग है। प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एक नए युग की शुरूवात हो रही है। एक राष्ट्र एक चुनाव विधेयक वक्फ विधेयक संशोधन विधेयक जैसे कई ऐतिहासिक निर्णय लिए है। ऐसे अनुकूल वातावरण में भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस जिले के सभी 1593 बूथो पर हर्ष और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। जानकारी देते हुए महामंत्री कमलेश सिंह ने बताया कि स्थापना दिवस के अवसर पर जिले के सभी कार्यालय पार्टी ध्वज फहराया जाएगा। कार्यकर्ता अपने घरों पर ध्वज लगाएंगे। जिला स्तर पर एक प्रदर्शनी लगाई जाएगी। 6 एवं 7 अप्रैल को जिले के सभी 1593 बूथों पर सभी प्राथमिक सदस्यों की उपस्थिति में पार्टी का स्थापना दिवस मनाया जाएगा। पत्रकारवार्ता मे बताया कि 3 दिन प्रवास के दौरान जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रत्येक गांव एवं वार्ड में मंदिर, अस्पताल, स्कूल, एवं सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। 10 लाभार्थियों से सम्पर्क कर योजनाओं पर विमर्श किया जाएगा। आंगनबाड़ी पशुचिकित्सालय, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, पंचायत भवन एवं सरकारी संस्थानों का भ्रमण किया जाएगा। गांव में यात्रा निकाली जाएगी। शाम ग्रामीणों की चौपाल लगेगी। सामाजिक नेताओ मीसाबन्दी,कारसेवकों का सम्मान करेंगे। एवं बूथ समितियों की बैठक ली जाएगी।



# अमेरिका के टैरिफ बढ़ाए जाने से व्यापक परिणाम दिखाई देंगे: फेडरेशन अध्यक्ष दीपक शर्मा

**भोपाल।** फेडरेशन ऑफ मध्यप्रदेश चेम्बर्स ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री के अध्यक्ष दीपक शर्मा ने अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि अमेरिका जिस प्रकार एग्रेसिव तरीके से विभिन्न देशो पर टैरिफ बढ़ा रहा है। इसके बहुत ही व्यापक परिणाम दिखाई देंगे। इससे भारत के फार्मा, टेक्सटाईल, आटो एवं ज्वेलरी सेक्टर



पर बहुत अधिक प्रभाव पड़ेगा। विशेषकर भारत से सी-फूड बहुत अधिक निर्यात किया जाता है, इसलिए इस सेक्टर पर बहुत अधिक प्रभाव दिखाई देगा। विशेषकर एमएसएमई सेक्टर पर क्योंकि यह सभी क्षेत्र लेबर ओरिएंटेड है। इस बढ़े हुए टैरिफ से हमारी जीडीपी पर लगभग 1 प्रतिशत का प्रभाव पड़ेगा। अमेरिका यह अपनी मैनुफैक्चरिंग इंडस्ट्री के विकास के लिए कर रहा है। भारत से कुल 17 प्रतिशत निर्यात अमेरिका को किया जाता है। जिसका आल्टरनेट भारत यूरोपिय यूनियन के देशों के रूप में तलाश करेगा। इसके साथ ही चीन ने भी भारत के साथ ट्रेड डेफिसिट को कम करने का आश्वासन दिया है। इसके परिणाम स्वरूप भारत से चीन को अधिक निर्यात किया जायेगा, इसके लिए चीन ने आश्वस्त भी किया है। अभी अमेरिका द्वारा प्रारंभिक 26 प्रतिशत तक का जो टैरिफ लगाया गया है, अगस्त-सितम्बर तक इस टैरिफ में कमी आने की आशा है।

दीपक शर्मा ने कहा कि यहॉं विश्व व्यापार संगठन अप्रासंगिक हो गया है, और भी कई वैश्विक संस्थाय ध्वस्थ हो रही है। प्रत्येक शक्तिशाली देश अपनी मनमर्जी करने पर आतुर है, चाहे वह व्यापार का क्षेत्र हो या युद्ध का क्षेत्र हो, इसका दुश्परिणाम आगे दुनिया को देखने को मिलेगा।







## मुंबई सेंट्रल में 2021 में शुरू हुआ था पहला पॉड होटल

यह पॉड होटल उन यात्रियों के लिए लाभदायक होगा, जो कम खर्च में आरामदायक ठहराव चाहते हैं। अधिकारियों के अनुसार, यह सुविधा भोपाल स्टेशन पर यात्रियों के अनुभव को बेहतर बनाएगी। उद्घाटन से पहले रेलवे ने इसे पूरी तरह तैयार कर लिया है और किराया भी तय कर दिया गया है। यह देश में मुंबई सेंट्रल के बाद दूसरा प्रमुख पॉड होटल होगा, जो 2021 में शुरू हुआ था।

# प्रदेश का पहला पॉड होटल आज से शुरू

## 200 रुपए घंटा मिलेगी ठहरने की सुविधा, भोपाल सांसद और डीआरएम ने किया उद्घाटन

**भोपाल।** भोपाल रेलवे स्टेशन पर यात्रियों के लिए मात्र 200 रुपए से शुरू होने वाली आरामदायक और किफायती ठहरने की सुविधा का शुभारंभ हो गया। भोपाल स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 6 पर प्रदेश के पहले पॉड होटल का उद्घाटन सांसद आलोक शर्मा और डीआरएम देवाशीष त्रिपाठी ने किया।







### क्या है पॉड होटल?

पॉड होटल, जिसे कैप्सूल होटल भी कहा जाता है, जापान से प्रेरित एक अनोखी अवधारणा है। इसमें छोटी-छोटी कैप्सूल इकाइयों में यात्रियों को ठहरने की सुविधा दी जाती है, जो कम जगह में उच्च श्रेणी की सुविधाएं प्रदान करती हैं।

# इस सीजन में मप्र में पहली बार लू का अलर्ट 7-8 अप्रैल को उज्जैन-ग्वालियर में हीट वेव चलेगी

**भोपाल।** गर्मी के इस सीजन में पहली बार मध्यप्रदेश में लू का अलर्ट है। मौसम विभाग ने 7 और 8 अप्रैल को उज्जैन, ग्वालियर और चंबल संभाग के 10 जिलों में लू चलने की संभावना जताई है। भोपाल, इंदौर, जबलपुर-सागर संभाग में भी तेज गर्मी पड़ने का अनुमान है। भोपाल की वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया कि शुक्रवार को दो साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम और एक वेस्टर्न डिस्टरबेंस साइक्लोनिक सर्कुलेशन के रूप में एक्टिव रहा। इस वजह से कहीं-कहीं हल्की बारिश और बादल छाए रहे। यह सिस्टम शनिवार को कमजोर हो जाएगा। इसके बाद गर्मी का असर बढ़ेगा। जिससे तापमान में भी बढ़ोतरी होगी। अगले 3 से 4 दिन तक दिन का तापमान बढ़ सकता है। वहीं, 7-8 अप्रैल को हीट वेव यानी, गर्म हवा चलने का अनुमान है। मौसम विभाग के अनुसार, 7 अप्रैल को नीमच, मंदसौर, ग्वालियर, श्योपुर, मुरैना, भिंड और दतिया में लू चल सकती है। 8 अप्रैल को नीमच, मंदसौर, श्योपुर, मुरैना, ग्वालियर, भिंड, दतिया, शिवपुरी, गुना और अशोकनगर में हीट वेव का असर रहेगा।



### कहीं बारिश तो कहीं दिन का तापमान में बढ़ेगा

बता दें, गुरुवार को भिंड, मुरैना, ग्वालियर, दतिया, गुना, अशोकनगर, विदिशा, रायसेन, सीहोर, भोपाल, हरदा, नर्मदापुरम, बैतूल, बड़वानी, खरगोन, बुरहानपुर, खंडवा, सागर, दमोह, छिंदवाड़ा, सिवनी, बालाघाट और मंडला में हल्की बारिश हुई थी। शुक्रवार को ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, सिंगरौली, सीधी, अनूपपुर, शहडोल और डिंडौरी में बादल, गरज-चमक वाला मौसम रहा। हल्की बूंदाबांदी भी हुई। प्रदेश के अन्य शहरों में गर्मी का असर रहा। कई जगहों पर तो पारा 7 डिग्री तक बढ़ गया। नर्मदापुरम-रतलाम में 40 डिग्री, खजुराहो में 39.2 डिग्री, धार में 39.1 डिग्री, गुना-टीकमगढ़ में 39 डिग्री, नौगांव में 38.4 डिग्री, खरगोन में 38.2 डिग्री और सतना में पारा 38 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बड़े शहरों की बात करें तो भोपाल में 37.6 डिग्री, इंदौर में 37.4 डिग्री, ग्वालियर में 38 डिग्री, उज्जैन में 38.2 डिग्री और जबलपुर में 37 डिग्री सेल्सियस रहा।

### अप्रैल में प्रदेश में 10 दिन चल सकती है लू

मध्यप्रदेश में अप्रैल महीने में मौसम का मिला-जुला असर देखने को मिलेगा। पहले और दूसरे सप्ताह में हल्की बारिश हो सकती है। वहीं, दूसरे सप्ताह से लू भी चलेगी। सबसे गर्म आखिरी सप्ताह रहेगा। दिन का तापमान 45 डिग्री पार हो सकता है। ग्वालियर, चंबल, सागर, रीवा, इंदौर, उज्जैन और भोपाल में लू भी चल सकती है। मौसम केंद्र भोपाल के वैज्ञानिक निदेशक डॉ. वेदप्रकाश सिंह ने बताया, इस बार तापमान के सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। वहीं, प्रदेश में अप्रैल महीने में 7 से 10 दिन तक हीट वेव यानी, लू का असर देखने को मिल सकता है।

### 4 सप्ताह रहेंगे ऐसे हाल

**पहला सप्ताह-** रात के तापमान सभी संभागों में सामान्य से 2-3 डिग्री अधिक (21-24 डिग्री) रहेंगे। वहीं, दिन में पश्चिमी गर्म हवा के कारण अधिकतम तापमान इंदौर, सागर और नर्मदापुरम संभागों में सामान्य से अधिक (39-42 डिग्री) तक रह सकते हैं। उज्जैन, भोपाल, ग्वालियर सहित शेष संभागों में यह सामान्य 38 से 41 डिग्री के बीच रहेंगे। लगभग सभी हिस्से में हल्की बारिश होने की संभावना है। पहले सप्ताह में लू नहीं चलेगी।

**दूसरा सप्ताह-** इंदौर, उज्जैन और चंबल संभाग में रात का तापमान सामान्य से 2-3 डिग्री अधिक यानी, 23 से 26 डिग्री के बीच रहेंगे। वहीं, पूर्वी नम हवाओं के कारण थोड़ी राहत के साथ भोपाल, जबलपुर, सागर, रीवा, शहडोल, ग्वालियर और नर्मदापुरम संभाग में तापमान सामान्य (22-24 डिग्री) रहेगा। इंदौर, ग्वालियर, चंबल, सागर, रीवा और शहडोल संभाग में तापमान सामान्य से थोड़े अधिक (41-43 डिग्री) रहेंगे। वहीं, 2 से 3 दिन लू भी चल सकती है। भोपाल, नर्मदापुरम, उज्जैन और जबलपुर संभाग में सामान्य (39-42 डिग्री) रहेंगे। इस दौरान बारिश होने की संभावना तो नहीं है, लेकिन वेस्टर्न डिस्टरबेंस की वजह से दक्षिणी हिस्से में बादल जरूर छा सकते हैं।

**तीसरा सप्ताह-** उत्तर-पश्चिमी हवाओं के जोर पकड़ने के साथ इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, चंबल, सागर, रीवा, नर्मदापुरम संभागों में न्यूनतम तापमान सामान्य से 3-4 डिग्री अधिक (25-27 डिग्री) रहेंगे। शेष सभी संभाग में सामान्य से थोड़े अधिक (23-25 डिग्री) रहेंगे। वहीं, पूरे प्रदेश में दिन में अधिकतम तापमान तेजी से बढ़ते हुए समान्य से 2-4 डिग्री अधिक (42-44 डिग्री) रहेंगे। 2 से 3 दिन लू चल सकती है। हल्की बारिश होने की संभावना है।

**चौथा सप्ताह-** उत्तर-पश्चिमी हवाओं के लगातार जोर पकड़ने के साथ न्यूनतम तापमान पूरे प्रदेश में सामान्य से 3-4 डिग्री अधिक (27-30 डिग्री) तक रहेंगे। यानी, दिन के साथ रातें भी गर्म हो जाएंगी। वहीं, पूरे प्रदेश में दिन में अधिकतम तापमान और अधिक बढ़ते हुए ग्वालियर, चंबल, सागर और रीवा संभाग में 43-45 डिग्री, जबकि इंदौर, उज्जैन-भोपाल सहित शेष प्रदेश में सामान्य से 2-3 डिग्री अधिक (41-44 डिग्री) रहेंगे।

# भोज विश्वविद्यालय की नियुक्तियां हाईकोर्ट ने की निरस्त, नए सिरे से भर्ती के दिए आदेश

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश भोज मुक्त विश्वविद्यालय में की गई नियुक्तियों को प्रदेश हाईकोर्ट की युगलपीठ ने मनमानी और दूषित करार देते हुए निरस्त कर दिया है। मुख्य न्यायाधीश सुरेश कुमार कैत और न्यायमूर्ति विवेक जैन की खंडपीठ ने चयनित अभ्यर्थियों के पक्ष में जारी एकलपीठ के आदेश को रद्द करते हुए नई नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए हैं। प्रदेश शासन और भोज मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा दायर अपील में कहा गया था कि वर्ष



2015 में प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर समेत अन्य पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू की गई थी। लेकिन चयन प्रक्रिया में गंभीर अनियमितताएं बरती गईं। अपील में यह भी बताया गया कि चयन समिति में संबंधित विषयों के विशेषज्ञों को शामिल नहीं किया गया था, बल्कि अन्य विषयों के विशेषज्ञों से चयन कराया गया, जो नियमों के खिलाफ था। इसके अलावा, चयन समिति ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निर्धारित मानकों का पालन नहीं किया।

अपील में यह भी उल्लेख किया गया कि अभ्यर्थियों के शैक्षणिक दस्तावेजों की न तो ठीक से जांच की गई और न ही उनका निष्पक्ष मूल्यांकन किया गया। अंकों के कई कॉलम बिना किसी स्पष्टीकरण के खाली छोड़ दिए गए थे। साक्षात्कार में कुछ अभ्यर्थियों को अत्यधिक अंक देकर अन्य अधिक योग्य उम्मीदवारों की अनदेखी की गई, जिससे चयन प्रक्रिया पक्षपातपूर्ण प्रतीत होती है। साथ ही, विज्ञापनों में महिलाओं और दिव्यांगों के लिए आरक्षण का उल्लेख नहीं किया गया था और न ही आरक्षण रोस्टर उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार तैयार किया गया था। इन अनियमितताओं के कारण चयन प्रक्रिया को निरस्त कर दिया गया था। इसके विरुद्ध चयनित अभ्यर्थियों ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी, जिस पर एकलपीठ ने उनके पक्ष में राहतकारी आदेश दिया था। इसी आदेश को चुनौती देते हुए यह अपील दायर की गई थी।

# पांच लाख के इनामी फिरोज को रतलाम से भेजा भोपाल जेल, दो दिन पहले किया था गिरफ्तार

**भोपाल।** राजस्थान के जयपुर को मार्च 2022 में दहलाने की साजिश में शामिल रतलाम निवासी अलसुफा संगठन का कथित कट्टरपंथी फिरोज को सुरक्षा कारणों से रतलाम जेल से भोपाल केंद्रीय जेल भेज दिया गया है। दो दिन पहले ही फिरोज को रतलाम में उसकी बहन के घर से उस समय गिरफ्तार किया गया था, जब वह ईद मनाने पहुंचा था। जयपुर को दहलाने की साजिश के आरोप में फिरोज का छोटा भाई सहित दस आरोपियों को एनआईए पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है, सभी जयपुर जेल में बंद हैं। फिरोज



मार्च 2022 से फरार था और उस पर जयपुर एनआईए ने पांच लाख का इनाम घोषित किया हुआ है। फिरोज एनआईए का वांटेड है। दो दिन पहले उसे रतलाम पुलिस ने गिरफ्तार कर स्थानीय जेल में रखा था, लेकिन रतलाम जेल में सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था नहीं होने के कारण उसे भोपाल केंद्रीय जेल भेज दिया गया है। भोपाल केंद्रीय जेल में सिमी, सहित आधा दर्जन अन्य कट्टरपंथी संगठनों के कथित आतंकी बंद हैं। 30 मार्च 2022 को राजस्थान निम्बाहेड़ा पुलिस और एसटीएफ ने रतलाम निवासी फिरोज के छोटे भाई जुबेर, अल्तमस खान और सरफुद्दीन उर्फ सैफुल्ला को गिरफ्तार कर 12 किलो विस्फोटक सामग्री, टाइमर, सेल, वायर आदि जब्त किए थे। मामला धमाके से जुड़ा होने के कारण प्रकरण की जांच एनआईए को सौंपी गई। इसके बाद एनआईए ने इन्हीं आरोपियों की निशानदेही पर आठ अन्य आरोपियों को गिरफ्तार किया। सभी जयपुर जेल में बंद हैं, लेकिन फिरोज फरार था। फिरोज पर अपने खेत में जमीन के अंदर विस्फोटक रखने और षड्यंत्र रचने का भी आरोपी बनाया गया है। उस पर एनआईए पांच लाख का इनाम रखा है। एनआईए जयपुर की टीम जल्दी ही प्रोडक्शन वारंट पर लेजाकर फिरोज से पूछताछ करने वाली है।

# जमीन अधिग्रहण की सहमति लाने वाले अमले को मिलेगा पुरस्कार, दस दिन में 76 बीघा जमीन मिली

**इंदौर।** कुछ साल पहले टीसीएस, इंफोसिस, सुपर कॉरिडोर और एमआर-10 के लिए जिस तरह जमीन अधिग्रहण की कवायद हुई थी, वही कवायद अब इकोनॉमिक कॉरिडोर को लेकर शुरू हुई है। 10 दिन में 76 बीघा जमीन की सहमति मप्र इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन (एमपीआईडीसी) को मिली है। अब अगले तीन महीने में 1300 हेक्टेयर जमीन (सरकारी और निजी मिलाकर) लेने और किसानों/जमीन मालिकों को लौटाने का भी टारगेट तय किया गया है। इतना ही नहीं, शुक्रवार को हुई राजस्व अमले की वर्कशॉप में तय किया गया कि प्रति हेक्टेयर जमीन अधिग्रहण की सहमति और



रजिस्ट्री करवाने वाले आरआई, पटवारी सहित अन्य अमले को भी पुरस्कृत किया जाएगा।

कलेक्टर आशीष सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को एमपीआईडीसी कार्यालय में यह वर्कशॉप हुई। कलेक्टर ने प्रोजेक्ट के लिए अपर कलेक्टर ज्योति शर्मा को नोडल अधिकारी बनाया। सिंह ने कहा, मुंबई, दिल्ली, गुड़गांव, हैदराबाद, बेंगलुरु जैसे बड़े शहरों की कतार में इंदौर को खड़ा करने के लिए इंदौर-पीथमपुर इकोनॉमिक कॉरिडोर को मिशन मोड में शुरू करने के साथ पूरा भी करना होगा। बैठक में 17 गांवों से जुड़े राजस्व अधिकारी, सिद्धार्थ जैन सहित सभी एसडीएम मौजूद थे। एमपीआईडीसी के कार्यकारी संचालक राजेश राठौर ने पूरा प्रोजेक्ट बताया। राठौर ने बताया कि सीएम डॉ. मोहन यादव की मौजूदगी में प्रोजेक्ट के लिए जमीन अधिग्रहण का फॉर्मूला तय किया गया। इसके तहत सरकार किसानों को 60त्न विकसित भूखंड देगी।



सुप्रसिद्ध वकील विवेक तन्खा ने कहा कि मेरे भोपाल आगमन पर विधायक आरिफ मसूद एवं उनके साथियों के आत्मीय स्वागत से अभिभूत हूं।

# कॉपी चेक करने का काम 45 फीसदी पूरा, मई के पहले सप्ताह में आ सकता है 10वी, 12वीं का रिजल्ट

**भोपाल।** माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) की 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं का तीसरे चरण का मूल्यांकन कार्य शुरू हुआ है। छह अप्रैल से चौथे चरण का मूल्यांकन कार्य शुरू होगा। अप्रैल के तीसरे सप्ताह तक परिणाम तैयार कर लिया जाएगा। मई के प्रथम सप्ताह में परिणाम घोषित किए जाने की संभावना है। मंडल की कमेटी द्वारा दोनों कक्षाओं के प्रश्न-पत्रों की विषय विशेषज्ञों द्वारा जांच की गई। इसमें चार विषयों के प्रश्नों में गलती निकली है। इसे लेकर मंडल ने विद्यार्थियों को बोनस के अंक दिए हैं। मॉडल आंसर के अनुसार कॉपियां जांची जा रही हैं। विद्यार्थी को हर स्टेप के नंबर दिए जा रहे हैं। अगर शिक्षक ने गलत कॉपी जांची, तो बाद में विद्यार्थी के नंबर बढ़ने पर एक नंबर बढ़ने पर 100 रुपये जुर्माना लगाया जाएगा।

### दोनों कक्षाओं के 17 लाख विद्यार्थी

इस वर्ष दोनों कक्षाओं के 17 लाख विद्यार्थियों की करीब 90 लाख उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन होगा। प्रदेश भर में अभी तक 45 फीसद कापियों का मूल्यांकन हो चुका है। इसमें 40 हजार शिक्षकों को लगाया गया है।10वीं की परीक्षा 21 मार्च और 12वीं का 25 मार्च को समाप्त हुआ। मूल्यांकन केंद्र में सख्त नियम बनाए गए हैं। केंद्र के अंदर एक बार प्रवेश करने के बाद शिक्षक को बाहर नहीं जाने दिया जाता है। मोबाइल को भी प्रतिबंधित किया गया है।



### दोनों कक्षाओं में गणित में मिलेंगे बोनस अंक

10वीं व 12वीं के गणित में एक-एक बोनस अंक विद्यार्थियों को मिलेंगे। 12वीं के गणित में बहुविकल्पीय सवाल में विकल्प गलत दिए गए थे। वहीं 10वीं के उर्दू विषय में बोनस के दो अंक मिलेंगे। मंडल के जारी निर्देशों में कहा गया है कि 10वीं उर्दू के पेपर में जिन विद्यार्थियों को बी सेट मिला था। उन्होंने यदि प्रश्न क्रमांक-6 को हल करने का प्रयास किया है, उन्हे दो अंक प्रदान किए जाएंगे। वहीं 12वीं में संस्कृत के पेपर में सेट-ए के प्रश्न क्रमांक के पहले सवाल में गलती थी। इसके लिए एक बोनस अंक दिया जाएगा।

### ऑनलाइन मंगाए जा रहे अंक

मूल्यांकन केंद्रों पर उत्तर पुस्तिकाओं को जांचने के बाद ऑनलाइन ही अंकों की प्रविष्टि की जा रही है। वहीं मूल्यांकन केंद्रों पर मंडल मुख्यालय से नजर रखी जा रही है। सभी मूल्यांकन केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इन कैमरों से मंडल मुख्यालय से ही अधिकारी नजर रखेंगे।





# राम की शक्ति पूजा: निराला की कृति पर भोपाल के युवाओं ने तैयार की शार्ट फिल्म

**भोपाल।** भगवान राम, राजा राम या मर्यादा पुरुषोत्तम राम...। पौराणिक कथाओं के माध्यम से, कहानियों- गाथाओं के माध्यम से राम हमारे समाज में हमेशा से विद्यमान रहे हैं। हम कथाओं-कहानियों, गीतों और कविताओं से सीखते आए हैं और उनके नायकों से प्रेरणा लेते आए हैं। राम एक ऐसे नायक हैं जो हम भारतवासियों के आस्था के केंद्र भी हैं और उनसे जुड़ी कथाओं ने हमारा सदैव मार्गदर्शन भी किया है। श्री तुलसीदास और महर्षि वाल्मीकि कृत रामचरित मानस और रामायण विशेष रूप से श्री राम को जानने, पूजने और भजने के लिए महत्वपूर्ण माध्यम रहे हैं।

अगर तथ्यों की बात करें तो भारत और भारत के बाहर भी रामायण या राम की पौराणिक कथा का वर्णन 300 या उससे अधिक भाषाओं और संस्करणों में किया जा चुका है। इनमें प्रचलित भाषाओं के साथ ही स्थानीय बोलियां भी शामिल है। संपूर्ण राम कथा से हट कर श्रीराम का वर्णन या उनसे जुड़ी कहानियों और किस्सों का वर्णन कई भाषाओं में कवियों और महाकवियों ने भी किया है।

हिंदी साहित्य के महाप्राण कहे जाने वाले सूर्यकांत त्रिपाठी निराला ने अपनी एक कृति राम को समर्पित की है और उन्होंने इसे नाम दिया राम की शक्ति पूजा। इस कृति में हमें राजा राम या वनवासी राम नहीं अपितु मानवीय राम का वर्णन मिलता है। जहां तक हम जान सके यह प्रसंग रामायण के बंगला संस्करण से आता है, जिसे महाकवि ने इस कविता में बखूबी दर्शाया है। यह कविता हमारे-आपके और



कवि के अंतर्युद्ध को भी बड़ी निपुणता से पेश करती है। आप देख सकेंगे कि क्या दशा है श्री राम की, जब वह रावण के रथ पर शक्ति को देखते हैं, मानो शक्ति रावण को गोद में रख कर युद्ध लड़ रहीं हैं। अब यहां से रावण अकेला नहीं बल्कि उसके पास स्वयं मां शक्ति है, अब क्या होगा? हम तो शक्ति विहीन हैं। शक्ति अर्थात विजय। अब क्या करें? यहां आते हैं जामवान या जामवंत जो हैं सबसे बुजुर्ग, सबसे अनुभवी। जामवान राघव से कहते हैं कि विचलित होने का नहीं देखता मैं कोई कारण..। जब दशानन अशुद्ध हो कर भी शक्ति का वरण कर सकता है तो आप तो सत्य की राह पर हैं। सो हे पुरुषोत्तम आप आराधन का दृढ़ आराधन से दो उत्तर, शक्ति की करो मौलिक कल्पना, करो पूजन..। और राम युद्ध छोड़ शक्ति की आराधना में लग जाते हैं..और शक्ति उनके समक्ष प्रकट होने को विवश हो जाती है। यह है इस शार्ट फिल्म का परिचय। बीते नौ दिन यानि नवरात्रि शक्ति की उपासना के लिए ही हैं। योग सूत्र में बताया गया है कि हमारे शरीर में ऊर्जा के 7 केंद्र हैं, और जहां तक विदित है हमारी ऊर्जा जीवन भर सबसे निचले केंद्र मूलाधार पर ही सीमित रह जाती है। अगर हम भी श्रीराम की तरह शक्ति की उपासना करें तो कविता में जैसा बताया गया है.. ऊर्जा ऊर्ध्व गति करेगी यानी ऊपर की ओर और सहस्त्रार को पार कर शक्ति का आशीर्वाद प्राप्त कर प्रबुद्धता का, जीवन रूपी संग्राम में विजय का प्रसाद प्राप्त होगा। मन के समस्त द्वंद्व क्षीण और अंतर और बाहर विजय।